* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 52







### षष्ठम विधानसभा का पहला सत्र शुरू : रविंद्रनाथ महतो का सर्वसम्मति से स्पीकर बनना तय

# प्रोटेम स्पीकर ने 80 सदस्यों को दिलायी शपथ

■ सबसे पहले सदन के सदस्य के रूप में हेमंत सोरेन ने ली शपथ | ■ मंत्रियों की शपथ के बाद विधायकों को दिलायी गयी शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता









**रांची।** षष्ठम विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू हो गया। पहले दिन प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सदस्यों को शपथ दिलायी। सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक के रूप में शपथ ली। उनके बाद संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर और अन्य मंत्रियों को शपथ दिलायी गयी। मंत्रिमंडल के सदस्यों के शपथ लेने के बाद प्रोटेम स्पीकर ने एक-एक कर विधायकों को शपथ दिलायी। सभी 80 विधायकों के शपथ लेने के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। झामुमो विधायक रविंद्रनाथ महतो का एक बार फिर स्पीकर बनना तय है। उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना जायेगा।

गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद पांच दिसंबर को 11 विधायकों ने मंत्री के रूप में शपथ ली थी। प्रोटेम स्पीकर के रूप में स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायी गयी थी। विधानसभा में इंडिया गठबंधन में झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के चार और माले के दो विधायक हैं। वहीं, एनडीए में भाजपा के 21, आजसू, जदयू और लोजपा के एक-एक विधायक हैं।

**अलग-अलग भाषाओं का दिखा संगम :** सदन में ज्यादतर सदस्यों ने हिन्दी में शपथ ली। हालांकि अलग-अलग भाषाओं का संगम भी देखने को मिला। घाटशिला के विधायक और स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संथाली भाषा, महागामा की विधायक सह ग्राणीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अंगिका, गिरिडीह के विधायक के रूप में नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने खोरठा, जामताड़ा के विधायक के रूप में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बांग्ला और मधुपुर के विधायक के रूप में जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने उर्दू में शपथ ली।

### प्रोटेम स्पीकर का सीएम ने किया अभिवादन

सत्र शुरू होने से पहले प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी का मुख्यमंत्रीा हेमंत सोरेन ने अभिवादन किया। इसके बाद पहले दिन की कार्यवाही शुरू हुई। सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा। दूसरे दिन यानी मंगलवार को स्पीकर का चयन होगा। बुधवार को राज्यपाल का राज्यपाल का अभिभाषण होगा और दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। साथ ही अनुपूरक बजट पर चर्चा के बाद उसे पारित किया जायेगा।

### "स्पीकर सर्वसम्मति से चुने जाने की उम्मीद: हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आप सभी ने देखा कि आज की कार्यवाही पूरी हो गयी। सभी सदस्यों को शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण संपन्न हो गया। अब मंगलवार को सदन में आगे की प्रक्रिया होगी। हमने विधायक रविंद्रनाथ महतो के नाम का स्पीकर पद के लिए प्रस्ताव किया है। उम्मीद है सर्वसम्मति से उन्हें स्पीकर चुन लिया जायेगा।

### "हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेंगे: बाबूलाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा का काम करता रहेगा। हम पहरेदारी करेंगे। हम सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेंगे। वह शपथ लेने के बाद सदन के बाहर मीडिया से बात कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने सदन में भाजपा विधायक के रूप में शपथ ली।

## सदन का अद्‌भुत नजारा, सदस्य दिखे उत्साहित, 20 पहली बार सदस्य बने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** षष्टम झारखंड विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन अदभुत नजारा दिखा। सदन में एक अलग उत्साह दिखा। सदन का नजारा भी बदला-बदला सा था। सदन में इस बार 20 नये चेहरे दिखे, जो पहली बार चुनाव जीते हैं। 19 ऐसे विधायक हैं, जो पिछली विधानसभा में नहीं थे। यानी इस बार 81 विधायकों में 39 नये विधायक दिखे। चार दल ऐसे दिखे, जिनके एकल सदस्य थे। पहली बार 12 महिलाएं भी सदन में दिखीं। नये सदस्यों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विधायक पद की शपथ लेने के बाद जयराम महतो, पूर्णिमा दास साहू, रागिनी सिंह, मंजू कुमारी, रौशनलाल चौधरी, कुमार उज्ज्वल, शत्रुघ्न महतो, रामसूर्य मुंडा, सुदीप गुड़िया, आलोक सोरेन, धनंजय सोरेन, जगत मांझी, एमटी राजा, सुरेश बैठा, श्वेता सिंह, निशत आलम, नरेश प्रसाद सिंह, निर्मल महतो, चंद्रदेव महतो ने सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरफ जाकर वरिष्ठ माननीयों का अभिवादन किया। कृषि और पशुपालन विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मांडर सीट के विधायक के रूप में शपथ लेते हुए दायें हाथ में संविधान की पुस्तक ले रखी थी।

शपथ लेने से पहले जयराम महतो ही नहीं, कई दूसरे विधायक भी विधानसभा में अलग अंदाज में घुसे। जयराम महतो ने विधानसभा मुख्य द्वार पर सिर झुका कर तथा दंडवत कर प्रणाम किया। वहीं, जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक पूर्णिमा दास, जमुआ से निर्वाचित विधायक मंजू कुमारी आदि ने भी विधानसभा मुख्य द्वार पर सिर झुका कर नमन किया। जरमुंडी से निर्वाचित विधायक देवेंद्र कुंवर ने भी ऐसा किया। विधानसभा को नमन करने वालों में वरिष्ठ विधायक सीपी सिंह और नवीन जायसवाल भी शामिल थे।

## दोनों पक्ष के सदस्य बने रविंद्रनाथ महतो के प्रस्तावक और समर्थक

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष के रूप में रविंद्रनाथ महतो का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। वे लगातार दूसरी बार विधानसभाध्यक्ष होंगे। उन्होंने सोमवार को विधानसभाध्यक्ष पद के लिए सात सेट में नामांकन दाखिल किया। सत्ता पक्ष के अलावा भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा के विधायक भी उनके या तो प्रस्तावक बने या समर्थन किया। उनके नामांकन पत्रों पर प्रस्तावक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर, सुरेश पासवान, बाबूलाल मरांडी, सरयू राय समेत अन्य सदस्य हैं, तो समर्थक के रूप में मथुरा महतो, रामेश्वर उरांव, सीपी सिंह, निर्मल महतो आदि सदस्य हैं। अलग-अलग सेट पर अलग-अलग पस्तावक और समर्थकों ने हस्ताक्षर किया है। अब रविंद्रनाथ महतो के स्पीकर के लिए चयन प्रक्रिया की औपचारिकता को सदन में पूरा किया जायेगा।

### सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

रविंद्रनाथ महतो ने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पिताजी के निधन का आज दूसरा दिन है। पीड़ा में हूं, मन बहुत व्यथित है। मैं स्वीकार नहीं कर पा रहा हूं कि बाबा मेरे साथ नहीं हैं। लेकिन नालावासियों के आशीर्वाद से कर्तव्य पथ पर अटल हूं। आज नयी सरकार के निर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल रहा। बाबा के जीवन के मूल्यों और पदचिह्नों पर चल कर आप सभी देवतुल्य जनता के सेवा, सरोकार और सम्मान के संकल्प को पूरा करने की कोशिश करूंगा।






## जयराम अलग अंदाज में पहुंचे विधानसभा

● विधानसभा को किया प्रणाम, कहा, आस्था का मंदिर है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डुमरी विधानसभा सीट से विधायक चुने गये झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के नेता जयराम महतो सोमवार को अलग अंदाज में झारखंड विधानसभा में दाखिल हुए। सत्र के पहले दिन शर्ट-पैंट और सफेद रंग की जैकेट में जब जयराम महतो विधानसभा पहुंचे, तो वह नंगे पैर थे। हाथ में एक लाल डायरी थी। विधानसभा में दाखिल होने से पहले उन्होंने डायरी को बायीं ओर रखा और घुटने के बल बैठकर सिर झुकाया। विधानसभा के प्रवेश द्वार को नमन किया। फिर डायरी उठाकर गेट के पास खड़े पुलिस वालों से पूछकर अंदर दाखिल हो गये।

**सहयोगियों को नहीं भूले जयराम :** जयराम का नंगे पांव आना या विधानसभा को प्रणाम करना ही केवल खासियत नहीं थी। उन्होंने जो टी-शर्ट पहना था, वह भी अपने आप में एक अलग संदेश दे रहा था। टी-शर्ट पर उनके दो सहयोगी विकास महतो और प्रकाश महतो की तस्वीर थी। ये दोनों पार्टी गठन के समय जयराम महतो के साथ था। एक सड़क दुर्घचना में दोनों की मौत हो गयी थी। जयराम अपने दोनों सहयोगी को इस खास दिन भूले नहीं थे। उन्हें टी-शर्ट पर तस्वीर के रूप में साथ लेकर आये थे।

**आस्था का देश है भारत :** जयराम महतो ने कहा कि भारत आस्था का देश है। किसी की आस्था मंदिर में है, तो किसी की मस्जिद में। किसी की आस्था गिरिजाघर में है, तो किसी की गुरुद्वारा में। इस देश में 70 फीसदी किसान हैं। देश के एक प्रधानमंत्री ने कहा था कि एक नजर रखना खेत-खलिहान पर, एक नजर रखना लाल किला के मचान पर। लाल किला के मचान का आशय लोकतंत्र के मंदिर से है। लोकसभा और विधानसभा से है। यहां हजारों-लाखों, करोड़ों किसानों की आस्था है। हम मंदिर या मस्जिद में जूता-चप्पल खोलकर पूरी आस्था से उसमें प्रवेश करते हैं। करोड़ों लोगों की आस्था झारखंड विधानसभा से जुड़ी है। लोकतंत्र का यह मंदिर किसी धार्मिक स्थल से ज्यादा महत्वपूर्ण है। आस्था के केंद्र में पहली बार दाखिल होने जा रहा हूं। लाखों लोगों की उम्मीदों को लेकर मैं विधानसभा में जा रहा हूं। उन्होंने लाल डायरी पर कहा कि विधानसभा में जो शपथ लेंगे, उसको डायरी में लिखेंगे।

## सदन में दिखी कल्पना की नम्रता और सादगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने सोमवार को एक बार फिर अपनी नम्रता और सादगी से सभी का दिल जीत लिया। मौका था विधानसभा में सदस्यों के शपथ ग्रहण का। सामान्य सदस्यों की तरह वह भी सदन में पहुंचीं। उनकी सीट दूसरे ब्लॉक में दो सीट पीछे थी। लुइस मरांडी के बगल में वह बैठी थीं। प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी ने सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ ग्रहण कराना शुरू किया। इसके बाद एक-एक विधायकों का क्रम शुरू हुआ। इस दौरान वह शांत, गंभीर और खुशी के मिश्रण वाले भाव के साथ सदन की कार्यवाही को देख रही थीं। एक मौका ऐसा भी आया, जब शपथ लेने के लिए उनका नाम पुकारा गया।

**टेबुल की थाप से गूंजा सदन:** प्रोटेम स्पीकर ने कल्पना सोरेन का नाम शपथ लेने के लिए पुकारा। उनके नाम को पुकारे जाने के साथ ही पूरे सदन के सदस्य उत्साहित हो गये। अधिकतर सदस्यों ने टेबुल थपथपा कर कल्पना का स्वागत किया। हरा ब्लेजर पहने कल्पना ने हिंदी में शपथ ली। इसके बाद सेंटर टेबुल पर जा कर हस्ताक्षर किया।

**बड़ों का आशीर्वाद लेने से नहीं चूकीं :** हस्ताक्षर करने के बाद कल्पना प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी के पास गयीं और उनका पैर छू कर आशीर्वाद लिया। कल्पना सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों के साथ हर्ष के साथ मिलीं। खास बात यह रही कि इस दौरान वह वरिष्ठ सदस्यों से आशीर्वाद लेने से नहीं चूकीं, चाहे वे विपक्ष के सदस्य क्यों न हों। भाजपा के बाबूलाल मरांडी हों या चंपाई सोरेन या फिर जदयू के सरयू राय, कल्पना ने सभी को पांव छू कर प्रणाम किया। अन्य सदस्यों का अभिवादन किया। अंत में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी उन्होंने आशीर्वाद लिया।









सर्राफा
| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,000 रु./10 ग्राम | |
| चांदी | 96,000 रु./प्रति किलो | |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# जयराम ने पहले दिन ही दिखाया, राजनीति उनके लिए पेशा नहीं मिशन है

## ■ नंगे पैर और साष्टांग प्रणाम कर विधानसभा में इंट्री मार खींचा सबका ध्यान

## ■ कुड़माली भाषा में ली शपथ, टी शर्ट पर विकास-प्रकाश की तस्वीर से दे डाला मैसेज

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र 9 दिसंबर को शुरू हुआ। यह सत्र नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के अलावा स्पीकर के चुनाव के लिए आहूत किया गया है। सत्र के पहले दिन विधायकों ने अलग-अलग अंदाज में सदन में इंट्री ली और अपने-अपने तरीके से शपथ ली। इन सभी में जिस एक विधायक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा, वह थे जयराम महतो, जो डुमरी विधानसभा क्षेत्र से चुने गये हैं। वह नवगठित झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा यानी जेएलकेएम के अकेले विधायक हैं और पहली बार निर्वाचित हुए हैं। जयराम महतो झारखंड की राजनीति में एक धूम्रकेतु की तरह आये हैं और उनकी विधानसभा में इंट्री भी धमाकेदार तरीके से हुई। वह जिस राजनीति के लिए जाने जाते हैं और जिस तरह का फकीराना जीवन जीते हैं, उसके अनुरूप ही उन्होंने विधायक पद की शपथ ली। वह नंगे पैर थे और विधानसभा में प्रवेश से पहले जमीन पर साष्टांग लेट कर लोकतंत्र के इस मंदिर को उन्होंने प्रणाम किया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जयराम महतो की आस्था व्यक्त होती है। उन्होंने कहा भी कि जिस तरह लोग अपने धर्मस्थलों में नंगे पैर प्रवेश करते हैं, उसी तरह वह विधानसभा को अपना धर्मस्थल मानते हैं और इसलिए उसके अंदर नंगे पैर ही जा रहे हैं। जयराम महतो की विधानसभा में इंट्री ने झारखंड के लोगों में एक नयी उम्मीद जगायी है और ऐसा लगता है कि वह वाकई कई लोगों की आवाज बनेंगे। यही नहीं, उन्होंने जो टी शर्ट पहनी थी, उससे भी वे बड़ा मैसेज दे गये। उस टी शर्ट पर दो युवाओं की तसवीर प्रिंटेड थी। एकबारगी तो उस दौरान यही लगा कि ऐसी ही कोई टी शर्ट जयराम महतो ने पहन रखी है, लेकिन जब हकीकत सामने आयी, तो इसने एक बड़ा मैसेज समाज में छोड़ा। दरअसल उस टी शर्ट पर आंदोलन में शुरू दिनों के दो सक्रिय साथियों की तसवीर थी, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। चूंकि उन दोनों ने बचपन से जयराम के साथ यारी निभायी थी और आंदोलन में भी साथ थे, लेकिन अचानक सरस्वती पूजा में एक सड़क हादसे में दोनों जयराम का साथ छोड़ गये। उनके जाने के बाद जयराम महतो अंदर से पूरी तरह विचलित हो गये थे। उन्हीं की याद में वह अमूमन वह टी शर्ट पहन कर अपना प्रेम प्रदर्शित करते हैं। समाज को यह मैसेज भी दे रहे हैं कि जिसने आंदोलन में उनका साथ दिया, उसके प्रति उनका फर्ज क्या है। क्या है जयराम महतो की इस धमाकेदार इंट्री और उनकी सादगी का सियासी मतलब, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह




झारखंड में इस साल हुए दो चुनावों ने झारखंड को दो नये सियासी चेहरे दिये हैं। एक को परिस्थितियों ने नेता बनाया, तो दूसरे को अपना हित-अधिकार हासिल करने के लिए सियासी रास्ते पर चलना पड़ा। इनमें से एक हैं कल्पना सोरेन, जिन्हें उनके पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद पैदा हुई परिस्थितियों ने सियासत की पथरीली राह पर चलने को मजबूर किया, और इस दौरान देखते ही देखते वह झारखंड की स्टार नेता बन गयीं, जबकि दूसरे हैं जयराम महतो, जिन्होंने झारखंडी भाषा और खतियानी रैयतों का अधिकार हासिल करने के लिए यह रास्ता चुना है। जयराम महतो आज पूरे झारखंड में जाना-पहचाना नाम बन गये हैं, क्योंकि चुनावी राजनीति में उन्होंने धमाकेदार इंट्री ली और फिर विधायक बनने के बाद 9 दिसंबर को विधानसभा में उनकी इंट्री उससे भी अधिक धमाकेदार रही। जयराम महतो की इस धमाकेदार इंट्री से झारखंड के लोगों की उम्मीदें बढ़ गयी हैं।

### कुड़माली भाषा में बिना पढ़े ही शपथ ली

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा नाम से अपनी पार्टी बना कर पहली बार डुमरी से विधायक चुने गये जयराम महतो ने झारखंड विधानसभा में अनोखे अंदाज में शपथ ली। उन्होंने कुड़माली भाषा में बिना पढ़े ही शपथ ली। विधानसभा में यह पहली बार हुआ है। शपथ के दौरान उनका कॉन्फिडेंस साफ झलक रहा था। आगे की राजनीति में उनकी क्या तैयारी है, यह बिना पढ़े शपथ लेने से भी पता चलता है।

### जयराम महतो की टी-शर्ट भी चर्चा में

जयराम महतो ने शपथ लेने के दौरान जो टी-शर्ट पहन रखी थी, वह भी चर्चा में रही। इस शर्ट पर दो युवकों के चित्र थे और अंग्रेजी में संदेश लिखा था, मिस यू चैंप्स फॉरएवर (यानी हम हमेशा तुम चैंपियनों की कमी महसूस करते हैं)। वे तस्वीरें विकास और प्रकाश की थीं, जो जयराम महतो के करीबी मित्र थे और उनके गांव के ही थे। दोनों आंदोलन में भी उनेक साथी थे। दो साल पहले एक सड़क हादसे में उन दोनों की मौत हो गयी थी। तब से लेकर आज तक जयराम महतो ने कभी भी उनकी तस्वीर के बिना कोई काम नहीं किया। जयराम का यह अंदाज दर्शाता है कि जिन्होंने उनके संघर्ष के दिनों में साथ दिया, उसे वह कभी भूलते नहीं।

### इंट्री भी रही खास

जयराम महतो ने विधानसभा में पहले दिन एक खास अंदाज में इंट्री की। सफेद रंग की जैकेट पहने, नंगे पांव विधानसभा में दाखिल होकर उन्होंने साष्टांग प्रणाम किया, जो चर्चा का केंद्र बन गया। जयराम का यह आदर्श और सादगी भरा प्रदर्शन सभी को प्रेरित कर रहा है।

### 2014 में मोदी की याद ताजा कर दी

जयराम महतो ने विधानसभा में जिस तरह प्रवेश किया, उससे 2014 में लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की याद ताजा हो गयी। जयराम महतो ने विधानसभा में प्रवेश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंदाज में मत्था टेक कर सदन के प्रवेश द्वार को प्रणाम किया। मत्था टेकने के बाद ही जयराम महतो विधानसभा के अंदर घुसे। इस दौरान उनके हाथ में लाल रंग की डायरी थी, जिसमें उन्होंने शपथ की पंक्तियां लिख रखी थीं।

### जयराम महतो से हैं उम्मीदें

इस विधानसभा चुनाव में जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम का जो प्रदर्शन रहा है, यह दर्शाता है कि उनसे लोगों की कितनी उम्मीदें हैं। उनके समर्थकों और उनके मतदाताओं को जयराम महतो से उम्मीद है कि वह अपने वादे के मुताबिक युवाओं की आवाज, रोजगार, स्थानीय नीति और झारखंड के हित के मुद्दे को भी जोर-शोर से उठायेंगे।

### झारखंड की सियासी हलचल हैं

30 वर्षीय जयराम महतो ने पिछले कुछ दिनों में झारखंड की राजनीति में हलचल मचा रखी है। विधानसभा चुनाव में जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने सिर्फ एक सीट हासिल की, लेकिन उनकी पार्टी ने सबसे अधिक 71 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ कर करीब 12 लाख वोट हासिल किये। जयराम महतो की पार्टी के वोट के कारण ही भाजपा और आजसू पार्टी समेत कई अन्य उम्मीदवारों का सियासी गणित गड़बड़ा गया। जेएलकेएम उम्मीदवारों के कारण भाजपा और आजसू को काफी नुकसान उठाना पड़ा।

### बचपन से अब तक का पूरा जीवन संघर्षों में बीता

झारखंड में 81 निर्वाचित विधायकों में जयराम महतो की संपत्ति सबसे कम है। वह खुद भी बताते हैं कि उनका जीवन संघर्षों भरा रहा है। जयराम महतो का संघर्ष मां के गर्भ से ही शुरू हो चुका था और जन्म के कुछ ही दिनों में अंधविश्वास के कारण नानी उन्हें अपने साथ ले गयीं। वह अपनी मां का दूध भी पी नहीं सके। जयराम बताते हैं कि उनके जन्म के पहले उनके दो बड़े भाइयों की जन्म के कुछ दिनों बाद मौत हो गयी थी, जिसके बाद गांव-घर के लोगों का मानना था कि जिस घर में वह रहते थे, उस घर में जरूर किसी न किसी का साया है। इसी कारण बच्चों की मौत हो रही है। इसी कारण जन्म के बाद नानी उन्हें अपने साथ ले गयीं।

### आक्रामक भाषण शैली के कारण युवाओं में लोकप्रिय

लोकसभा और विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान गाड़ी के बोनट पर खड़े होकर भाषण देनेवाले जयराम महतो आम युवाओं की तरह जींस और टी-शर्ट पहनते हैं। आक्रामक भाषण शैली के कारण युवाओं में वह खासे लोकप्रिय हैं। युवा टाइगर के रूप में चर्चित जयराम महतो के भाषण में सिर्फ स्थानीय मुद्दे, युवाओं को रोजगार, भाषा और अपने हक-अधिकार की बातें होती हैं। जींस और टी-शर्ट पहने इस नेता की बातें भी स्थानीय भाषा में इस तरह से सीधी-सरल होती हैं कि उन्हें सुनने आये ग्रामीणों पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ता है। रांची, बोकारो, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ और धनबाद जिले में गांव-गांव घूम कर अपने संगठन को मजबूत बनाने वाले जयराम महतो से झारखंड के लोगों को बहुत उम्मीद है। जयराम महतो खुद स्वीकार करते हैं कि कई बड़े दल उन्हें साथ आने का ऑफर दे रहे थे, लेकिन उन्होंने जनता के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के लिए झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति नामक संगठन बनाया है। अब एक विधायक के रूप में वह अपने मुद्दों को और अधिक प्रभावी तरीके से उठा सकेंगे।

# शेर दिल सोरेन बरकरार- आसामी, गुजराती और भोपाली सभी फरार, रांची में लगा ये पोस्टर बना चर्चा का विषय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में इन दिनों एक पोस्टर चर्चा का विषय बना हुआ है। चौक चौराहों पर एक बेनाम पोस्टर लगा हुआ है। इस पोस्टर की चर्चा अब सोशल मीडिया पर खूब तेजी से होने लगी है। हेमंत सोरेन के समर्थकों ने इस बेनाम पोस्टर के जरिए विपक्ष पर जम कर निशान साधा है। पोस्टर पर लिखा हुआ है, झारखंडी सपूत शेर दिल सोरेन बरकरार। आसामी, गुजराती, भोपाली सभी फरार। दरअसल, ये पोस्टर रांची के मुख्य





चौक चौराहों पर लगाये गये हैं, जहां से सभी विधायक और मंत्री गुजरते हैं। गौरतलब हो कि इस पोस्टर में इस्तेमाल किये गये शब्दों को लेकर चर्चा तेज है कि आखिर आसामी, गुजराती और भोपाली शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है। इस पोस्टर के शब्दों को लोग अपने हिसाब से परिभाषित भी कर रहे है। आसामी का मतलब हेमंत विस्वा सरमा, गुजराती का मतलब अमित शाह और भोपाली का मतलब शिवराज सिंह चौहान से लगाया जा रहा है।

# बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग से छेड़छाड़, डीसी ने दिये जांच के आदेश

**बिना इजाजत शिवलिंग और अरघा की हुई मरम्मत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/देवघर।** विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योर्तिलिंग बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग और अरघा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर तस्वीर साझा की है। इसमें नजर आ रहा है कि शिवलिंग और अरघा के आसपास सीमेंट का लेप जैसा कुछ लगा है। इस तस्वीर ने इलाके में बवाल मचा दी है। चर्चा का बाजार गर्म है। सवाल उठ रहा है कि आखिर बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग से किसने छेड़छाड़ की है। इस बात का संज्ञान लेते हुए देवघर डीसी ने जांच के आदेश दे दिये हैं। सांसद ने लिखा है-द्वादश



ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ तथा 51 शक्तिपीठों में से एक हृदय पीठ देवघर में झारखंड सरकार का यह अनर्थ, शिवलिंग पर सीमेंट धार्मिक आस्था पर कांग्रेस सरकार का सीधा प्रहार है।

उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से बाबा मंदिर के गर्भगृह में किये गये कार्यों से जुड़े मामले को संज्ञान लेते हुए मंदिर प्रभारी को जांच कर प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है। साथ ही अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

**अब जानिए क्या है पूरा मामला**

जानकारी के मुताबिक, शनिवार को बाबा मंदिर के गर्भ गृह में विशेष सफाई की बात कह कर परिसर में सूचना फैला कर दोपहर तीन बजे ही मंदिर का पट बंद कर दिया गया। उसके बाद मंदिर का पट श्रृंगार पूजा के दौरान खोला गया और पूजा की गयी।

जब दोबारा रविवार को मंदिर का पट खोला गया तो शिवलिंग का रूप बदला हुआ था। इसके ऊपर सीमेंट जैसी चीज लगी थी। आरोप है कि बाबा मंदिर को बंद कर सफाई के नाम पर शिवलिंग पर किसी चीज का लेप लगाया गया तथा गर्भगृह में टूटे हुए कुछ टाइल्स बदले गये। पुरोहितों का कहना है कि कोर्ट के निर्देश के अनुसार मंदिरों के गर्भगृह में किसी तरह का काम करने से पहले मंदिर प्रशासन को पुरोहित समाज तथा सरदार पंडा की स्वीकृति लेना अनिवार्य है।

**पौराणिकता और धार्मिक मान्यताओं के विपरीत**

इस बावत पंडा धर्मरक्षिणी सभा के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर खवाड़े ने बताया- मंदिर में प्रशासन धार्मिक भावनाओं को हताहत करते हुए आम जनमानस को बिना कुछ बताये पौराणिकता और धार्मिक मान्यताओं के विपरीत काम कर रहा है। सभा इसका विरोध करती है।

# इसाकपुर का दीवान पीर मजार और लंगटा मसान मंदिर को पर्यटन विभाग देगा नयी पहचान

**धार्मिक स्थल के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में होगा सौंदर्यीकरण, उन्नयन का काम**

कार्तिक कुमार

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** पाकुड़ के लोगों के लिए दो अच्छी खबर है। खबर यह है कि राज्य सरकार के पर्यटन एवं खेलकूद विभाग ने पाकुड़ के चर्चित धार्मिक स्थान इसाकपुर के दीवान पीर मजार और हिरणपुर के लंगटा मसान मंदिर के उन्नयन और सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति दी है। पर्यटन विभाग की संवर्धन समिति की अनुशंसा पर इन दोनों धार्मिक स्थलों को ग्रेट डी की श्रेणी में अपग्रेड कर इस स्थल का सौंदर्यीकरण के साथ-साथ उन्नयन का कार्य होना है। राज्य सरकार के पर्यटन एवं खेलकूद विभाग के मंत्री से अनुमोदन के पश्चात संबंधित विभागीय सचिव मनोज कुमार द्वारा जारी 7 नवंबर 2024 के पत्र के माध्यम से डीसी पाकुड़ को जानकारी उपलब्ध करा दी गयी है। साथ ही लिट्टीपाड़ा में स्थित कंचनगढ़ का गुफा और हिरणपुर का धरनी पहाड़ मंदिर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सी ग्रेड में अपग्रेड कर पर्यटन विभाग ने स्वीकृति दी है। इस संबंध में जिला खेलकूद पदाधिकारी सह जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि इन दोनों धार्मिक स्थल और पर्यटक स्थल को विकसित करने के लिए विभाग से स्वीकृत पत्र






प्राप्त हुआ है, आने वाले समय में जल्द ही इन दोनों इन चारों स्थलों को विकसित किया जायेगा। निश्चित रूप से पाकुड़ में धार्मिक स्थल के साथ-साथ पर्यटक स्थल को विकसित किये जाने से पर्यटन विभाग की इस अनोखी पहल से पाकुड़ का पर्यटक स्थल के साथ-साथ धार्मिक स्थल की पहचान झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर नाम दिखेगा और आने वाले समय में यहां सैलानियों के आने की संख्या भी बढ़ेगी।

### क्यों खास है लंगटा मसान मंदिर

लंगटा मसान मंदिर के बारे में ऐसी मान्यता है कि यह मंदिर हिरणपुर के रानीपुर गांव में स्थित है और यहां के लोगों का जमाने से कुल देवता के रूप में लोग यहां पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। गांव के साथ-साथ आसपास के लोगों की भी इस मंदिर और बाबा के प्रति आस्था जगी और लोग यहां आये दिन पूजा, पाठ अर्चना करने पहुंचते हैं। बताया जाता है कि पहले यहां गांव के लोगों का जानवर गुम हो जातस या फिर खेती, फसल का नुकसान होने पर यहां लोग पहुंचकर मन्नतें मांगते थे और उनकी मन्नत पूरी होने पर लोग खुशी से यहां बलि के साथ-साथ शराब, गांजा, महुआ का चढ़ावा करते थे। दिनों दिन यहां के प्रति लोगों की आस्था बढ़ती गयी। आज पाकुड़ और पड़ोसी जिला पश्चिम बंगाल के भी लोगों का इस मंदिर के प्रति आस्था, झुकाव हुआ है। आये दिन यहां लोग पहुंच कर पूजा अर्चना करते हैं। हालांकि इस मंदिर तक पहुंचने के लिए अब तक रास्ता नहीं बन पाया है। लेकिन आने वाले समय में अब निश्चित रूप से मंदिर के साथ साथ इस स्थल का भी विकास होगा।

### इसाकपुर का दीवान पीर मजार का महत्व

पाकुड़ शहर से सटे इसाकपुर में स्थित दीवान पीर मजार यहां लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां लोग खासकर उर्स, मोहर्रम और सर्वे बारात में पहुंच कर चादरपोशी कर दुआ मांगते हैं। खासकर पाकुड़ शहर के साथ-साथ पश्चिम बंगाल इलाके से भी लोग यहां पर पहुंच कर चादरपोशी कर अपनी मन्नत मांगते हैं, मन्नतें पूरी होने पर यहां लोग पहुंच कर प्रसाद का चढ़ावा देते हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 14.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.18 बजे |




झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी का अभिवादन करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।


झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अभिवादन करते संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. 2486 Date: 07.12.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd., invites tender from interested bidders for printing and supply of CTS CHEQUEBOOKS for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
Last date for submission of bids: 30.12.2024 till 12.00 noon.
For eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi


## मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की दी शुभकामनाएं

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य सोनिया गांधी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

### सीएम हेमंत सोरेन ने स्मार्ट सिटी में बन रहे मंत्रियों के बंगलों का किया निरीक्षण

# 15 जनवरी तक मंत्रियों के आवास पूर्ण करें : हेमंत





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को स्मार्ट सिटी रांची में राज्य सरकार के मंत्रियों के लिए बने नवनिर्मित आवास सहित पूरे आवासीय परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित आवास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित आवास एवं पूरे आवासीय परिसर के सभी कार्य 15 जनवरी 2025 तक पूर्ण कर लिये जायें ताकि मंत्रियों को आवास आवंटित किये जा सके। बता दें की स्मार्ट सिटी परिसर में 11 मंत्री आवास बनाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आवासीय परिसर में बने क्लब हाउस, बैडमिंटन कोर्ट तथा पुलिस बैरेक इत्यादि का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं से संबंधित आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने आवासीय परिसर में बच्चों के खेलने की व्यवस्था, झूला इत्यादि लगाने का भी निर्देश दिये। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, सचिव भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल, सीइओ स्मार्ट सिटी अमित कुमार, जीएम स्मार्ट सिटी राकेश नंदकुलियार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### क्या है मंत्रियों के बंगलों की खासियत

- प्रत्येक डुप्लेक्स का बिल्टअप एरिया 7500 वर्गफीट है
- 2500 वर्गफीट का मीटिंग रूम है
- चारों ओर फोर लेन सड़कों की कनेक्टिविटी
- मंत्रियों को प्रोजेक्ट भवन पहुंचने में दो से तीन मिनट का लगेगा समय
- हर बंग्लो में सेंट्रलाइज्ज एसी की है व्यवस्था
- हर बंग्लो में कुल पांच बेडरूम होंगे
- डाइनिंग हॉल, ड्राइंग रूम के साथ मॉड्यूलर स्मार्ट किचन की भी है व्यवस्था

### वास्तु के हिसाब से तैयार किया गया है बंगलों

मंत्रियों के बंगलों का निर्माण पूरी तरह से वास्तु के हिसाब से किया गया है। सभी बंगलों का मुख्य द्वार वास्तु के हिसाब से पूरब की ओर रखा गया है। दरवाजा-खिड़की भी वास्तु के हिसाब से फिट किये गये हैं। इसमें स्विमिंग पुल, जिम, प्ले जोन, बॉलीबॉल, बैडमिंटन कोर्ट भी बनाये गये हैं। पूरे एरिया को हरा-भरा बनाया गया है। इसमें क्लब हाउस की भी सुविधा उपलब्ध करायी गयी है।

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पदभार ग्रहण किया

## दुग्ध उत्पादक किसानों को अब 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि मिलेगी : शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पार्टी ने युवा कंधों पर भारी जिम्मेदारी दे दी है। विभाग की अपनी चुनौतियां हैं। इससे निपटने के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया गया है। इस पर काम करने का समय आ गया है। कृषि विभाग की चुनौती को स्वीकार करने के साथ-साथ गौरव भी महसूस हो रहा है। राज्य की 70 फीसदी आबादी की नजर इस विभाग पर है। योगदान के बाद सोमवार को कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने उक्त बातें कहीं। हम उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। कृषि विभाग के पूरे सिस्टम को व्यवस्थित किया जायेगा। सप्लाई चेन को मजबूत किया जायेगा। हाल में हुए आलू संकट का मुख्य कारण कोल्ड स्टोरेज का नहीं होना है। हमारे विधानसभा क्षेत्र में ही कोल्ड स्टोरेज हैं, लेकिन ठीक से संचालित नहीं हो रहे है।

**अब एनपीए खाताधारी का कर्ज माफी पर कार्रवाई**

**राज्य की 70 फीसदी आबादी की नजर कृषि विभाग पर**

इनको दुरुस्त किया जायेगा। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय राज्य का प्राइम संस्थान है। इसकी खोई हुई गरिमा को प्राप्त करने की कोशिश की जायेगी। अनुसंधान पर काम होगा। सहकारिता विकास को बेहतर दिशा दे सकता है। जो संस्थाएं किसानों को सुविधाएं नहीं दे रही हैं, उनको चिह्नित किया जायेगा। किसानों की योजनाओं में भी इ-गर्वनेंस लागू होगा। इससे किसानों को जोड़ा जायेगा। अभी किसानों का दो लाख रुपये तक का केसीसी लोन माफ हुआ है। अब एनपीए खाताधारी का ऋण माफ करने की प्रक्रिया भी होगी। बिचौलियों से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा स्कीम में डीबीटी लाया जायेगा। इसके लिए एक मैकेनिज्म विकसित करेंगे। सिंचाई सुविधा दुरुस्त करने के लिए दूसरे विभागों से भी समन्वय किया जायेगा। कृषि को समूह बना कर काम करने की जरूरत है। इसके लिए एफपीओ को बढ़ावा दिया जायेगा। अच्छा करने वाले एफपीओ को प्रोत्साहित किया जायेगा। कॉमर्शियल फार्मिंग आज की जरूरत है। एग्री-इंटरप्रोन्योरशिप विकसित किया जायेगा। अत्याधुनिक कृषि के लिए ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित किया जायेगा। योगदान करने के बाद मंत्री ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए झारखंड मिल्क फेडरेशन मेधा से संबंधित दुग्ध उत्पादक किसानों को तीन रुपये की बजाय पांच रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि देने की संचिका पर अपनी सहमति दे दी।

## सीसीएल, बीसीसीएल, पोस्ट ऑफिस, सेल, रेलवे से बकाया 200 करोड़ होल्डिंग टैक्स वसूलेगी राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के निर्देश के बाद राज्य अंतर्गत विभिन्न केंद्रीय संस्थानों सीसीएल, बीसीसीएल, पोस्ट ऑफिस, सेल, रेलवे इत्यादि से बकाया होल्डिंग टैक्स की वसूली की जायेगी। सभी निकायों को इसके लिए विशेष

**सभी केंद्रीय संस्थाओं को बकाया भुगतान करने के लिए नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है**

निर्देश दिये जायेंगे। मिली जानकारी के अनुसार इन संस्थानों के पास करीब 200 करोड़ रुपये तक का होल्डिंग टैक्स बकाया है, ऐसे में राजस्व वसूली के साथ सभी केंद्रीय संस्थाओं को बकाया भुगतान करने के लिए नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के वैसे भवन जहां से होल्डिंग टैक्स नहीं मिल रहा है, वहां से होल्डिंग लेने की प्रकिया शुरू की जायेगी। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ-समन्वय करके बजटीय प्रावधान करने को कहा है। इसके अलावा झारखंड के उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार औद्योगिक क्षेत्र के मामले में जमशेदपुर, जिसे विशेष क्षेत्र से औद्योगिक नगरी का दर्जा प्राप्त है, को छोड़ कर अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों से होल्डिंग टैक्स वसूलने को कहा गया है।

## कार्य में शिथिलता बर्दाश्त नहीं, राजस्व संग्रहण पर दें जोर : दीपक बिरुआ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजस्व, भूमि सुधार एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद सोमवार को एक्शन मोड में नजर आये। उन्होंने विभागीय मंत्री के तौर पर पद ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। सबसे पहले भू-राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में कार्य में शिथिलता नहीं बरती जाये। विभागीय पदाधिकारियों को राजस्व संग्रहण बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दिसंबर के बाद भू-राजस्व के संदर्भ में सभी प्रमंडलीय आयुक्तों के साथ बैठक आयोजित करें। तत्पश्चात जिला स्तर में कार्यों की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने परिवहन सचिव और भू-राजस्व विभाग के सचिव को इसके लिए स्पष्ट निर्देश दिया।

### डॉ इरफान अंसारी ने संभाला कार्यभार, कहा-

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में लायेंगे बड़ा बदलाव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंत्री इरफान अंसारी ने सोमवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले और आपदा प्रबंधन विभाग का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक डॉक्टर होने के नाते उन्हें इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गयी है, इसमें वे बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करेंगे। जो सोच लेकर वे इस विभाग में आये हैं, उसे हर हाल में साकार करने और पूरा करने का प्रयास करेंगे। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं की चर्चा की। उम्मीद जतायी कि इससे पूरे राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण बनाने में मदद मिलेगी। उनकी दूरदर्शी योजनाएं स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने, सेवाओं का विस्तार करने और स्वास्थ्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित हैं। इसके अलावा मंत्री ने मानवीय गरिमा बनाये रखने और स्वास्थ्य प्राथमिकता का संकल्प जताते कहा कि निजी अस्पतालों द्वारा बिल न चुकाने पर मृतकों के शव रोकने की अमानवीय प्रथा निंदनीय है। कहा कि कोई भी परिवार अपने प्रियजन को खोने के बाद आर्थिक मांगों के कारण और अधिक मानसिक आघात नहीं झेले। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि अस्पताल शवों को तुरंत रिहा करें और वित्तीय मामलों का समाधान अलग से मानवीय दृष्टिकोण के साथ किया जाये।

### पूर्व सीओ को निंदन का दंड

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और तत्कालीन अंचल अधिकारी हुसैनाबाद पलामू, विपिन कुमार दुबे को निंदन का दंड दिया गया है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने संकल्प जारी कर यह दिया है। उनके ऊपर अपने कार्यकाल के दौरान चार आरोप लगे थे। झारखंड पब्लिक लैंड इंक्रोचमेंट हटाने के क्रम में सुनवाई किये बिना आदेश पारित करने का आरोप है। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने के लिए अधिनियम का पूरा पालन नहीं किया गया है, विरोध करने पर एक व्यक्ति पर केस भी किया गया, बाद में वापस भी लिया गया। इसके अलावा भी कर्तव्य का पालन नहीं करने, उच्चाधिकारियों के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप है।

## भ्रष्टाचार के गढ़ बन चुके हैं शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग: बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने कहा झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विभाग, जिनसे राज्य की नींव मजबूत होनी चाहिए, अब भ्रष्टाचार की बुनियाद पर खड़े होकर भ्रष्टाचार का गढ़ बन गये हैं। कहा सिर्फ 2024 में अब तक 39 अधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है, वहीं इडी ने 2024 में 39.28 करोड़ रुपये नकद जब्त किये, जो 2022 के आंकड़े से लगभग दोगुना है। यह स्थिति सरकार और प्रशासन की नाकामी को उजागर करती है। बार-बार रिश्वत में पकड़े जाने वाले कर्मचारियों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं करना दर्शाता है कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की सरकार की मंशा ही नहीं है। कहा कि यह कितना शर्मनाक है कि जिन विभागों का कार्य आम जनता को राहत देना है, वे जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे हैं। कहा कि सरकार की लचर नीतियां और कमजोर व्यवस्था ने भ्रष्टाचारियों को खुली छूट दे रखी है, ऐसे में झारखंड का विकास एक सपना बनकर रह गया है।

## बड़कागांव में जेंडर अभियान हिंसा के खिलाफ राष्ट्रीय जागरूकता अभियान



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सांढ पंचायत में नई चेतना पर आधारित जेंडर अभियान हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान के तहत जागरूकता चलाया गया। जिसमें जेंडर आधारित हिस्सा के खिलाफ एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, महिला तस्करी, दहेज प्रथा और बाल विवाह जैसे ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार के द्वारा नई चेतना के तहत जेंडर आधारित हिस्सा के विरोध राष्ट्रीय अभियान का एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने बताया कि जेंडर आधारित हिस्सा जिसमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, महिला तस्करी, दहेज प्रथा ,बाल विवाह, बाल मजदूरी साइबर क्राइम इत्यादि विषयों में विशेष जागरूकता अभियान में दी जा रही हैं। वहीं पूर्व भीखन महतो ने कहां की एसे विषयों में भविष्य में इन विषयों के विरुद्ध काबू पाया जा सके इसीलिए समय-समय पर जागरूकता अभियान होना अनिवार्य है। इस मौके पर मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उपप्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व मुखिया भीखन महतो, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, पूर्व डीएसपी मुटुकधारी महतो, पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे, रितेश ठाकुर, गिन्नी वर्मा, बिना कुमारी, संगीता कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष शंभू सोनी, पूर्व प्रबंधक समिति अध्यक्ष अजीत कुमार, खिरोधर महतो, इंग्लिश सोनी, पिंटू कुमार सहित अन्य महिला पुरुष शामिल थे।

## शॉर्ट सर्किट से बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करचैता में सोमवार की सुबह अचानक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गयी। इससे बिजली सेवा पूरी तरह से ठप हो गयी। जानकारी के अनुसार सतगावां प्रखंड क्षेत्र के करचैता सहित महथाडीह, तिलहटिया सहित अन्य गांव के ट्रांसफॉर्मर में आग लगी थी। बारिश के बीच ट्रांसफॉर्मर धू-धू कर जलने लगा था। बिजली नहीं होने से 30 से 35 घर प्रभावित होंगे। स्थानीय निवासी नवलेश कुमार ने बताया कि बिजली नहीं होने से घर में तो परेशानी होगी ही साथ ही किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए भी दिक्कत होगी। एक ही ट्रांसफॉर्मर में ज्यादा लोड होने के कारण आग लगने की बात सामने आ रही है। इससे पहले भी 6 माह पूर्व ट्रांसफॉर्मर में आग लग चुकी है। हालांकि बिजली विभाग की ओर से समय पर ठीक करा दिया जाता है। इसके अलावा लोगों ने कहा कि कई बार कनीय अभियंता और एसडीओ को इसकी सूचना दी गयी है। इसके बाद भी स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

## लिपिक के निधन पर शोक सभा का आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में सतगावां में पदस्थापित लिपिक सहदेव राम के निधन पर जयनगर प्रखंड और अंचल कर्मियों के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया। वहां दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रख कर प्रार्थना की गयी। बता दें कि कोडरमा चाराडीह निवासी सहदेव राम प्रखंड कार्यालय सतगावां में कार्यरत थे। जिनका इलाज रिम्स रांची में चल रहा था। सोमवार सुबह उनका निधन हो गया। शोक सभा में प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, प्रखंड नाजिर तानेश्वर राम, अंचलकर्मी गिरधारी प्रसाद, राकेश राय, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, जनसेवक दिलीप कुमार यादव, रवि कुमार, विवेक कुमार, लिपिक संदीप प्रसाद वर्मा, आइजैक जॉन प्रसाद और अन्य कर्मी शामिल थे।

## विधायक रौशनलाल चौधरी ने ली शपथ
### क्षेत्र के विकास के लिए जतायी प्रतिबद्धता



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा विधायक रोशन लाल चौधरी ली शपथ लेकर क्षेत्र के विकास के लिए दी प्रतिबद्धता। इस दौरान उन्होंने बिरसा भगवान की धरती, विधानसभा को नमन कर कहा कि आप सबों की आवाज बनूंगा विकास की पटल पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और क्षेत्र का नए पटल पर लाने के लक्ष्य के साथ आज झारखंड विधानसभा पंहुचकर लोकतंत्र के मंदिर को नमन किया। झारखंड विधानसभा के मंदिर पर पहुंचाने का अवसर प्रदान करने के लिए बड़कागांव विधानसभा की सभी देवतुल्य जनता का आभार। यह पल मेरे लिए गर्व, ऐतिहासिक, स्मरणीय और कृतज्ञता से भरा हुआ है, मैं आपका सेवक थाझहूं और हमेशा बनकर क्षेत्र की आवाज को बुलंद करूंगा और बड़कागांव विधानसभा में विकास के हर सपने को साकार करने में अपना पूरा जीवन का अमोल तन न्योछावर करने का काम करूंगा। क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने बड़कागांव विधानसभा की जनता ने मुझे जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं, मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना। मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।

## शीतलहरी के कारण जनजीवन प्रभावित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में एक बार फिर शीतलहर के प्रकोप के कारण आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित नजर आ रहा है। सोमवार को ग्रामीण इलाका पूरी तरह से ठंड की चपेट में नजर आया जबकि शहरी इलाकों में आवागमन ज्यादा होने से कोहरे का कम देखने को मिला। सोमवार की सुबह से आसमान में बादल छाए नजर आये तो वहीं सुबह भी देर तक कोहरे व बूंदा बूंदी व सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आये। जिले के विभिन्न इलाके में तापमान गिरा रहा। सुबह से शाम तक सूर्य भगवान का दर्शन नहीं हुआ। वहीं ठंड बढ़ने से लोग अपने घरों मे दुबकने को मजबूर नजर आये। ठंड और कोहरे के कारण सड़कों पर सन्नाटा दिखाई दे रहा है। आज जिले का अधिकतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहा है तो वहीं न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस बताया गया। बढ़ती ठंड से खासकर बुजुर्गों और मजदूरों को काफी परेशानियां हो रही हैं। अलाव की कमी से उनकी परेशानियां और बढ़ती नजर आ रही है।

## सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सोमवार की शाम कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पथलडीहा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गये। घायल की पहचान सुनील कुमार (उम्र 40, पिता रामनाथ मोदी) और अनिता कुमारी (35, पति सुनील कुमार, ग्राम डोमचांच) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से पति-पत्नी जयनगर की तरफ जा रहे थे, जो पथलडीहा के समीप अज्ञात वाहन ने चपेट में ले लिया। इससे बाइक सवार पति पत्नी घायल हो गये। जिसके बाद आनन फानन में एंबुलेंस की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से छात्र की मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ किया सड़क जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत में बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक 16 वर्षीय छात्र आयुष कुमार की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना सोमवार की अहले सुबह करीब सवा आठ बजे की है। मृतक दो भाइयों में छोटा था और इसकी तिन बहने भी हैं, इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव के साथ लबनिया मोड़ चौक को जाम कर दिया। जाम की सुचना मिलने पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार और केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने बुझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण सीओ को घटनास्थल पर बुलाने की मांग कर रहे थे। देर शाम सीओ रामरतन बर्णवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन इनके पहुंचते ही ग्रामीण खासे आक्रोशित हो गये। मौजूद ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा की जब बालू की निकासी पर प्रतिबंध है तो आखिर कंपनियों में अंधाधुंध बालू सप्लाई कैसे हो रहा है। नाबालिग लड़के तीव्र गति से ट्रेक्टर चलाते हैं और इसी वजह से निर्दोष की जान जा रही है आखिर इसका जिम्मेवार कौन है ग्रामीणों ने सीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इसके बाद पुलिस प्रशासन वापस लौट गया और समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम ही है।

**मातम में बदली शादी की खुशियां:** छात्र की असामयिक मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गयी असल में मृतक की चचेरी बहन की शादी आज मंगलवार को होने वाली थी लेकिन इस घटना से मातम पसर गया है। तैयारियों के बीच चचरे भाई का मौत आज होनी थी चचेरी बहन की शादी खुशी मातम में बदल गया है।

**केरेडारी प्रखंड में नदियों से बालू का उत्खनन रूकने का नाम नहीं:** केरेडारी प्रखंड में नदियों से बालू का उत्खनन रूकने का नाम नहीं ले रहा है, रात के अंधेरे में बालू तस्कर बालू का कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं। बालू तस्कर नदियों का बालू निकाल कर बड़ी-बड़ी कंपनियों के निर्माण कार्य में उच्चे दामों में बिक्री कर रहे हैं। ग्रामीण इससे भी खासे आक्रोशित दिख रहे हैं।

**धड़ल्ले से जारी है नदियों से बालू का उठाव:** केरेडारी प्रखंड के नौआखाप, पचड़ा, मनातू, गर्रीकला, पतरा नदी, सायल बड़की नदी, देवरिया नदी से अवैध बालू का कारोबार बेरोक-टोक होता है, इन नदियों से बालू तस्करों द्वारा ट्रैक्टरों से दिन-रात बालू की ढुलाई करायी जा रही है, बालू ढुलाई के कार्य में करीब सैकड़ों ट्रैक्टर लगा रहता है, सबसे अधिक बालू का कारोबार केरेडारी के एलएंडटी कंपनी और सीकरी साइट कार्यालय स्थित सिंपलेक्स कंपनी में भी बालू का स्टॉक जमा है।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में सोमवार को ग्राम रामडीह के समीप टेंपो पलट जाने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान ललन कुमार (उम्र 18 वर्ष, पिता कपिल देव प्रसाद, ग्राम माहथा खैरा) के रूप में की गयी है। दुर्घटना के बाद ग्रामीण और स्थानीय लोगों के मदद से घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया कि उनका एक पैर में गंभीर चोट लगी है उनके पैर में फ्रैक्चर हो गया। इस दुर्घटना में वाहन पर सवार कई अन्य लोगों को चोटे आयी है जिनका निजी क्लीनिक में उपचार किया जा रहा है।

# उदय साव के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन

### हत्यारों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की हुई मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** गत दिन पूर्व हजारीबाग शहर के झील निकट कटकमदाग प्रमुख पति सह कांग्रेस नेता उदय साव की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। अब तक पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच पायी और मामले का उद्भेदन नहीं हो पाया है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन हजारीबाग के जिलाध्यक्ष नंदलाल साहू की अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना के माध्यम से हत्यारों की गिरफ्तारी और हत्यारों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की हुई मांग की गयी। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू और प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव की उपस्थित हुए। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि आये दिन तेली समाज के लोगों की हत्याएं लगातार हो रही है। तेली समाज के लोगों की हत्या पर सभी राजनीतिक पार्टी चुप्पी साधे रहती है। किसी के भी द्वारा कोई आवाज नहीं उठायी जाती। इसीलिए हम सभी को एकजुट और जागरुक होना अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इन हत्याओं को लेकर हेमंत सरकार को भी स्वतः संज्ञान लेनी चाहिए। प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव ने कहा कि उदय साहू जैसे संघर्ष करने वाले व्यक्ति को खुलेआम गोली मारकर हत्या करना समझ से परे है। कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव ने कहा कि इस हत्याकांड में धनबल और माफियाओं की संलिप्तता समझ आती है। जिला प्रशासन को हत्यारों की गिरफ्तारी अविलंब करते हुए मृतक परिवार को एक सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपया मुआवजा देना ही होगा, अन्यथा महासंगठन उग्र आंदोलन भी करने पर बाध्य हो जायेगी। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, महिला अध्यक्ष प्रियंका साहू, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष अशोक, जिला मीडिया प्रभारी आशीष कुमार साव, पलामू जिला अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष केदार साव, समाजसेवी रेखा कुमारी, लातेहार जिला अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, लातेहार रणधीर साव अरविंद साहू तालेश्वर साव, ग्राम अध्यक्ष डमर साव, सुनील साहू समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## महिला की ठंड लगने से मौत

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम चौथा रविदास टोला निवासी एतवा देवी 47 वर्ष पति शुकर रविदास की ठंड लगने से मौत हो गयी। घरवालों ने बताया कि रविवार 8 दिसंबर की सुबह एतवा देवी कि अचानक ठंड लगने से तबीयत बिगड़ गयी। जिसे घरवालें इलाज के लिए बरकट्ठा अस्पताल ले जाने लगे जिसकी बीच रास्ते में ही मौत हो गयी। मामले की सूचना मिलने पर मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव मृतक के घर पहुंचे। साथ ही परिजनों को दुख की इस घड़ी में ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। जानकारी हो कि मृतक एतवा देवी का परिवार काफी गरीब है। जाड़े से बचने के लिए समुचित व्यवस्था नहीं होने की वजह से उसे ठंड लग गयी। डेगलाल साव ने स्थानीय प्रशासन से मृतक के परिजनों को मुआवजा के साथ-साथ आर्थिक सहायता देने की मांग किया है। मौके पर मोहन साव, राजेश रविदास, संजय रविदास, सुमा देवी, आरती देवी, पिंटू रविदास, पुतुल देवी, वीणा देवी, आरती देवी, सुंदर रविदास समेत अन्य लोग उपस्थित थे। इस बाबत बरकट्ठा बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया पर बात नहीं हो पायी। जबकि सीओ श्रवण कुमार झा ने कहा कि अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से कोई सूचना मुझे नहीं है।

# धरधरवा गांव के ग्रामीण आज भी पीते हैं चुआं का पानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के इचाक प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत डाडीघाघर के धरधरवा गांव के ग्रामीण चुवें का पानी पीकर जीवन जीने को विवश है। यह पंचायत सुदूरवर्ती होने के साथ प्रखंड मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर जंगल में स्थित है। गांव की महिलाएं बताती है कि लगभग इस गांव में 30 घर है और लगभग 100 से भी अधिक की आबादी है, लेकिन आज भी यह महिलाएं काफी कठिनाई से चूएं का दूषित पानी निकाल कर घरेलू प्रयोग में ला रही है। आए दिन यहां के बच्चे और ग्रामीण बीमार भी पड़ते हैं। लेकिन अभी तक प्रशासन की नजरे इस और बिल्कुल भी नहीं गयी है। ग्रामीणों ने आगे बताया कि कई बार गांव में बोरवेल का प्रयास किया गया। लेकिन पानी का जलस्तर काफी नीचे होने की वजह से इन्हें बोरिंग के पानी का नसीब नहीं हुआ। यहां के स्थानीय लोग चाहते हैं कि जिला प्रशासन इस गांव की ओर एक बार ध्यान दें और इस गांव को पाइपलाइन के माध्यम से जोड़े, ताकि इस गांव में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके और पानी की गंभीर समस्या से लोगों को निजात मिल सके। डाडीघाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर मेहता ने बताया कि इस गांव(टोले) में तीन बार सरकारी बोरिंग कराया गया मगर पानी नहीं निकला। यहां तक कि 300 फिट तक बोरिंग किया गया मगर सफलता नहीं मिली। यहां का जलस्तर बहुत ज्यादा ही डीप है। इस कारण से लोगों को पानी की समस्या हो रही है। साथ ही कहा कि जहां पर चूवा है वहां के लिए मैं अपने मद से योजना दे रहा हूं ताकि उस स्थान को डेवलप कर लोगों को पानी मुहैया करवाया जा सके। साथ ही बताया कि इस मामले में बीडीओ से भी बात की गयी है कि योजना बना कर लोगों तक पानी पहुंचाया जाये। बीडीओ संतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में योजना बना रहे हैं। जल्द गांव जाकर स्थित को देखेंगे और जहां पानी होगा वहां जलनीनार बना कर पानी पहुंचाने का काम करेंगे। ताकि वहां के लोगों को शुद्ध पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

## हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने ली शपथ
# क्षेत्र के विकास के लिए दोहरायी प्रतिबद्धता

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विधानसभा में विधायकों का शपथ ग्रहण विधानसभा के प्रथम सत्र के शुरुआती दिन सोमवार को हुआ। जिसमें सबसे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और फिर उनके मंत्रिमंडल में शामिल सदस्यों ने शपथ ली। इसके बाद अलग-अलग विधानसभा के विधायकों ने शपथ लिया। जिसके बाद हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद ने सोमवार को झारखंड विधानसभा के प्रथम सत्र में शपथ ग्रहण किया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के टिकट पर पहली बार चुनाव जीतने वाले प्रदीप प्रसाद ने ईश्वर की शपथ लेता हूं के साथ शपथ ली और क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के दौरान प्रदीप प्रसाद अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व और विनम्रता के साथ नजर आये। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की जनता ने मुझे जो विश्वास और समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। मेरा यह दायित्व है कि मैं क्षेत्र के हर नागरिक की उम्मीदों पर खरा उतरूं। मेरा उद्देश्य केवल जनता का प्रतिनिधित्व करना नहीं है, बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करना और हजारीबाग को विकास का मॉडल बनाना है। मैं अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। विधायक प्रदीप प्रसाद ने क्षेत्र में बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, किसानों को तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना और हजारीबाग में औद्योगिक विकास को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्यविकसित भारत के विजन को साकार करते हुए, मैं हजारीबाग को एक सशक्त और आत्मनिर्भर विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हूं। क्षेत्र के नागरिकों ने विधायक के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है।

## चलकुशा में विकास कार्यों को लेकर बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में विकास कार्यों को लेकर प्रमुख नितू कुमारी की अध्यक्षता में कि गयी। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह के और क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में सभी पंचायत में विकास कार्यों को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें कई कार्यों पर सहमति बनी। मौके पर उपप्रमुख शमशेर आलम, दीपक चौधरी, अब्दुल हलीम, उमेश ठाकुर, बाबुलाल यादव, शंकर साव, मरियम खातून, मोहसिन कमाल, उदीत राम, उमेश साव, शमिम अंसारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बेटा 5 दिनों से लापता, सनहा दर्ज



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** रवि कुमार उर्फ कुटुन 17 वर्षीय ( पिता कृष्णा महतो) ग्राम पंडरिया निवासी पिछले 5 दिनों से घर से लापता है। पिता कृष्णा महतो ने बड़कागांव थाना में बेटे की गुमशुदगी को लेकर आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 5 दिसंबर शाम 5 :00 बजे से मेरा बेटा घर से लापता है। इसकी मानसिक स्थिति थोड़ी ठीक नहीं है ,वह सफेद टी शर्ट और आसमानी जींस पहने हुए हैं। कृष्णा महतो ने किसी को भी इसकी जानकारी मिलने पर फोन नंबर8936041629,9508055233 नंबर में जानकारी देने का अपील किया है।

## घर के बरामदे से मोटरसाइकिल की चोरी

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पिपचो निवासी रंजन कुमार यादव पिता अर्जुन यादव ने जयनगर थाना को आवेदन दिया है कि मेरी मोटरसाइकिल टीवीएस अपाची जेएच 12 एन 2689 बीती रात मित्र प्रमोद यादव पिता अर्जुन यादव ग्राम पिपचो के घर के बरामदे में खड़ा था। मेरा मित्र प्रमोद यादव रात्रि में 1 बजे घर से बाहर निकला तो देखा गाड़ी का लॉक तोड़कर अज्ञात लोगों द्वारा गाड़ी चोरी कर लिया गया है। चोरी के पश्चात चारों तरफ काफी खोजबीन किया परंतु कहीं पता नहीं चल पाया।

## राजद नेता के घर चोरी का प्रयास

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** बीती रात डोमचांच में राजद के प्रदेश महासचिव के घर में चोरी करने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार बीती रात चोरों के द्वारा राजद के महासचिव रोहित मेहता के घर चोरी करने के प्रयास से घर में घुस गया और दरवाजा खोलने कहा। तब जाकर हल्ला करने के बाद पीछे खेत के तरफ से भाग गया। डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार को सूचना मिलने पर घटना स्थल पर जाकर जांच किया गया। जिसके बाद डोमचांच थाना में लिखित आवेदन दिया गया है।

## किसानों के बीच बीज का हुआ वितरण



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में आत्मा विभाग द्वारा चना, मसूर, गेहूं, सरसों बीज का वितरण किसानों के बीच किया गया। वितरण उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता, 20सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम और बीडीओ संतोष कुमार ने किसानों के बीच बीज का वितरण किया। उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता ने कहा कि किसानों को समय पर सरकार के द्वारा बीज उपलब्ध किया गया है, जिससे किसानों को समय पर बीज मिल रहा है। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास, बीइओ विनोद कुमार रवि, बीटीएम पुष्पा कुमारी, किसान मित्र अशोक मेहता, नंदकिशोर मेहता, रामजय मेहता, अनिल मेहता, प्रेम मेहता, प्रमोद कुमार, सुनील कुमार, दिपक मेहता, शंकर कुमार, सुखदेव मेहता, मुंद्रिका मेहता के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पुलिस ने 3 टन अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को जब्त कर बड़कागांव थाना लायी। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जोभिया घाटी लमकीटांड़ के पास से 3 टन अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को 9 तारीख के रात्री में जप्त किया गया। जब्त जॉन डियर ट्रैक्टर को बड़कागांव थाने लाया गया और बड़कागांव थाना कांड संख्या 301 / 24 धारा 317 ( II) बीएनएस और 39 ( II) और 33 भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। छापामारी दल में बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन विमल सहित बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

## आइएचआइपी और वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में बीडीओ गौतम कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के बीच आइएचआइपी और वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। वहीं महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ विकास चौधरी द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को आइएचआइपी ऑनलाइन प्रतिवेदन से संबंधित और विभिन्न प्रकार के रोगों से बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। विशेष अपील किया कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें ताकि होने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारियों से आम जनों का बचाव किया जा सके। आइएचआइपी पोर्टल में ससमय एंट्री कर तुरंत उचित कार्रवाई की जा सके। मौके पर अविनाश आनंद, शंभू कुमार, थेओदोर सुरीन, शंकर कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## विधायक मनोज यादव के शपथ ग्रहण पर दी बधाई

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** बरही विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव का शपथ ग्रहण हुआ। इस दौरान कई लोगो ने दी बधाई। वहीं उन्होंने कहा है कि बरही -21 की जनता के विश्वास और समर्थन से मुझे यह अवसर मिला है। अत: मेरा प्रण है कि आपके प्रतिनिधि के रूप में आपकी आकांक्षाओं को विधानसभा में पूरी दृढ़ता से प्रस्तुत करूंगा। बताते चले कि 1952 में बरही विधानसभा का गठन हुआ था। विधानसभा के गठन के बाद सबसे अधिक बार वे इस क्षेत्र के विधायक रहे। 1995, 2000, 2005, 2019 और पुन: 2024 में बरही विधानसभा क्षेत्र से वे 5वीं बार विधायक चुने गये। वही इनके शपथ ग्रहण पर लक्ष्मण यादव, प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, मुखिया रामदेव यादव, नंदकिशोर सोनी, विजय मोदी, सुरेश यादव, बिनोद वर्णवाल, आनन्द मोदी, द्वारिका राणा समेत कई लोगो ने बधाई दी है।

# मौसम ने ली करवट, कड़ाके की ठंड में घरों में दुबके लोग

**मौसम विभाग ने 48 घंटे तक बारिश होने की जतायी संभावना**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अस्पतालों में पहुंचने लगे मरीज**

कनकनी बढ़ने से वायरल फीवर, खांसी के मरीजों में अचानक इजाफा देखा जा रहा है। सर्दी जकड़ने और सांस लेने में परेशानी के मरीज भी अस्पताल पहुंच रहे हैं, वहीं डॉक्टर भी मरीजों से ठंड से बचाव की सलाह दे रहे हैं।

**चौक-चौराहों पर अलाव जलाने की हुई मांग**

इधर ठंड बढ़ने से चौक-चौराहों पर अलाव की मांग उठने लगी है। इधर ठंड बढ़ने से रोजगार काम करने वालों की मुश्किलें बढ़ गयी है। बाजार में गर्म कपड़े की दुकानें सज गयी है।

**रामगढ़।** मौसम ने करवट ली और ठंड की मार भी लोगों पर पड़ने लगी। तापमान में आयी अचानक गिरावट के बाद आम जन जीवन प्रभावित हो गया। सोमवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाये रहे और लगातार बारिश होती रही। कड़ाके की ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। पूरे जिले में कोहरे व धुंध ने यातायात की रफ्तार पर ब्रेक लगा दी। शाम 5 बजते ही लोग ठंड से बचने के लिए घरों में दुबक गये। यहां तक कि लोग जरूरी काम पड़ने पर भी घरों से निकलने में कतराते रहे। बुजुर्गों और बच्चों का ठंड से बुरा हाल है। बारिश और कोहरे की वजह से भीड़ से पटे रहने वाले बाजार और सड़क भी सुनसान थे। सोमवार को न्यूनतम तापमान करीब 12 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा।

**48 घंटे तक बारिश होने की है संभावना:** मौसम विभाग के वैज्ञानिक शशिकांत चौबे ने बताया कि मौसम में अचानक बदलाव हुआ है। आसमान में अगले 48 घंटे तक बादल छाए रहेंगे और रुक रुक कर बारिश होती रहेगी। उन्होंने बताया कि बादल छंटते ही तापमान में और भी गिरावट होगी। जिसकी वजह से ठंड काफी बढ़ेगी।

# ईंट भट्ठों में खपाया जा रहा स्टीम कोयला

**ईंट भट्ठों में अवैध कोयले की आपूर्ति से होती है बड़ी रकम की वसूली!**

**हर स्तर पर पहुंचता है अवैध वसूली की बड़ी रकम!**

आजाद सिपाही संवाददाता



**क्या है पूरी पड़ताल**

बताते चले कि रामगढ़, रजरप्पा और घाटो से जानकारी मिली है उसके अनुसार ईंट भट्ठों में खुलेआम अवैध कोयले की आपूर्ति की जा रही है। कोयले की अवैध आपूर्ति के लिए सबकुछ सेट किया गया है। इसके लिए एक रणनीति बनायी गयी है। रणनीति के तहत एक बड़ी रकम की डील हुई। जिसके कारण ही कोई कार्यवाई नहीं हो रही है।

**रामगढ़।** जिला के रामगढ़, रजरप्पा और घाटो क्षेत्र में अवैध कोयला के बल पर ईंट भट्ठों का कारोबार डंके की चोट पर शुरू हुआ है। यहां का नजारा देखकर लगता है कि इस बार अवैध कोयला खपाने की पूरी छूट मिली है। अवैध कोयला लाने ले जाने में कोई मनाही नहीं है। सबकुछ फूल-फील कर ही कारोबार को शुरू किया गया है। जिसके करना अबतक कोई करवाई नहीं हो रहा है। जो कई सवालों को जन्म देती है।

**ईंट भट्ठों की इंट्री कौन वसूल रहा, कहां-कहां रकम की हो रही बंदरबांट:** सूत्र बताते है कि ईंट भट्ठा के कारोबार से एक बड़ी रकम की वसूली होती है। उस रकम को विशेष स्तर पर एक बड़ी रकम पहुंचाया जाता है। हालांकि यह विषय जांच का है कि रकम किस स्तर तक पहुंच रहा है। इधर बताया गया कि आखिर ईंट भट्ठों में अवैध कोयला गिराने के बदले मिलने वाली इंट्री की वसूली कौन कर रहा है। भट्ठों से वसूली गयी मोटी रकम का बटवारा कहां-कहां हो रहा है। ऐसी कई बिंदु है जो जांच का विषय है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों को हस्तक्षेप कर मामले की जांच करने की आवश्यकता है। समय रहते अवैध कोयले के खेल को नही रोका गया तो फिर एक बार रामगढ़ पुलिस को बदनामी का सामना करना पड़ सकता है।

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी पुलिस ने क्षेत्र के कुजू रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों ने कुजू स्टेशन से बरकाकाना की ओर जाने वाली रेलवे लाइन पर पोल संख्या 122/16 के पास एक युवक का शव पड़ा देखा। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी कुजू स्टेशन प्रबंधन को दी। जिसके बाद स्टेशन के अधिकारी मौके पहुंचे। साथ ही, इसकी सूचना कुजू पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही, शव का शिनाख्त करने का प्रयास किया। परंतु समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी।

# वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी पर भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी प्रभात कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक, चतरा को भेजे एक पत्र में थाना प्रभारी पर अवैध खनन, शराब तस्करी और ग्रामीणों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है। प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी द्वारा दिये गये पत्र के अनुसार वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी के संरक्षण में न केवल बालू से अवैध वसूली की जा रही है, बल्कि क्षेत्र में शराब का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है। शराब को बिहार भेजा जा रहा है। इसके अलावा, ग्रामीणों ने शिकायत की है कि थाना क्षेत्र में पोस्ते की खेती के लिए भी मोटी रकम लेकर अनुमति दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस पदाधिकारियों को भेजे गये पत्र में कहा गया है कि आम जनता जब किसी मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने जाती है, तो उनसे पैसे की मांग की जाती है। पिछले 2 दिसंबर 2024 को बिहार के नावाडीह गांव निवासी राजू यादव की ट्रेलर गाड़ी 1 दिसंबर को दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। जब सन्हा दर्ज कराने वशिष्ठ नगर थाना पहुंचे। वहां उनसे 30 हजार रुपये की मांग की गयी। राजू यादव ने यह जानकारी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार यादव को दी। जब उन्होंने इस मामले में हस्तक्षेप किया, तो उनसे भी 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गयी। आरोप है कि पैसे नहीं देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गयी। पत्र में कहा गया है कि इस अवैध मांग का प्रमाण स्वरूप साक्ष्य भी मौजूद है। जरूरत पड़ने पर प्रस्तुत किया जायेगा। हंटरगंज प्रखंड प्रमुख ममता कुमारी ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी को हटाते हुए उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाये। इस पत्र की प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक, रांची, पुलिस उपाधीक्षक चतरा, और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी भेजी गयी है। प्रमुख ने डीएसपी मुख्यालय से भी मुलाकात कर जोरी थाना प्रभारी को हटाने की मांग की है। इस संबंध में वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी ने कहा कि उनपर जो आरोप लगाया जा रहा है बिल्कुल निराधार है। उनका कहना है कि हंटरगंज प्रखंड प्रमुख को पहचानते तक नहीं हैं। कमलेश यादव को जानते हैं। उनसे मुलाकात है। थाना प्रभारी ने आगे कहा कि उनके द्वारा अफीम और ब्रॉउन शुगर के विरुद्ध थाना क्षेत्र में मुहिम चला रहे हैं। जिसके कारण इस तरह के आरोप लगाये जा रहे हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जनाक्रोश रैली का आयोजन

**आक्रोश रैली के समर्थन में शहर की सभी दुकानें रही बंद**

आजाद सिपाही संवाददाता





**चतरा।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न और हिन्दू मंदिरों को निशाना बनाये जाने के विरोध में आज चतरा जिला सर्व सनातन समाज द्वारा आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में काफी संख्या में सनातनी हिंदू महिला और पुरुषों ने हाथ में तख्तियां लिए थी। जिसपर मो युनुस होश में आओ, हिन्दुओं पर अत्याचार बंद करो आदि नारे लिखे थे। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय श्री राम आदि उद्घोष से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा। इस दौरान हिन्दू, मुसलमान, सिक्ख ईसाई समेत अन्य सभी समाज के व्यवसायियों ने आक्रोश रैली के समर्थन में और बंगलादेश में हो रही अत्याचार के विरोध में अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं। आक्रोश रैली पूरे शहर में भ्रमण कर समाहरणालय के सामने एक सभा में तब्दील हो गया। हजारीबाग से आये हुए मुख्य अतिथि सुबोध सिंह शिवगीत, चतरा जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, ओम प्रकाश वर्मा, भाजपा के जिला अध्यक्ष राम देव सिंह भोक्ता, समेत अन्य वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए सनातनियों को एकजुट होने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए बंगला देश के राष्ट्रपति परस्पर जमकर हमला बोला और बांग्लादेश में हो रहे हैं हिंदुओं का विरुद्ध मारपीट उत्पीड़न और मंदिरों को नुकसान पहुंचाने के लिए बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस को जिम्मेदार ठहराया और अविलंब हिंदुओं की सुरक्षा बहाल करने की मांग किया। कार्यक्रम का संचालन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राजेश शाह और धन्यवाद ज्ञापन के अभिषेक केशरी ने किया। कार्यक्रम के पश्चात सर्व सनातन समाज के एक प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन भी सौंपा।

## मंत्री चमरा लिंडा से भेंट कर नरेश बेदिया ने कराया समस्याओं से अवगत



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया के नेतृत्व में सोमवार को झारखंड सरकार के अनुसूचित जाति, अनूसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग और कल्याण विभाग के मंत्री चमरा लिंडा के रांची स्थित आवास में शिष्टाचार भेंट कर माला पहनाकर मंत्री बनने पर बधाई दी गयी। इस दौरान नरेश बेदिया ने झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा के समक्ष बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के गरसुला, उरीमारी और पोटंगा पंचायत क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को रख अवगत कराया। वहीं मंत्री ने सभी समस्याओं को सुन जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा हजारीबाग जिला अध्यक्ष नरेश बेदिया, रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी सचिव मदन दांगी, आरती मुंडा, प्रकाश बेदिया आदि मौजूद थे।

## अंजुमन कमेटी करमा के सदर डॉ सेराज अहमद का निधन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सेंट्रल अंजुमन जमियातुल अंसार कमेटी करमा के सदर सह जमुआ निवासी डॉ सेराज अहमद (75 वर्ष) का निधन सोमवार को हो गया। वह पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे। इस संबंध में उनके बड़े पुत्र तारिक अनवर और छोटे पुत्र डॉ अब्दुल बारी ने बताया कि मंगलवार को अपने पैतृक आवास से सुबह 10 बजे जमुआ रतवे कब्रिस्तान के लिए जनाजा निकाली जायेगी। साथ ही, नमाज अदायेगी के साथ उनका मिट्टी मंजिल किया जायेगा। डॉ सेराज के निधन से समाज के लोगों में शोक व्याप्त है। वहीं, आवास पहुंचे लोगों ने परिवार के सदस्यों से मिलकर ढाढस बंधाया। शोक व्यक्त करने वालों में अब्दुल कुद्दुस अंसारी, इस्माइल अंसारी, नफीस आलम, अजमत हुसैन, मौलाना निसार, तुलेश्वर प्रसाद, रामेश्वर महतो, पोखलाल मुण्डा, पुनित करमाली, गुलजार हुसैन, इमामुद्दीन, हाजी खलील, जाहिर हुसैन, गुलाम मुस्तफा, गुलाम जिलानी, अब्दुल लतीफ, मो मुश्ताक, मो तनवीर आलम, सदाब अहमद, अनिश रहबर, एहसान अंसारी, मो शमीम, मो इजहार, मो सिकन्दर समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

## उरीमारी पिंडरा में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी पंचायत के चेकपोस्ट एसबीआई बैंक के समीप पिंडरा टोला में पीसीसी सड़क के निर्माण में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसका स्थानीय ग्रामीणों ने काम के प्रति रोष जताया है। ग्रामीणों ने बताया है कि पीसीसी के प्रथम कार्य के ईंट सोलिंग में बंगला भट्ठा के खराब ईंट लगाया जा रहा है। जिससे सड़क की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह उठ रहा है। बताया जा रहा है कि स्थानीय अभिकर्ता और अभियंता कि मिलीभगत से प्राक्कलन में छेड़छाड़ कर विकास कार्यों में अनियमितता बरत रहे हैं। जिसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है। मालूम हो कि यह पीसीसी पथ मुखिया मद के फंड से निर्मित किया जा रहा है, और यह पीसीसी सड़क लगभग दो सौ फिट लंबी है। इस कार्य स्थल पर सुचना पट भी नहीं लगाया गया है। इधर इस मामले पर बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर कहा कि जांचोपरांत विकास कार्य में अनियमितता बरतने वालों पर विभाग द्वारा विधी सम्मत कार्यवाही कि जायेगी।

## बीडीओ ने ग्रामीणों को दिया तिरपाल



**कुंदा/चतरा (आजाद सिपाही)।** हल्की बारिश होने पर बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने सोमवार को ककहिया गांव में पीड़ित परिवारों के बीच पांच प्लास्टिक तिरपाल का वितरण किया। साथ ही बढ़ती ठंड को देखते हुए जल्द ही कंबल की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। बढ़ते ठंढ को देखते हुए बीडीओ ने फिलहाल सभी पीड़ित परिवारों को अपने बच्चों के साथ ककहिया में बने विद्यालय भवन में रहने की सलाह दिया। ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले 3 दिसंबर को उत्तरी वन क्षेत्र के पदाधिकारी और कर्मियों ने ककहिया गांव में बिना नोटिस के नौ घरों पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया था। तब से लोग बेघर हो कर जहां तहां जीवन व्यतित कर रहे हैं। बढ़ते ठंढ में सबसे अधिक परेशानी छोटे बच्चों को हो रही हैं। इस मौके पर बीपीओ अजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

## भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य राम रघुवंशी का हुआ चतरा आगमन




**चतरा (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री राम रघुवंशी चतरा पहुंचे। इनके आगमन पर जिले के उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने पौधा भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिले के सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गौशाला के संचालन, गौवंश के उपचार और देखभाल के साथ-साथ सड़क पर बैठे गौवंश के लिए क्या उचित कदम उठाये जाये, इसपर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही उन्होंने पशुओं की हो रही तस्करी को लेकर अभियान मोड में कार्रवाई करने की बात कही। आगे उन्होंने पशुपालन पदाधिकारी जमाल उद्दीन को निर्देशित करते हुए कहा केंद्र सरकार द्वारा पशुओं के लिए जो योजनाएं चलायी जा रही है। इसका लाभ शत प्रतिशत पात्र लाभुकों को मिले, यह सुनिश्चित करें। वहीं चतरा जिले में संचालित गौशाला के पंजीकरण और अन्य कई बिंदुओं की क्रम वार जानकारी लेते हुए गौशाला के प्रतिनिधि व पशुपालन पदाधिकारी को कई महत्वपूर्ण बातों की जानकारी देते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीडीएम नाबार्ड से जिले में पशुपालन के लिए कुछ एफपीओ बनाने पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक के पश्चात श्री राम रघुवंशी ने जिले में संचालित एक मातृ गौशाला का भी भ्रमण किया। साथ ही गौशाला संचालन को पशु कल्याण बोर्ड के माध्यम से लाभ लेने के लिए जानकारी दी गयी। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, पेय जल और स्वच्छता प्रमंडल चतरा के कार्यपालक अभियंता, समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## चिराग पासवान के स्वागत की तैयारी तेज



**चतरा (आजाद सिपाही)।** आगामी 14 दिसंबर को होने वाले लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जनसभा सह सदस्यता कार्यक्रम को लेकर तैयारी तेज हो गयी है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित होने वाले पार्टी के पहले कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पार्टी नेता और कार्यकर्ता जोर-जोर से तैयारियों में जुटे हैं। केंद्रीय मंत्री सह लोजपा रामविलास के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की आहूत जनसभा और कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा चतरा कालेज मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। जहां पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी की जीत पर आभार व्यक्त करेंगे। वहीं विभिन्न दलों को छोड़कर लोजपा(रा) में शामिल हो रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी का सदस्यता ग्रहण कराते हुए स्वागत करेंगे। मौके पर चर्चित समाजसेवी सह पूर्व मुखिया इटरगंज के पिंडारकला गांव निवासी प्रेम सिंह सैकड़ो समर्थकों के साथ लोजपा में शामिल होंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रेम सिंह के नेतृत्व में जिले के विभिन्न प्रखंडों के दर्जनों मुखिया, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता भी चिराग की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रेम सिंह के नेतृत्व में लोजपा(रा) में शामिल हो रहे नेताओं व कार्यकर्ताओं के स्वागत की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष गौरी यादव के नेतृत्व में लगातार तैयारी को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इतना ही नहीं विभिन्न प्रखंडों में लगातार सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित भी किया जा रहा है। ताकि चतरा में पहली बार आयोजित हो रहे केंद्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को न सिर्फ ऐतिहासिक बनाया जा सके बल्कि संगठन को भी मजबूती प्रदान करने की दिशा में कारगर पहल हो सके। लोजपा कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रेम सिंह के समर्थकों संग संगठन में शामिल होने से हम हर मोर्चे पर मजबूत होंगे।

## मोटर दुर्घटना अधिनियम 2022 संशोधन में सुझाव विषय पर विचार गोष्ठी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बार एसोसिएशन भवन में मोटर दुर्घटना अधिनियम 2022 के संशोधन विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस आयोजन के लिए महासचिव सुमन कुमार सिंह, कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र ओझा ने संयुक्त रूप से राणा राहुल प्रताप को इस आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। अध्यक्षता विजय कुमार सिंह ने किया। राणा प्रताप ने विषय प्रवेश कराते हुये कहा कि मोटर दुर्घटना दावा अधिनियम 1988 में दावा दाखिल करने का समय सीमा निर्धारित नहीं था, जिसमें काल बाधा की समस्या से दो-चार आम जनता (आहत परिवार या आहत व्यक्ति) के समक्ष समस्या के रूप में प्रकट नहीं होता था, किंतु नये परिवहन अधिनियम 2022 के संशोधन में दुर्घटना के 6 माह के अंदर दावा दाखिल करने की निर्धारित समय सीमा है, जबकि आहत परिवार या जख्मी व्यक्ति ईलाज में ही 6 माह या सालभर लग जाते हैं और इस चक्कर समय सीमा के अंदर फाइल नहीं होने पर विलंब से माफी की प्रावधान इस अधिनियम में कहीं नहीं है जो अव्यावहारिक है। महासचिव सुमन कुमार सिंह ने कहा कि मोटर दुर्घटना संशोधन अधिनियम 2022 में माफी का प्रावधान न होना से हजारीबाग कोर्ट में लगभग 60 केस लंबित है, जो काफी चिंता का विषय है और यह आम जनता है इसके सुधार हेतु झारखंड के सभी सांसदों तक ज्ञापन के माध्यम से सभी बार एसोसिएशन को अवगत कराने का कार्य करेंगी। विचार व्यक्त करने वाले में अधिवक्ता सत्येंद्र ओझा, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, अधिवक्ता विजय कुमार सिंह आदि ने किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित दीपक कुमार, कुणाल कुमार, मनमीत कुमार, अरविंद कुमार राणा, बबलू कुमार, अनुपम, राघवेंद्र प्रताप सिंह, संत कुमार दीक्षित, दिनेश महतो आदि उपस्थित थे।

## बड़कागांव के कृषक मित्रों की हुई बैठक

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में कृषक मित्रों की समीक्षा बैठक पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार चौबे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरकार द्वारा उपलब्ध रब्बी फसल की बुवाई पर विशेष जोर दिया गया। बीजों का वितरण किसानों के बीच समूह बनाकर करने पर निर्णय लिया गया। जिसमें मक्का, गेहूं, चना, मसूर, सरसों, बीज केसीसी मिट्टी की जांच के लिए नमूना संग्रह करना आदि पर चर्चा किया गया। किसानों को खेती लगाने कि विधि की जानकारी के तहत जागरूक करने की बात कही गयी। इसमें लगने वाले बीमारियों की भी जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर उप प्रमुख बच्चन देव कुमार, रंजीत कुमार चौबे, बीटीएम श्याम कृष्ण देव, कृषक मित्र गणेश कुमार, चंद्रनाथ महतो, चेतलाल कुमार दांगी, रघुनंदन महतो, मोहन साव, पारस महतो, दिलेश्वर महतो, कृष्ण देव प्रजापति, कमलनाथ महतो आदि मौजूद थे।


**शपथ पत्र**



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 08 दिनांक 05.12.2024 में, संजना देवी पति - श्री सोनु कुमार गुप्ता, जाति- रौनियार (बनिया) धर्म- हिन्दू, पेशा - गृहिणी, निवास ग्राम रायडीह, पो० थाना तमाड़, जिला राँची, झारखण्ड का स्थायी निवासी हूँ। जो मैं शपथ पूर्वक निम्न ब्यान करती हूँ कि :-
1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ।
2. यह कि मेरी नाम राशन कार्ड पर संजना देवी के नाम से है। राशन कार्ड नं०202007208101 है।
3. यह कि आधार कार्ड पर मेरी नाम चंदा देवी है। आधार नं०-84854453 2702 है। 4. यह कि मैं राशन कार्ड पर संजना देवी नाम है जो कि मैं संजना देवी नाम से आधार कार्ड बनाना चाहती हूँ। 5. यह कि यह शपथ पत्र संजना देवी के नाम से आधार कार्ड बनाने हेतु आवश्यकता है। 6. यह कि उपरोक्त सभी बाते मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है अगर किसी तरह की गलती पाए जाने पर मैं स्वयं दण्ड का भागी बनूँगी। आज दिनांक.05.12.2024 को बुंदू में शपथ लिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर - 833102, खुली निविदा के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। (1) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट -24-25-32; कार्य का नाम: चक्रधरपुर मंडल के टाटानगर रेलवे स्टेशन के मुख्य भवन के सामने पीआरडी लेन में कैनोपी/रोड के विकास के लिए प्रावधान (तीसरी बार); निविदा मूल्य: ₹ 70,03,536.53; बयाना राशि: ₹ 1,40,100.00; निविदा खुलने की तिथि: 27.12.2024; (2) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट -24-25-33; कार्य का नाम: (1) चक्रधरपुर मंडल के हलुदपुकुर (एचएलडी) - बहलदा रोड (बीडीओ) के बीच अप और डाउन दिशा में आईबीएसएस के प्रावधान के संबंध में हलुदपुकुर-बहालदा रोड के बीच रिले रूम (7.10मी. x 4.60मी.), आईपीएस रूम (3.70मी. x 4.60मी.) और बैटरी रूम (3.00मी. x 4.60मी) का निर्माण। (II) टाटा-बदामपहाड़ खंड में टीपी-53 पर किमी-315/02-03 और टीबी-4 पर किमी-253/10-11 पर नई गुमटी का निर्माण; निविदा मूल्य: ₹ 76,69,688.88; बयाना राशि: ₹ 1,53,400.00; निविदा खुलने की तिथि: 27.12.2024; (3) निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ईस्ट -24-25-28; कार्य का नाम: डोंगुआ (पूर्व)/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र में मनिकुल में अप और डाउन डिब में प्रत्येक के लिए एक लूप लाइन और 70 मीटर स्लाइंड की एक सिक साइडिंग का निर्माण; निविदा मूल्य: ₹ 5,69,78,685.30; बयाना राशि: ₹ 4,34,900.00; निविदा खुलने की तिथि: 30.12.2024; निविदा दस्तावेज की लागत: शून्य (सभी निविदाओं के लिए)। यह निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकर्ता/बोलीदाताओं के पास कक्षा-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और आईआरईपीएस पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेने समय सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। इस निविदा के खिलाफ मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और यदि कोई मैन्युअल ऑफर प्राप्त होता है, तो उसे अनदेखा किया जाएगा। नोटः सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा फॉर्म निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। (प्राधिकरण - रेलवे बोर्ड का पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020) (PR-878)

# मुश्किल में 'इंडिया' गठबंधन

महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष और बयानबाजी विपक्ष के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं। महाराष्ट्र में सपा का शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट से नाराजगी की बात कहते हुए महाविकास अघाड़ी गुट से नाता तोड़ना भले राज्य की सियासत पर असर न डाले, लेकिन इसके गहरे मायने हैं। इसी तरह, तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का 'इंडिया' को लीड करने की इच्छा जाहिर करना भी बहुत कुछ कहता है। इन दोनों की नाराजगी गठबंधन के नेतृत्व और इस तरह से सीधे कांग्रेस को लेकर है। विपक्ष में सबसे ज्यादा कमी दिखायी देती है आम सहमति की। सीटों से लेकर मुद्दों तक, दोस्त दलों के बीच कहीं एकजुटता नहीं दिखती। यह बात इस शीतकालीन सत्र में भी साबित हो गयी, जब अदाणी मामले पर कांग्रेस और टीएमसी ने अलग राह पकड़ ली। दरअसल, यह टकराव राष्ट्रीय राजनीति में फिर से मजबूत होने की कोशिश कर रही कांग्रेस और अपने स्पेस के लिए लड़ रहीं क्षेत्रीय सियासत की धुरंधर पार्टियों के बीच का ज्यादा है। देखा जाये तो समय-समय पर इस तरह की खबरें आती रही हैं, जो विपक्षी एकता के लिए चुनौती खड़ी कर देती हैं। कुछ अरसा पहले ही यूपी में उपचुनाव को लेकर कांग्रेस और सपा के बीच जैसी असहज स्थिति बनी थी, वैसा सहयोगियों के बीच तो नहीं होता। महाराष्ट्र इलेक्शन के दौरान भी सहयोगी दलों में तालमेल की कमी होने की बात सामने आयी थी। बंगाल में पहले ही कांग्रेस और टीएमसी एक-दूसरे के विरुद्ध हैं। इसी तरह, दिल्ली में आप और कांग्रेस में गठजोड़ नहीं है। ऐसा नेशनल अलायंस समझ से बाहर है, जिसमें इतने अंतर्विरोध हों। जहां पार्टियां आम चुनाव में साथ हों, लेकिन राज्यों के चुनाव में आमने-सामने। ऐसे में इन दलों के समर्थकों की उलझन की सहज की कल्पना की जा सकती है। गठबंधन चलता है समझौतों से, जब सारे पक्ष थोड़ा-थोड़ा त्याग करें। यहां सवाल है कि कौन समझौता करेगा? अभी तक तो यही हुआ कि जहां जो दल मजबूत था, वहां उसने दूसरे सहयोगी दलों को अपने बात मनवाने की कोशिश की। कांग्रेस पर सबसे बड़ा आरोप यही है। विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके। इन दोनों राज्यों में भी अलायंस की जीत में क्षेत्रीय दलों की बड़ी भूमिका रही और कांग्रेस की कम। इसलिए अब विपक्षी अलायंस के नेतृत्व को लेकर भी उसे चुनौतियां मिल रही हैं। खैर, आने वाले चुनाव विपक्षी अलायंस के भविष्य के लिए भी अहम हैं। विपक्ष की मजबूती उसके खुद के लिए ही नहीं, एक मजबूत लोकतंत्र के लिए भी जरूरी है।

**कांग्रेस पर सबसे बड़ा आरोप यही है। विपक्ष के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि आम चुनाव के बाद वह जितना एकजुट और मजबूत नजर आ रहा था, अब उतना ही बिखरा दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर और झारखंड की जीत इतनी बड़ी नहीं है, जो बाकी हार को छुपा सके।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अपने समकक्षों के समान भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गयीं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद संभव हुआ है।**

# सुरक्षित पटरियां और स्मार्ट ट्रेनें : भविष्य में और भी सुरक्षित यात्राएं

**अनिल कुमार खंडेलवाल**



बीते दशक में की गयी सुविचारित पहलों के महत्वपूर्ण परिणाम सामने आने की बदौलत रेलगाड़ियों पर अब भारतीय पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हैं। यह बात विशेष रूप से सराहनीय इसलिए भी है, क्योंकि कोई भी अन्य देश प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ यात्री किलोमीटर (पीकेएम) और लगभग 685 करोड़ रिकॉर्ड यात्रियों का रेल के माध्यम से आवागमन कराने वाले भारत से ज्यादा लोगों का रेल के जरिए आवागमन नहीं कराता है। यह उपलब्धि बेमिसाल है, यहां तक कि पड़ोसी देश चीन भी अपने विशाल रेल नेटवर्क और तुलनात्मक जनसंख्या आकार के बावजूद मुश्किल से आधे यात्रियों (सालाना लगभग 300 करोड़) का ही आवागमन कराता है।

**सुरक्षा में उल्लेखनीय सुधार :** गंभीर घटनाओं की पहचान के प्रमुख संकेतक - महत्वपूर्ण रेल दुर्घटनाओं की संख्या में भारी गिरावट से जाहिर है, जिनकी संख्या वर्ष 2000-01 में 473 से घटकर वर्ष 2023-24 में केवल 40 रह गयी । यह सुधार पटरियों को बेहतर बनाने, मानव रहित लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने, पुलों की स्थिति की नियमित निगरानी करने और स्टेशनों को डिजिटल बनाने आदि की दिशा में किये गये केंद्रित प्रयासों के माध्यम से संभव हुआ है। यात्रियों की संख्या और पटरियों की लंबाई पर गौर करने पर ये उपलब्धियां और भी प्रभावशाली हो जाती हैं। किसी भी औसत दिन, 2 करोड़ से ज्यादा लोग 70,000 रूट किलोमीटर (आरकेएम) लंबे नेटवर्क पर यात्रा करते हैं। पीक सीजन में यह संख्या प्रतिदिन 3 करोड़ तक पहुंच जाती है, जो एक अन्य विश्व रिकॉर्ड है।

**वर्ष 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोचों के निर्माण के साथ उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है।**

असल में इसका आशय यह है कि भारत प्रतिदिन अपनी लगभग 2 प्रतिशत आबादी का सुरक्षित तरीके से रेलवे के माध्यम से आवागमन कराता है, जबकि इसकी तुलना में चीन केवल 0.58 प्रतिशत और अमेरिका 0.09 प्रतिशत लोगों का ट्रेन के जरिए आवागमन कराता है।

लगभग त्रुटिहीन सुरक्षा रिकॉर्ड के बावजूद रेल दुर्घटनाएं दुनिया भर में एक गंभीर वास्तविकता हैं। यद्यपि किसी भी रेल प्रणाली के लिए आदर्श स्थिति शुरुआत से ही एक भी दुर्घटना घटित नहीं होने देना है, लेकिन कोई भी प्रमुख नेटवर्क इस स्थिति को हासिल नहीं कर पाया है।

भारतीय रेल (आइआर) नेटवर्क के मात्र एक चौथाई हिस्से जितने ऑस्ट्रेलियाई रेलवे में वित्तीय वर्ष 2022-23 में रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 52 घटनाएं दर्ज की गयीं। इसी तरह, भारतीय रेल से लगभग दोगुना आकार के 2,60,000 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) वाले अमेरिकी रेल नेटवर्क में उसी वर्ष रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की 1,300 घटनाएं दर्ज की गयीं। 2,00,000 टीकेएम वाले यूरोपीय संघ नेटवर्क (भारतीय रेल का 1.5 गुना) में 2022 में 1568 दुर्घटनाएं घटित हुईं।

अपने समकक्षों के समान भारतीय रेल में भी वर्ष 2022-23 के दौरान रेलगाड़ियों के पटरी से उतरने की घटनाएं दर्ज की गयीं, लेकिन ये घटनाएं काफी कम 137 के स्तर पर रहीं। ये संख्या विकसित देशों की तुलना में भारतीय रेल के शानदार सुरक्षा प्रदर्शन का प्रमाण हैं और ऐसा उसके कई वर्षों से इष्टतम स्तर से कम पूंजीगत व्यय, लालफीताशाही, राजनीतिकरण और भ्रष्टाचार के कारण सुस्त हालत रहने के बावजूद संभव हुआ है। लेकिन पिछले कई दशकों में फैली गड़बड़ियों की गंदगी को अच्छे प्रशासन के एक या दो कार्यकालों में धोया नहीं जा सकता। यद्यपि आइआर मिश्रित यातायात मॉडल का उपयोग करता है, विदेशों में कई रेलवे माल और सवारी रेलगाड़ियों के लिए अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करते हैं। इसका मतलब है कि भारत में प्रत्येक दुर्घटना के लिए रेलवे यात्री सुरक्षा के गंभीर रूप से खतरे में पड़ने की संभावना बहुत अधिक है।

दुर्घटनाओं के मूल कारण को तुरंत दूर करना और रेलगाड़ी के पटरी से उतरने से मुक्त रेलवे नेटवर्क प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मानवीय इंटरफेस को कम करने और प्रणालीगत विश्वसनीयता में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की आवश्यकता होगी।

यात्री सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर बल देते हुए वर्ष 2023-24 के दौरान सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश किया गया है और चालू वित्त वर्ष में और भी ज्यादा खर्च करने की योजना है। इसका आशय ट्रेनों, पुलों, पटरियों और सिग्नलिंग सिस्टम के बेहतर रखरखाव के साथ-साथ ओवर- और अंडर-ब्रिज के निर्माण के जरिए पटरियों के पास बेहतर सड़क सुरक्षा की व्यवस्था है ।

रेलवे सुरक्षा प्रदर्शन के एक सूचकांक - प्रति मिलियन ट्रेन किलोमीटर दुर्घटना (एपीएमटीके) की संख्या वर्ष 2000-01 में 0.65 से घटकर 2023-24 में 0.03 हो गयी है। यह आधुनिक, अत्याधुनिक ट्रैक रखरखाव और नवीनीकरण मशीनों का उपयोग करके बेहतर ट्रैक रखरखाव किए जाने का सराहनीय परिणाम है। इसके अलावा पटरी की त्रुटि का पता लगाने में सुधार, रेल वेल्ड संबंधी खराबियों पर अंकुश और मानवीय त्रुटियों को कम करने के लिए उन्नत तकनीक सहित कई अतिरिक्त उपाय भी किये गये हैं।

इन परिणामों को बनाये रखने और बेहतर बनाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप और लक्षित प्रशिक्षण का मिश्रण अपनाया गया है। पटरियों के रखरखाव के लिए आधुनिक मशीनों की तैनाती 2013-14 के दौरान 700 से बढ़कर इस साल 1,667 कर दी गयी है, जिससे पटरियों के रखरखाव में सुधार हुआ है। संपत्ति की विश्वसनीयता को और बढ़ाने के लिए पूरे नेटवर्क में रेल ग्राइंडिंग भी लागू की गयी है।

रेल परिचालन के लिए गंभीर सुरक्षा जोखिम उत्पन्न करने वाली शरारती गतिविधियों को रोकने और तोड़फोड़, पटरियों से छेड़छाड़, तथा पटरियों पर असंबद्ध वस्तुएं रखने जैसी समस्याओं से निपटने के लिए अब पटरियों पर निरंतर गश्त की जाती है।

सुरक्षा पहल का एक मुख्य आधार लोको पायलटों को खराब दृश्यता वाले कोहरे से घिरे क्षेत्रों में नेविगेट करने में सहायता देने के लिए जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की संख्या बढ़ाना है। वर्ष 2014-15 में केवल 90 जीपीएस-आधारित फॉग पास डिवाइस की तुलना में अब इनकी संख्या 21,742 हो चुकी है।

पायलट की सतर्कता बढ़ाने वाले सतर्कता नियंत्रण उपकरण (वीसीडी) सभी इंजनों में लगाए गए हैं। वर्ष 2013-14 में इनकी संख्या 10,000 से भी कम थी, जो आज बढ़कर 16,021 हो गयी है। ब्रॉड-गेज मार्गों पर 6,637 स्टेशनों में से 99 प्रतिशत से अधिक पर पैनल इंटरलॉकिंग, रूट रिले इंटरलॉकिंग और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग जैसी उन्नत सिग्नलिंग प्रणालियां प्रदान की गयी हैं। इसके अलावा, ड्राइविंग कौशल और रिएक?शन टाइम को संवर्धित करने के लिए लोको-पायलट अब सिम्युलेटर-आधारित प्रशिक्षण (सिमुलेटिंग फील्ड एक्सपीरिएंस) से गुजरते हैं, जबकि फ्रंट लाइन स्टाफ को अग्निशमन का प्रशिक्षण मिलता है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 के दौरान 6 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों ने विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, प्रारंभिक, प्रमोशनल, रिफ्रेशर और विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किये।

मानव सुरक्षा के अलावा भारतीय रेल द्वारा वर्ष 2024-25 में पटरियों के किनारे 6,433 किलोमीटर (किमी) बाड़ लगा कर वन्यजीव और पशुधन की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जा रहा है। अगस्त 2024 तक इनमें से 1,396 किलोमीटर पर काम पूरा हो चुका है, जिससे इन मार्गों पर मवेशियों के टकराने की घटनाओं में कमी आयेगी। इन उपायों के पूरक के रूप में, अधिक सुरक्षित लिंके-हॉफमैन- बुश (एलएचबी) कोचों का भी रुख किया गया है, जिनमें दुर्घटना के समय सवार को सुरक्षित रखने की बेहतर विशेषताएं मौजूद हैं। इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि टक्कर होने पर ये कोच दूसरे कोचों पर नहीं चढ़ते, जिसकी बदौलत रेलगाड़ी के पटरी से उतरने और यात्रियों को चोट लगने की आशंका कम हो जाती है। एलएचबी कोच 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति पर सुरक्षित परिचालन के लिए बनाये गये हैं। वर्ष 2023-24 में 4,977 एलएचबी कोचों के निर्माण के साथ उनके उत्पादन में काफी वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2013-14 में उत्पादित 2,467 से दोगुना से भी अधिक हैं। हालांकि ये कदम सराहनीय हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि यात्रा को सुरक्षित बनाने के उसके प्रयासों में कोई कमी न आने पाये। भारतीय रेल पहले से ही परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन है, लेकिन भविष्य में यह और भी सुरक्षित हो जायेगी।

**(लेखक : सेवानिवृत्त पदेन सचिव, भारत हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# मोदी सरकार मौजूदा संसद सत्र में ही ला सकती है 'एक देश, एक चुनाव' बिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मौजूदा संसद सत्र में ही 'एक देश, एक चुनाव' बिल पेश कर सकती है। सरकारी सूत्रों के हवाले से यह कहा गया है कि सरकार शीतकालीन सत्र में इस विधेयक को पेश करने की तैयारी में है। बता दें कि केंद्रीय कैबिनेट ने पहले ही एक देश, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समिति की रिपोर्ट को मंजूरी दे रखी है। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस बिल पर आम सहमति बनाना चाहती है और विस्तृत चर्चा के लिए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजना चाहती है। सरकार से जुड़े सूत्र कह रहे हैं




कि सरकार चाहती है कि रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली एक्सपर्ट कमेटी की 18,636 पन्नों की रिपोर्ट पर विस्तृत चर्चा हो। खबर है कि सरकार ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरण रिजिजू और अर्जुनराम मेघवाल को विपक्षी नेताओं के साथ बैठकें कर आम राय बनाने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि जेपीसी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से इस बिल पर विस्तार से चर्चा करेगी और इस प्रक्रिया में अन्य हितधारकों से भी बातचीत करेगी। सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया में देशभर के बुद्धिजीवियों के साथ-साथ सभी राज्य विधानसभाओं के अध्यक्षों को भी बुलाया जा सकता है। इसके अलावा आम लोगों की राय भी ली जा सकती है, क्योंकि आम सहमति के बिना मौजूदा चुनावी व्यवस्था को बदलना बेहद चुनौतीपूर्ण हो सकता है। जानकार बताते हैं कि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' योजना को लागू करने के लिए संविधान में संशोधन करने के लिए कम से कम छह विधेयक लाने होंगे और इसके लिए सरकार को संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल एनडीए के पास संसद के दोनों सदनों में साधारण बहुमत ही है। ऐसे में संसद के किसी भी सदन में दो-तिहाई बहुमत हासिल करना सरकार के लिए एक कठिन काम हो सकता है। राज्यसभा की 245 सीटों में से एनडीए के पास 112 और विपक्षी दलों के पास 85 सीटें हैं। दो-तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 164 वोटों की जरूरत है।

# बांग्लादेश को ममता की खरी-खरी, आप कब्जा करेंगे, तो हम क्या लॉलीपॉप खाते रहेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश को सख्त नसीहत दी है और दो टूक लहजे में कहा है कि आप अगर हमारे क्षेत्र पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे, तो हम क्या चुपचाप बैठ कर लॉलीपॉप खाते रहेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल विधानसभा में बांग्लादेशियों को जम कर फटकार लगायी और सख्त लहजे में कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, वह ठीक नहीं है। उन्होंने अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर गंभीर चिंता जतायी। ममता बनर्जी ने सोमवार को विधानसभा में कहा, किसी ने



कोलकाता पर कब्जा करने की बात कही है। कुछ ने फिर से पश्चिम बंगाल, बिहार और ओड़िशा की वापसी की मांग करने की धमकी दी है। अगर कोई कोलकाता या बंगाल पर कब्जा करने आयेगा, तो राज्य सरकार चुप नहीं बैठेगी और लॉलीपॉप नहीं खाती रहेगी। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि भारत अभिन्न है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बांग्लादेश की राजनीति को लेकर ना कोई सिरदर्द है, और न कुछ लेना-देना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम दंगा नहीं, शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह उत्तर प्रदेश नहीं है कि मैं आपको बैन कर दूं, लेकिन मैं आपसे अपील करती हूं कि यहां सही तरीके से रहिये। कुछ फर्जी वीडियो वायरल किये जा रहे हैं। एक खास राजनीतिक दल ऐसा कर रहा है। राजनीति मत कीजिये। वहां हमारे दोस्तों को नुकसान होगा। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा, आप कहते हैं कि आप (बांग्ला, बिहार, ओड़िशा) पर कब्जा कर लेंगे। आपमें वह दम नहीं है और हम क्या बैठ कर लॉलीपॉप खाते रहेंगे? इसके बारे में सोचो भी मत। भारत अखंड है। हम सब एक हैं। हमारा बांग्लादेश की राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। हमें किसी के उकसावे में भी नहीं आना चाहिए।

ममता बनर्जी की यह टिप्पणी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के संयुक्त महासचिव रूहुल कबीर रिजवी समेत कुछ लोगों की उन व्यंग्यात्मक टिप्पणियों के बाद आयी है, जिसमें बांग्लादेशी सेना का पूर्व सदस्य होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने चेतावनी दी कि उसका कौशल भारतीय सेना से कहीं अधिक है और चार दिन में कोलकाता पर कब्जा कर सकते हैं।

# मणिपुर के नौ जिलों से हटा इंटरनेट बैन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने सोमवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर जारी पाबंदी को हटा लिया। सरकार के गृह विभाग ने एक आदेश जारी कर अस्थायी निलंबन को वापस ले लिया। सरकार ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल, काकचिंग, जिरीबाम, चुराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल जिलों में कानून व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के साथ इसके सह-संबंध की समीक्षा के बाद यह फैसला लिया है। आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार ने आदेश में कहा कि राज्य सरकार ने मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके सह-संबंध की समीक्षा करने के बाद इन नौ जिलों में इंटरनेट और डेटा सेवाओं पर जारी सभी प्रकार के अस्थायी निलंबन को तत्काल प्रभाव से हटाने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि बीते नवंबर में तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव जीरी और बराक नदियों में मिलने के बाद राज्य में हिंसा भड़क गयी थी, जिसके बाद सरकार ने कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए 16 नवंबर को नौ जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं थी। हालात को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध को कई बार आगे बढ़ाया गया और अब सामान्य हालात के बाद इसे हटाने का फैसला किया गया है।

# जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आयेगा

**विपक्ष के 50 से अधिक सांसदों ने किये प्रस्ताव पर हस्ताक्षर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और विपक्षी दलों के नेताओं के बीच टकराव सोमवार को चरम पर पहुंच गया। इस टकराव के बाद विपक्ष ने धनखड़ को उनके कार्यकाल से हटाने के लिए एक अविश्वास प्रस्ताव लाने फैसला किया। सूत्रों ने बताया कि इस प्रस्ताव पर 50 से अधिक सांसदों ने हस्ताक्षर किया है। अगस्त में विपक्षी गठबंधन को प्रस्ताव पेश करने के लिए नेताओं के हस्ताक्षर की जरूरत थी, लेकिन उस समय वे आगे नहीं बढ़े। उन्होंने राज्यसभा के सभापति को एक मौका देने का फैसला किया,



लेकिन सोमवार को उनके व्यवहार को देखते हुए विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाने का मन बना चुका है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी (सपा) और विपक्षी गठबंधन के सदस्य इस प्रस्ताव के साथ आगे बढ़ने के लिए एक साथ हैं। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान स्थगन के तुरंत बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा सदस्य उस मुद्दे पर चर्चा के लिए उत्तेजित थे, जिसमें कांग्रेस नेता शामिल थे। उन्होंने कहा, फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन द एशिया-पैसेफिक (एफडीएल-एपी) और जॉर्ज सोरोस के बीच संबंध चिंता का विषय है। इसका सह-अध्यक्ष इस सदन का सदस्य है। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि एफडीएल-एपी जम्मू कश्मीर को एक अलग इकाई के रूप में देखता है। जब जगदीप धनखड़ ने जानना चाहा कि सत्ता पक्ष के नेता विरोध क्यों कर रहे हैं, तब भाजपा सांसदों ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का जॉर्ज सोरोस से संबंध है। उन्होंने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की, क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा था। भाजपा और एनडीए गठबंधन के सांसदों ने इस मुद्दे पर तुरंत चर्चा की मांग की, जबकि कांग्रेस सदस्यों ने दावा किया कि अडाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए ऐसा किया गया। मल्लिकार्जुन खड़गे, जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी समेत कई नेताओं ने पूछा कि सभापति सत्तारूढ़ पार्टी को इस मुद्दे को उठाने की अनुमति कैसे दे रहे थे, जबकि उन्होंने इस संबंध में उनके (सत्तारूढ़ पार्टी) नोटिस को खारिज कर दिया था। भाजपा के लक्ष्मीकांत वाजपेयी को शून्यकाल में अपना मुद्दा उठाने का मौका दिया गया और उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर बोलना शुरू किया। जयराम रमेश ने उनकी टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए कहा कि जब सभापति के नियम 267 के तहत नोटिस खारिज कर दिया है, तो उसमें उल्लिखित मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सांसद दिग्विजय सिंह ने भी धनखड़ पर पक्षपात करने का आरोप लगाया।

# नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा एयरपोर्ट के लिए सोमवार को बड़ा दिन रहा। इसके रनवे पर विमान की सफल लैंडिंग हुई। दोपहर 1.31 बजे पहली बार विमान ने सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। दिल्ली से उड़ान भरकर पहला व्यावसायिक विमान 10 मिनट में नोएडा एयरपोर्ट के फ्लाइंग जोन में पहुंच गया था और उपकरणों सहित अन्य संसाधनों की जांच के लिए डेढ़ घंटे तक एयरपोर्ट के आसपास मंडराता रहा। इस सफल लैंडिंग के साथ ही एयरपोर्ट के इतिहास में ढाई दशक की कवायद के बाद एक और सफलता जुड़ गयी। फिलहाल, इस बड़ी उपलब्धि से पहले रनवे को वाटर कैनन से सलामी दी गयी। इंडिगो के ए 320 विमान ने रनवे पर सफल लैंडिंग के दौरान केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के साथ प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रनवे के ट्रायल के लिए डीजीसीए से 15 दिसंबर तक की समयसीमा तय की गयी है। पहले 30 नवंबर को ट्रायल रन की तारीख नियत की गयी थी, लेकिन डीजीसीए टीम के निरीक्षण के चलते यह आगे बढ़ गयी। कैलिब्रेशन ट्रायल के बाद रनवे का ट्रायल 9 दिसंबर को हुआ।

# हाइ स्कूल में रजिस्ट्रेशन के लिए वसूली और बदसलूकी के खिलाफ सड़क पर उतरीं छात्राएं

करीब दो घंटे तक की सड़क जाम, बीडीओ व थाना प्रभारी के आश्वासन पर लड़कियां हुईं शांत

छात्राओं के आरोप पर मांगा गया है स्पष्टीकरण, नियम संगत होगी कार्रवाई : बीडीओ



बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के स्तरोनत उच्च विद्यालय ओखरगड़ा के छात्र-छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर अवैध पैसे का वसूली करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को करीब दो घंटे तक गढ़वा मझिआंव मुख्य पथ को जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर बीडीओ सतीश भगत, थाना प्रभारी विष्णुकांत मौके पर पहुंच कर विद्यार्थियों से मामले को लेकर पूछताछ किया तथा समझा बुझाकर शांत कराते हुए यातायात बहाल कराया गया। उक्त मामले को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। विद्यार्थियों द्वारा दिए गये आवेदन के अनुसार रजिस्ट्रेशन के लिए कक्षा नौवीं के लिए 900 तथा कक्षा दसवीं के लिए 1100 रुपये की वसूली की जा रही है, जबकि नौवीं कक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा ढाई सौ रुपए तथा दसवीं कक्षा के लिए 740 रुपया शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों का आरोप है कि विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी द्वारा विद्यालय के बाहर उनकी जमीन में साइकिल खड़ा करने पर अभद्र व्यवहार किया जाता है। उक्त आरोप के बारे में पूछे जाने पर विद्यालय के अध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी ने कहा कि छात्र-छात्राओं द्वारा लगाया गया आरोप निराधार है। इस मामले को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ कुमार से संपर्क करने का प्रयास किया गया परंतु संपर्क नहीं हो सका।

### नियम संगत होगी कार्रवाई : बीडीओ

मामले को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि विद्यार्थियों के आरोप पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है साथ ही मामले की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी दी गयी है।

धान के साथ किसानों, बटाइदारों और मजदूरों के अरमान भी जलकर हो गये राख

# 20 एकड़ धान की फसल जली, 10 लाख का नुकसान
















अरुण कुमार चौबे

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चौबे मझिगावां में खलिहान में अज्ञात लोगों के द्वारा आग लगा दिये जाने की भीषण घटना ने दर्जन भर परिवार के सैकड़ों सदस्यों को सड़क पर लाकर खड़ा कर दिया है। खुद क्या खायेंगे, परिजनों को क्या खिलायेंगे की चिंता के साथ साथ अपने पालतू पशुओं को क्या खिलायेंगे यह चिंता लोगों को खाये जा रही है। किसान तो किसान बटाईदार के साथ मजदूरों के अरमान भी जलकर स्वाहा हो गये, क्योंकि उनकी मजदूरी - बनी के बोझे भी जल कर राख हो गये। किसान उमाकांत चौबे का 8 एकड़ खेत का 1600 धान का बोझा जल गया। उनकी नातिन की शादी अगली गर्मी में करनी थी। बीते दो वर्षों से लगातार अकाल की स्थिति बनी हुई थी। इस वर्ष धान हुआ था। इधर बारिश नहीं होनें की वजह से रबी फसल की भी पूरी बुआई नहीं हो सकी। जो थोड़ी बहुत बुआई हुई है पानी के अभाव में सूखने की कगार पर है।

राजेश्वर कहांर व उनकी पत्नी गीता देवी बटाई पर खेत लेकर चार बीघा में धान की फसल संयुक्त रूप लगायी थी। उसके साथ-साथ बीते एक महीने से गांव में कई किसानों के खेतों में धान की कटनी करने के पश्चात मिली मजदूरी (बनी) जो 100 बोझा से ऊपर था। वह भी उसी खलिहान में रखा हुआ था। वह भी जलकर खाक हो गया। इस गरीब परिवार का धान ही नहीं पूरे परिवार का वर्ष भर का भोजन व सारे सपने भी जल कर राख हो गये। इधर देवंती देवी के पति की पूर्व में ही मृत्यु हो गयी थी। वह अपने परिवार का भरण पोषण के लिए दूसरे के खेतों में बटाई कर व मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। इस खलिहान में इनका बटाई पर किया हुआ धान व कई किसानों के खेतों से काट कर रखी गयी बनी भी रखी थी। जो लगभग 100 बोझा था। इस आगजनी में वह भी जलकर राख हो गया। किसान सत्यनारायण चौबे के खेत में लगे तीन बीघा का धान जलकर राख हो गया। वहीं पारस मिस्त्री जो बढ़ाई का काम कर परिवार का गुजर बसर करते हैं। उनके तीन बीघे का धान जलकर राख हो गया। इसके साथ-साथ आधा दर्जन और किसान तथा मजदूरों के धान का बोझा व बनी का बोझा जल गया है। इस प्रकार इन दर्जन भर घरों में हाहाकार की स्थिति है। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार अभी तक किसी तरह प्रशासनिक कार्रवाई या राहत की दिशा में कुछ नहीं किया जा सका है। मालूम हो कि मझिगावां गांव में 20 एकड़ खेत के धान की फसल के बोझों में आग लगा दिया गया। इस घटना में कई किसानों, बटाई दारों व मजदूरों की बनी का बोझा भी जल गया।

## मृतक मुसहर के परिवार को जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ने दी आर्थिक मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** चपरी पंचायत के मुस्कैनी निवासी गरीब मुसहर परिवार में हुई एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद उनके क्रियाक्रम में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव ने परिवार की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। बीते 29 नवंबर को अनिल मुसहर का पेड़ पर शहद छुड़ाने के दौरान गिर कर मौत हो गयी थी। मृतक अनिल मुसहर के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी, जिससे क्रियाक्रम की व्यवस्था करना भी उनके लिए मुश्किल हो रहा था। इस परिस्थिति को देखते हुए जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव ने परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने न केवल धनराशि उपलब्ध करायी, बल्कि परिवार को मानसिक और भावनात्मक समर्थन भी दिया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि समाज के हर वर्ग का ध्यान रखना और जरूरतमंदों की मदद करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं में जरूरतमंद परिवारों को हरसंभव सहायता दी जायेगी। इस मौके पर शालेंद्र यादव, समसेर अंसारी, सीता राम मेहता, मिथलेश, सुरेश राउत, अनिल, रावत, अजीत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दबंग मुखिया पति ने पंचायत की महिला के साथ किया दुष्कर्म, प्राथमिकी दर्ज

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चेचरिया पंचायत के दबंग मुखिया पति राजेन्द्र चौधरी द्वारा पंचायत के खोलरा गांव की एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किए जाने के बाद महिला ने कीटनाशक दवा खा कर आत्महत्या का प्रयास किया। गंभीर अवस्था में उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रहा है। घटना को लेकर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। घटना के संबंध में महिला द्वारा बताया गया है कि किसी काम से अपने घर के पीछे गयी थी, उसी दौरान मुखिया पति राजेंद्र चौधरी के द्वारा जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के पति ने मौके पर ही मुखिया पति पकड़ लिया परंतु दबंग मुखिया पति ने उसके साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गया। थाना में दिया गया आवेदन में कहा गया है कि उक्त घटना को लेकर रविवार को गांव में पंचायती बुलायी गयी, परंतु मुखिया पति पंचायत में शामिल नहीं हुआ। आवेदन में मुखिया पति राजेंद्र चौधरी पर पीड़िता के पति की हत्या करने सहित विभिन्न तरह की धमकी देना कभी आरोप लगाया गया है।

## अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, ड्राइवर फरार



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रशासन ने अवैध रूप से खनन कर बालू की ढुलाई करने की गुप्त सूचना पर सोमवार को छापेमारी अभियान चलाकर एक बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर सीओ जसवंत नायक ने छापामारी अभियान चलाकर चामा गांव से एक ट्रैक्टर को पकड़कर थाना लाया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस प्रशासन को आते देख अवैध बालू लदा ट्रैक्टर के चालक ने गाड़ी खड़ा कर मौके से फरार हो गया, जिसे जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि ट्रैक्टर जब्त कर प्राथमिक की दर्ज किया गया है।

## शिक्षा में तकनीकी आ जाने से शिक्षा जगत में एक महान परिवर्तन हुआ है: अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरकेवीएस संस्थान में भारतीय भाषा उत्सव के तहत सुब्रमण्यम भारती के जन्मदिन पर भाषा और तकनीक का समीकरण पर पोस्टर प्रतियोगिता कराया गया, जिसका बच्चों ने सचित्र चित्रण किया। महाविद्यालय के निदेशक शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने संबोधन में कहा कि आज शिक्षा में तकनीकी आ जाने से शिक्षा जगत में एक महान परिवर्तन हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर चंद्रदीप पांडे ने बच्चों का पोस्टर देखकर सराहना की और बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक सतीश तिवारी आनंद मिश्रा, राजन चौबे, रंजना दुबे और छात्र कंचन कुमारी, रकीबा आकांक्षा, पूजा विद्या शिक्षा प्रियदर्शनी काश्मीर नागिन स्नेहा आफरीन आंचल आस्था आदि छात्रों ने चंचल आदि छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## जनता के हित में सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठायेगी भाजपा : रितेश



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपने शपथ के दौरान जय गढ़देवी मैया, जय श्री राम, जय नीलांबर-पीतांबर, जय झारखंड, जय जोहार शब्द को शामिल किया। इससे गढ़वा का मान सम्मान गौरव में चार चांद लगा है। शपथ ग्रहण के बाद भाजपा कार्यकर्ता सहित गढ़वा वासियों में काफी हर्ष का माहौल है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी गढ़वा सहित पूरे झारखंड का आवाज बनकर सदन में गरजेंगे। उन्होंने कहा कि सड़क पर भाजपा कार्यकर्ता और सदन में भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी जनता के हर समस्या के साथ खड़े रहेंगे। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल संजय जायसवाल अविनाश पासवान विकास तिवारी लक्ष्मीकांत पांडेय सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने रंका की दिवंगत मुखिया के घर पहुंच परिजनों को दी सांत्वना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर कार्यकताओं का हाल-चाल लिया। इस दौरान श्री ठाकुर रंका कला मुखिया सविता गुप्ता की निधन की खबर सुनकर मृतका के घर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही संगबरिया के पंचायत सचिव रघुवीर सिंह का गत दिनों ब्रेन हेमरेज हो गया था। श्री ठाकुर ने उनके घर पहुंच कर हाल-चाल लिया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो हमेशा अपने कार्यकताओं के साथ है। पार्टी की ओर से आवश्यकतानुसार हर संभव सहयोग किया जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, आशीष गुप्ता, शंभू, शंभू यादव, रोशन आदि लोग मौजूद थे।

## ठंड में अलाव की व्यवस्था न होने से मजदूर वर्ग परेशान

**भवनाथपुर।** प्रखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, लेकिन चौक-चौराहों पर सरकारी स्तर पर अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है। दुकारदार और मजदूर वर्ग और गरीब तबके के लोग रात में ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। जेएमएम नेता ने प्रशासनिक उदासीनता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस मौसम में गरीबों और मजदूरों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है।


झारखण्ड सरकार,
गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

69वीं औपबंधिक सूची
जिला–राँची (पार्ट–3)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुबोध कुमार लकड़ा एवं पुश्कर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2068 2. आवेदक–चन्द्रनाथ उरांव, पिता–स्वः झिरगा उरांव<br>3. ग्राम–कोको नवाटोली, पोस्ट–रघुनाथपुर, थाना–चान्हों, प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में चोट का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2069 2. आवेदक–प्रतिमा लकड़ा, पति–कंचन केरकेट्टा<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2070 2. आवेदक–ज्योति मिंज, पति–जोसेफ मिंज<br>3. ग्राम–सोसई , पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल के बीच गोदना का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2071 2. आवेदक–कंचन केरकेट्टा, पति–स्व0 बेंजामिन केरकेट्टा<br>3. ग्राम–सोसई मरिया टोली, पोस्ट–सोसई आश्रम, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–**2(ix)** |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2072 2. आवेदक–बिरसा तिर्की , पिता–स्व0 चामा तिर्की<br>3. ग्राम–कोराम्बी, पोस्ट–कोराम्बी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–**2(ix)** |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2073 2. आवेदक–सुनील मिंज , पिता–नाथू मिंज<br>3. ग्राम–झिंझरी, पोस्ट–कोराम्बी, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2074 2. आवेदक–गंगी उराईन, पति–चम्पा उरांव<br>3. ग्राम–स्टेषन टोली, सकरा , पोस्ट–सकरा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें छाती में तिल का दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2075 2. आवेदक–सुमन उराँव, पति–दुखा उराँव<br>3. ग्राम–टोटाम्बी , पोस्ट–नगड़ा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2076 2. आवेदक–रेखा उराँव, पति–धुमा उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर के अंगुठा के पास मासा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2077 2. आवेदक–प्रीति उराँव, पति–फुलदेव उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें अंगुठा में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2078 2. आवेदक–सुनीता कुजूर, पति–राजेश कुजूर<br>3. ग्राम–कुर्गी , पोस्ट–कुर्गी, थाना–ईटकी , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में कटा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2079 2. आवेदक–राजेष कुजूर, पिता–धर्मदास कुजूर<br>3. ग्राम–कुर्गी , पोस्ट–कुर्गी, थाना–ईटकी , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें घुटना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2080 2. आवेदक–मांगा उराँव, पिता–स्व0 जट्टा उराँव<br>3. ग्राम–लोथो, सांड़ टोली , पोस्ट–सकरा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में तिल। | कंडिका–**2(ix)** |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2081 2. आवेदक–मंगलदेव उराँव , पिता–स्व0 रोपना उराँव<br>3. ग्राम–करगे , पोस्ट–करगे, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में मासा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2082 2. आवेदक–दुर्गा उराँव , पिता–बान्दे उराँव<br>3. ग्राम–लोथो, नवाटोली , पोस्ट–सकरा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2083 2. आवेदक–सुका उराँव , पिता–चम्पा उराँव<br>3. ग्राम–लोथो, बगिचा टोली , पोस्ट–सकरा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2084 2. आवेदक–दुखा उराँव , पिता–खद्दी उराँव<br>3. ग्राम–टोटाम्बी , पोस्ट–नगड़ा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में सिका का निषान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2085 2. आवेदक–षिवेर लकड़ा , पिता–स्व0 चरवा उराँव<br>3. ग्राम–बिसहाखटंगा, पोस्ट–बिसहाखटंगा, थाना–माण्डर , प्रखण्ड–माण्डर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें भौं में घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महावीर विष्वकर्मा एवं राजेन्द्र मेहता द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान एवं बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1945 2. आवेदक–नासीर अंसारी , पिता–सुलेमान अंसारी<br>3. ग्राम–चितरकोटा, बड़का टोली , पोस्ट–पाली, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के पास कटा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1946 2. आवेदक–मंजुर आलम , पिता–मोहम्मद हुसैन<br>3. ग्राम–कन्नौज , पोस्ट–बनापिड़ी, थाना–रातू , प्रखण्ड–रातू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर में घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी गोविन्द महतो एवं कालीचरण महतो, जन्मेंजय महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान एवं बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1947 2. आवेदक–रमाकांत उपाध्याय , पिता–स्व0 सुकनन्दन उपाध्याय<br>3. ग्राम–पालना, पोस्ट–बाबुरामडीह, थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीने पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1948 2. आवेदक–बैसाखी देवी , पति–कलेश्वर महतो<br>3. ग्राम–रोलाबेड़ा, पोस्ट–जानुमपीड़ी, थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–71 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1949 2. आवेदक–कुम्भ कर्ण स्वाँसी , पिता–स्व0 जगु स्वाँसी<br>3. ग्राम–सुमानडीह, पोस्ट–सुमानडीह, थाना–बुण्डू , प्रखण्ड–बुण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1950 2. आवेदक–श्रवण कुमार भगत, पिता–सुर्य कुमार भगत<br>3. ग्राम–रायडीह , पोस्ट–तमाड़, थाना–तमाड़ , प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1951 2. आवेदक–मुंशी अहीर , पिता–स्व0 नबो अहीर<br>3. ग्राम–ओड़ेदारू, पोस्ट–लांदुपड़ीह , थाना–सोनाहातु , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 156. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1952 2. आवेदक–भक्तिराम महतो, पिता–स्व0 बिनोद महतो<br>3. ग्राम–बारूहातु , पोस्ट–सोनाहातु , थाना–सोनाहातु , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 157. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1953 2. आवेदक–भोला नाथ महतो, पिता–गोपि चन्द्र महतो<br>3. ग्राम–पतराहतु , पोस्ट–पतराहातु , थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–कंधा पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 158. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1954 2. आवेदक–प्रदीप कुमार महतो, पिता–स्व0 धनाराम महतो<br>3. ग्राम–सोसो , पोस्ट–नवागढ़ , थाना–सिकीदरी, प्रखण्ड–अनगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट पर कटा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 159. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1955 2. आवेदक–हलधर (महतो)चौधरी , पिता–रोहिना महतो<br>3. ग्राम–नवाडीह , पोस्ट–बड़ाचांगडू , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–**2(ix)** |
| 160. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1956 2. आवेदक–दुख हनण मछुवा , पिता–स्व0 जगन्नाथ मछुवा<br>3. ग्राम–फुलवार टोली बुण्डू , पोस्ट–बुण्डू , थाना–बुण्डू , प्रखण्ड–बुण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 161. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1957 2. आवेदक–महेश्वर महतो , पिता–सोनाराम महतो<br>3. ग्राम–पिताईडीह , पोस्ट–चिरूडीह , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें कंधा पर मस्सा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 162. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1958 2. आवेदक–कलेश्वर महतो , पिता–बिरसा महतो<br>3. ग्राम–डोकाद , पोस्ट–डोकाद , थाना–राहे , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 163. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1959 2. आवेदक–निवारण महतो , पिता–आकलु महतो<br>3. ग्राम–राईकोचा , पोस्ट–गोडाडीह , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–**2(ix)** |
| 164. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1960 2. आवेदक–जगबन्धु मेहता , पिता–श्याम महतो<br>3. ग्राम–पतराहातु , पोस्ट–पतराहातु , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 165. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1961 2. आवेदक–लक्ष्मण महतो , पिता–सोनालाल महतो<br>3. ग्राम–हनुमान मंदिर , पोस्ट–टाटी सिलवे , थाना–टाटी सिलवे , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने पर कटा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 166. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1962 2. आवेदक–मनी लाल महतो , पिता–जोगी महतो<br>3. ग्राम–गारू, पोस्ट–काँके , थाना–काँके , प्रखण्ड–काँके<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 167. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1963 2. आवेदक–दिनेश महतो , पिता–चतुर महतो<br>3. ग्राम–दारहा पोस्ट–डोकाद , थाना–राहे , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाये हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 168. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1964 2. आवेदक–योगेश महतो , पिता–विशो महतो<br>3. ग्राम–डोकाद , पोस्ट–राहे , थाना–सोनाहातु , प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 169. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1965 2. आवेदक–पूर्ण चन्द्र तांती, पिता–करूणा कर तांती<br>3. ग्राम–खुदपोस, पोस्ट–रायकेरा , थाना–मनोहरपुर , प्रखण्ड–मनोहरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष , पहचान चिन्ह–होठ के निचे मस्सा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 170. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1966 2. आवेदक–पुनी लाल महतो , पिता–धरमा महतो<br>3. ग्राम–राजाडेरा (सुपा), पोस्ट–राजडेरा , थाना–अनगड़ा , प्रखण्ड–अनगड़ा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 171. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1967 2. आवेदक–जय कृष्ण दास , पिता–स्व0 करूण दास<br>3. ग्राम–खुदपोस, पोस्ट–रायकेरा , थाना–मनोहरपुर , प्रखण्ड–मनोहरपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 172. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2086 2. आवेदक–षषि भूषण महतो , पिता–मनबोध महतो<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग, पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें घुटना में चोट का निषान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 173. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2087 2. आवेदक–सनातन महतो , पिता–स्व0 धनसिंह महतो<br>3. ग्राम–जिलिंग सेरेंग, पोस्ट–जिलिंग सेरेंग , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–गाल में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 174. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2088 2. आवेदक–एतवा उराँव , पिता–स्व0 गणेश उराँव<br>3. ग्राम–गुमानडीह, पोस्ट–परासी , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 175. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2089 2. आवेदक–लबीन महतो, पिता–धनंजय महतो<br>3. ग्राम–रोलाडीह, टोला–चिरगालडीह, पोस्ट–जारगो , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 176. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2090 2. आवेदक–पुस्कर प्रजापति, पिता–स्व0 सोमरा प्रजापति<br>3. ग्राम–तमाड़ टोला मोदीडीह, पोस्ट–तमाड़ , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 177. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2091 2. आवेदक–संजय सेठ, पिता–स्व0 हरिपदो सेठ<br>3. ग्राम–सरजामडीह, पोस्ट–सरजामडीह , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–गला में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 178. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2092 2. आवेदक–मोहनलाल महतो, पिता–स्व0 आकला महतो<br>3. ग्राम–दिउड़ी टोला चायगुड़िया, पोस्ट–अम्लेसा , थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामेष्वर महतो एवं बानेष्वर महतो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान एवं बैठक पंजी में नाम के आधार पर। | |
| 179. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1968 2. आवेदक–आदरी देवी , पति–भूषण लोहरा<br>3. ग्राम–जाराडीह, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–महिला, आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 180. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1969 2. आवेदक–मंगली देवी , पति–पितम्बर मुण्डा<br>3. ग्राम–जाराडीह, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां गला में तिल दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 181. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1970 2. आवेदक–चिन्ता देवी , पति–स्व0 नरेष सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–कोम्बो जाराडीह, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ पर मासा का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 182. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1971 2. आवेदक–मो0 बेलू देवी , पति–स्व0 पंचानन लोहरा<br>3. ग्राम–बेला, पोस्ट–राहे, थाना–राहे, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर फोड़ा का दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 183. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1972 2. आवेदक–ओमप्रकाष सिंह, पिता–दिवाकर सिंह<br>3. ग्राम–राहे, पोस्ट–राहे, थाना–राहे, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–**2(ix)** |
| 184. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1973 2. आवेदक–राजीव कुमार महतो, पिता–कृष्णा महतो<br>3. ग्राम–कोम्बो जाराडीह, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें अंगुठा में कटा हुआ निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 185. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1974 2. आवेदक–रमेष चन्द्र महतो, पिता–कृष्णाचन्द्र महतो<br>3. ग्राम–कोम्बो जाराडीह, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती में तिल का दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 186. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1975 2. आवेदक–रंजीत कुमार महतो, पिता–स्व0 जन्मेंजय महतो<br>3. ग्राम–कोम्बो जाराडीह, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर पर कटे का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 187. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1976 2. आवेदक–श्यामचरण मुण्डा, पिता–नन्दलाल मुण्डा<br>3. ग्राम–कोम्बा, पोस्ट–आम्बाझारिया, थाना–अनगड़ा, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक में तिल का निषान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 188. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1977 2. आवेदक–अनिल कुमार महतो, पिता–स्व0 राम गुलाम महतो<br>3. ग्राम–गोमदा, पोस्ट–राहे, थाना–राहे, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती पर काला तिल का दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 189. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1978 2. आवेदक–अनन्त राम महतो, पिता–स्व0 नटवर महतो<br>3. ग्राम–डोकाद, पोस्ट–राहे, थाना–सोनाहातु, प्रखण्ड–राहे<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर घाव का निशान। | कंडिका–**2(ix)** |
| 190. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1979 2. आवेदक–दुलारी देवी , पति–पुरन चन्द्र महतो<br>3. ग्राम–लोटा (मोदीडीह), पोस्ट–लोटा, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां हाथ तिल का दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 191. | 1. आवेदन क्र0–24 / 1980 2. आवेदक–सिमती देवी , पति–रामेश्वर महतो<br>3. ग्राम–लोटा (मोदीडीह), पोस्ट–लोटा, थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–महिला, आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायां गला में तिल दाग। | कंडिका–**2(ix)** |
| 192. | 1. आवेदन क्र0–24 / 2093 2. आवेदक–विनती देवी , पति–नन्दलाल महतो<br>3. ग्राम–जामडीह पोस्ट–उलिलोहर, थाना–तमाड़, प्रखण्ड–तमाड़<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेहरा में दाग। | कंडिका–**2(ix)** |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिवर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 341555 Home(24-25).D

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# एनएच निर्माण में हो रही है पुराने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, लोगों में आक्रोश

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार में विकास जरूरी है, लेकिन क्या इतिहास को कुचल कर क्या राज्य की पहचान रहे जंगल-पहाड़ों की बलि लेकर? क्या मासूम जानवरों का सुकून छीन कर? क्या राज्य में रहने वाली बड़ी आबादी, यानी आदिवासियों के विश्वास और भावनाओं को कुचल कर? नहीं, बिल्कुल नहीं, लेकिन ऐसा ही हो रहा है कुडू से चंदवा होते हुए विंडमगंज जाने वाले एन एच ए आई के भारतमाला प्रोजेक्ट की निर्माणाधीन सड़क पर। बर्बरीक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के द्वारा संचालित एनएचएआई के इस प्रोजेक्ट के लिए जिस तरह पेड़ों की कटाई की जा रही है वो बेहद चिंताजनक है। कुडू ,चंदवा, लातेहार के बीच विंडमगंज तक जाने वाली सड़क को पहले चरण में लुकुइया मोड़ होते हुए उदयपुर से जोड़ा जाना है और इस कार्य के संचालन के लिए बर्बरीक प्राइवेट लिमिटेड को संविदा आबंटन हुआ है। कंपनी ने क्षेत्र की ऐतिहासिक अमझरिया घाटी में अपना अस्थायी कैंप डाला है और तेजी से कार्यों का संचालन प्रारंभ है। यहां गौर करने योग्य बात यह है कि इस इलाके में घने जंगल हैं और वर्तमान सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वर्ष पुराने छायादार, इमारती लकड़ियों, यहां तक कि





स्थानीय आदिवासी मान्यताओं के अनुसार पूजनीय वृक्ष भी हैं जिसकी पूजा यह समाज वर्षों से करता आया है और सड़क के चौड़ीकारण के दौरान बेतहाशा इन पेड़ों की कटाई की जा रही है। इस विषय पर बात करते हुए चंदवा के पड़हा राजा और प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता तथा आदिवासी नेता धनेश्वर उरांव कहते हैं कि विकास के नाम पर हमारे जंगल इसकी भेट चढ़ रहे हैं इससे आदिवासी मूलवासी भावनाएं आहत हैं। चलिए विकास के लिए ये कुर्बानी दे भी दें तो एनजीटी के प्रावधानों के अंतर्गत कंपनी को पेड़ों की कटाई के अनुपात में कहीं ना कहीं वृक्ष लगाने चाहिए थे और इसके लिए स्थानीय लोगों और ग्राम सभाओं को विश्वास में लेना चाहिए था पर ऐसा नहीं किया गया है, जो चिंता का विषय है। इस विषय पर गहरी चिंता जताते हुए बोदा पंचायत की मुखिया ललिता देवी कहती हैं कि सड़क बनने की खुशी थी, लेकिन पेड़ों की अंधाधुंध कटाई देख कर अब मन विचलित हो रहा है। जब हमारे पेड़, जंगल ही नष्ट हो जायेंगे तो फिर ऐसे विकास का क्या फायदा। ललिता कहती हैं कि हमने वर्षों जिन पेड़ों की छाव में गुजारे आज उन्हीं पेड़ों को काट कर ट्रकों पे जाते देखना बहुत दुख देता है, अच्छा होता अगर आदिवासी-मूलवासी भावनाओं को ध्यान में रख कर पहले बड़े पैमाने पर पेड़ लगाये जाते और फिर जरूरत के अनुसार कम से कम पेड़ काटे जाते। उन्होंने कहा कि इस बाबत वह अपने लोगों से चर्चा कर आंदोलन की तैयारी कर रही हैं। इसी विषय पर जब आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता और इंडिया ब्लॉक के प्रदेश के नेता सौरभ श्रीवास्तव से बात की गयी, तो उन्होंने कहा कि सड़क बना रही कंपनी का रवैया अहंकारी है और किसी विषय पर बात करने को इसके अधिकारी और कर्मचारी तैयार नहीं रहते। किसी भी विकास कार्य के लिए वहां की स्थानीय आबादी को विश्वास में लेने का प्रावधान है, लेकिन यहां कंपनी के लोग कॉरपोरेट कंपनी की तर्ज पर काम कर रहे हैं, जिससे स्थानीय आबादी में रोष है। उन्होंने कहा कि यहां एक और बात बेहद महत्वपूर्ण है कि यह इलाका एलीफैंट मूविंग कोरिडोर के रूप में चिह्नित है और इन क्षेत्रों में विकास कार्यों के संचालन के अलग प्रावधान होते हैं, जिससे वन्य जीवों विशेष कर हाथियों के जीवन पर दुष्प्रभाव से बचा जा सके, लेकिन इस पर तनिक भी ध्यान दिये बिना यहां काम करने वाली कंपनियां मनमाने तरीके से कार्य संचालन कर रही हैं जो बेहद चिंतनीय है और जल्द ही यहां के लोग इस पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। यहां यह बताना महत्वपूर्ण है कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र में आये दिन हाथियों के झुंड के अनियंत्रित होकर आबादी क्षेत्र में चले जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिसका सीधा संबंध इस प्रकार हो रहे वनों के क्षय से हो सकता है। यहां यह बात भी गौर करने योग्य है कि इस सड़क के प्रोजेक्ट को अपरिहार्य बता कर सभी काम किये जा रहे हैं और कहा जा रहा है कि इस पर सभी प्रकार की स्वीकृति है, लेकिन कुछ दिनों पूर्व हरियाणा में भारत माला की इसी परियोजना पर एनजीटी ने पेड़ों की कटाई और जल स्रोतों को नुकसान पहुंचाने के लिए पैंतालीस करोड़ का भारी भरकम जुर्माना लगाया था, जिसे बाद में उच्च न्यायालय ने भी बरकरार रखा था, इसलिए ऐसा नहीं है कि देश हित की आड़ में ये परियोजनाएं सभी मानको को नजरअंदाज करने के लिए स्वतंत्र हैं। कुल मिला कर यह सड़क परियोजना आज की तारीख में दोधारी तलवार की तरह है, जिससे विकास तो पता नहीं भविष्य में कितना हो, लेकिन वर्तमान में प्रकृति पर नश्तर चला कर स्थानीय और आदिवासी भावनाओं और मूल्यों की बलि चढ़ा कर, वर्षों पुराने दरख़्तों को नष्ट कर के बनने वाली यह सड़क और इसे बनाने वाली तुगलकी कंपनी और उसके तानाशाही करने वाले कर्मचारी आदिवासी, मूलवासी और स्थानीय लोगों को शूल की तरह चुभ रहे हैं। आम रैयत भी मुआवजे को लेकर आक्रोश में में आम रैयतों ने आरोप लगाया है कि जो कंपनी सड़क बनाने का कार्य कर रही है, वह रैयतों को बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा नहीं दे रही है और पेड़ पौधे काटना शुरू कर दिया है, जबकि फॉरेस्ट ने भी लिखित कोई कागजात सड़क बनाने वाली कंपनी को अभी तक नहीं दिया है, परंतु यह सड़क बनाने वाली कंपनी अपनी मनमानी तरीके से हजारों इमारती पेड़ काट कर पेड़ की कटी लकड़ी को अपने स्थान पर ले जा रही है, जिससे भी हम सभी ग्रामीण आहत महसूस कर रहे हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग सभी रैयत कर रहे हैं कि रैयतों को सही मुआवजा और एनएचएआई को निर्देशित करें कि जो भी कंपनियां सड़क बनाने का कार्य कर रही हैं वे बाजार मूल्य पर मुआवजा देकर कार्य करें।

## पंचायतों में शिविर की सफलता को लेकर बीडीओ ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की बैठक 10 दिसंबर से 20 दिसंबर तक होने वाली पंचायतों में ईकेवाईसी शिविर की सफलता को लेकर आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड के नये प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, नये प्रभारी सहायक गोदाम प्रबंधक संतोष उरांव समेत सभी पीडीएस दुकानदार शामिल थे। बैठक में 10 दिसंबर से सभी पंचायत सचिवालय में ईकेवाईसी कराने को लेकर आयोजित बैठक में बीडीओ ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिया कि अपने-अपने दुकान के सभी कार्डधारी का लगने वाले शिविर में आवश्यक रूप से ईकेवाईसी कराए। उन्होंने कहा कि प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी की देखरेख सभी पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा। बीडीओ ने कहा कि शिविर में सभी कार्डधारी के सभी सदस्यों का ई केवाईसी करना सुनिश्चित करें।साथ ही लगने वाले शविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ड धारी का आयुष्मान कार्डभी बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से नए लाभुक कार्डधारी का नाम जोड़ने,नया ग्रीन राशन कार्ड बनाने का भी काम किया जायेगा। बीडीओ ने इसका प्रचार प्रसार कर सभी कार्डधारकों को लाभ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के अनुसार 10 दिसंबर केचकी पंचायत सचिवालय में,11 को बेतला और मंगरा पंचायत सचिवालय में, 12 को खुरा एवं बरवाडीह में,13 को उकामाड़ व कुचिला,14को छिपादोहर , केड पंचायत में, 16को छेचा पंचायत,17को मोरवाई,18 को लात,19,को हरातू एवं 20दिसंबर को चुगरू और गणेशपुर पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# समाज और देश के विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका : डीडीसी

**लोहरदगा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषण 2.0 के तहत पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम अंतर्गत सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका के लिए आईपीईएल की विशेषज्ञ टीम के द्वारा जिला समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के



सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में उप-विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि समाज और देश के विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा की आधारशिला रखा जाती है। गर्भवती महिला की नियमित जांच और पोषण, पोषाहार के जरिये स्वस्थ शिशु का ध्यान रखा जाता है। जन्म के बाद बच्चों को पोषाहार, कुपोषण की जांच, पोषणयुक्त आहार के जरिये स्वस्थ्य शिशु की पौध तैयार की जाती है। इसके साथ-साथ विद्यालय जाने से पहले आंगनवाड़ी केंद्र में ही बच्चों को प्रारंभिक साक्षरता का पाठ पढ़ाया जाता जाता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका का कार्य देश के भविष्य को गढ़न में बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ाया जाना चाहिए। इसी प्रकार पीवीटीजी जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी उनकी संस्कृति व उनके तौर-तरीकों के साथ समन्व्यय बनाते हुए पढ़ाया जाना चाहिए। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत अन्य मौजूद थे।

**कार्यशाला में प्रशिक्षण का लाभ उठाएं**

उप विकास आयुक्त ने कहा कि आज प्रशिक्षण के जरिये सभी मास्टर टेज्नर्स ( सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिका ) लाभ उठाएं और गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करें। आज राष्ट्रीय स्तर पर बात की जाय तो राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में आंगनवाड़ी केंद्रों और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बेहतर कार्य हो रहा है। हमें उस मॉडल पर काम करने की जरूरत है। जब आज प्रशिक्षण के बाद आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्य करें तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें।

## कोल्हान की खबरें

# भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर महानगर में भाजपा की सदस्यता अभियान के लिए जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। सोमवार को महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में बैठक के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी सदस्यता अभियान की सफलता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। बैठक में 15 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यशाला का निर्णय लिया गया। इसके बाद 18 व 19 दिसंबर को सभी मंडलों में कार्यशाला का आयोजन होगा। 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान



की शुरूआत की जायेगी। महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान संगठन के विस्तार और जमीनी स्तर तक पार्टी की विचारधारा सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान को जन-जन तक पहुंचाने व संगठन को सुदृढ़ बनाने का आह्वान किया। त्रिपाठी ने कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग को भाजपा की विचारधारा और नीतियों से जोड़ने का एक अवसर है।वहीं महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा देशभर में संगठन द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 22 दिसंबर से जमशेदपुर महानगर में अभियान की विधिवत शुरूआत होगी। अभियान के तहत जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और उन्हें पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जमशेदपुर महानगर में लगभग 2.5 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान बूथ, मंडल और जिला स्तर पर संचालित होगा। पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक योगदान देकर संगठन को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक डॉ राजीव कुमार, सह संयोजक संतोष ठाकुर ओबीसी मोर्चा महामंत्री महेंद्र प्रसाद समेत अन्य मौजूद रहे।

## संजीव सरदार और उनकी धर्मपत्नी का कांग्रेसियों ने किया जोरदार स्वागत



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। पोटका विधानसभा क्षेत्र के हल्दीपोखर बाजार में कांग्रेसियों ने इंडिया गठबंधन की जीत पर खुशी मनायी। मौके पर नव निर्वाचित विधायक संजीव सरदार एवं उनकी धर्मपत्नी रनीता सरदार शामिल हुए। सबसे पहले विधायक ने भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर झामुमो और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजुद रहे। वही पोटका प्रखंड के कांग्रेस नेताओं ने विधायक संजीव सरदार और उनकी धर्मपत्नी को फूलों का माला,संविधान की पुस्तकें,बुके और शाल भेट कर जोरदार स्वागत किया। विधायक संजीव सरदार ने कहा बीते 5 साल विकट परिस्थितियों में भी हेमंत सरकार में हम सभी मिलकर राज्य को आगे बढ़ने का काम किया। जो भाजपा 16 साल राज करने के बाद भी नहीं कर पाई। उन्होंने कहा भाजपा कभी भी क्षेत्र के जरूरतमंदों पर ध्यान नहीं दिया। यहां के आदिवासी, दलितों, अल्पसंख्यक और मूलवासियों के विकास के लिए भी नहीं सोचा। लेकिन बीते पांच साल हेमंत सरकार ने आम जनता के लिए सरकार आपके द्वार अभियान के तहत गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुचना ने का काम किया।महिलाओं के खाते में मईया सम्मान योजना के तहत एक एक हजार रुपया भेजने का काम किया। अब 2500 महिलाओं के खाते जाएगी। उन्होंने 2024 के विधान सभा चुनाव में जीत के लिए पोटका में महागठबंधन के सभी नेता और कार्यकर्ता सहित क्षेत्र के देव तुल्लो जनता के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद चंद्रावती महतो, आंदोलनकारी बबलू चौधरी, सुनील महतो, सैयद जबीउल्ला, सोमेन मंडल,ओम प्रकाश गुप्ता, जाहिद परवेज सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजद रहे।

## मध्यप्रदेश में विधायक के साथ डॉक्टर ने किया दुर्व्यवहार भारत आदिवासी पार्टी ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक कमलेश्वर डोडियार के साथ जिला अस्पताल रतलाम में पदस्थ डॉक्टर द्वारा जातिगत दुर्भावना स्वरूप अपमानित करने, गालियां देने एवं दुर्व्यवहार करने पर भारत आदिवासी पार्टी पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन के नेतृत्व में एक स्मार पत्र राष्ट्रपति द्रौपति मुर्मू को उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के माध्यम से सौंपा गया। जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन ने मांग की है कि दोषी पर एसटी एससी अत्याचार निवारण कानून 1989 के तहत तत्काल कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ताकि इस तरह की घटना का पुनरावृत्ति ना हो सके। प्रदेश महासचिव कृष्ण हांसदा ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का फर्ज है कि अपने क्षेत्र के जनता का स्वास्थ्य सेवा का ख्याल रखें। स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी लेने के लिए भी अस्पताल जा सकता है, परंतु पद स्थापित डॉक्टर जनप्रतिनिधि को सहयोग करने के बजाय उनके साथ दुर्व्यवहार और अपमानित करने का घृणित कार्य है, इसकी जितने भी निंदा किया जाए कम है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मदन मोहन सोरेन,प्रदेश महासचिव कृष्णा हांसदा,कार्तिक मुखी, सुनील बान सिंह, दीपक लकड़ा आदि उपस्थित थे।

# आदित्यपुर नगर निगम की कार्रवाई से नाखुश वार्ड 20 के दुकानदारों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 20 में बसे दुकानदार का नगर निगम के प्रति आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को सभी दुकानद्वारी की अलग अलग प्रतिक्रिया भी आने लगी है। फुटपाथी दुकान के एक वृद्ध महिला लखि दास ने बताया बीते 40 साल से दुकानदारी कर परिवार चलता था अब वह भी बंद हो गया। घर मे परिवार को रोटी दाल के लिए भी आफत आने लगी है। पति का भी निधन हो चुका है।



पूरे परिवार में एक एकेली महिला हूं दुकान के बदौलत राशन पानी का खर्च उठती थी। दुकान टूट जाना मेरे लिए एक बहुत बड़ी समस्या है। उन्होंने कहा कि आदित्यपुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के द्वारा 2021 में ही स्ट्रीट वेंडर कार्ड भी बनाया गया था। सभी दुकानदारों को व्यवस्थित किया जाना था, लेकिन आज तक नहीं किया गया। दुकान के खर्चे से ही दवाइयां चलती है। उन्होंने सभी से न्याय के लिए गुहार लगाते नजर आयी। वहीं दुकानदार धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा पिताजी 40 वर्ष पूर्व से ही यहां दुकानदारी करते थे। इससे पूरे परिवार का पूरा खर्च चलता था। बच्चों के स्कूल फीस से लेकर राशन तक आती है। नगर निगम के द्वारा अचानक अतिक्रमण हटाने से मुझे कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। बुढ़ापे में दुकानदारी भी दूसरे जगह नहीं कर सकते।पान दुकानदार शंकर सिंह ने कहा कैंसर पेशेंट है। प्रत्येक दिन दवाई का खर्चा 300 रुपया उठना पड़ता है। अगर दुकान टूट जाती है तो मेरे दवाई के भी लाले पड़ जाएंगे। दुकान टूटने के डर से मेरी नींद भी पूरी नहीं हो पा रही है। तबीयत और बिगड़ने लगी है। मौके पर सभी ने जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी से न्याय के लिए गुहार लगाते दिखे।

## झामुमो नेता ने अनुग्रह बाल आश्रय को दिया 50 किलो चावल




घाटशिला (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता चौधरी उमेश सिंह ने मानवता दिखाते हुए सोमवार को मुसाबनी शांतिनगर में चल रहे अनुग्रह बाल आश्रम में रहने वाले करीब 15 निर्धन बच्चों की मदद करते हुए उन्हें 50 किलो ग्राम चावल देकर मदद की। झामुमो नेत्री पुष्पा डेनियल द्वारा खाद्य सामग्री आश्रम के संचालिका एस इग्नेश को प्रदान किया गया। चौधरी उमेश ने कहा कि अनाथ आश्रम की संचालिका एस इग्नेश ने आग्रह किया था कि बच्चों को खाने पीने की आश्रम में दिक्कत हो रही है, मदद की जाए। जानकारी मिलते ही बच्चों की मदद की गयी है।

## प्राचार्य डॉ आर के चौधरी का हुआ भव्य अभिनंदन



घाटशिला (आजाद सिपाही)। घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी का कॉलेज के एनसीसी कैडेटों द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। एनसीसी के वरिष्ठ कैडेट प्रदीप टुडू ने बताया कि प्राचार्य कैप्टन डॉ चौधरी पूर्व में एनसीसी अधिकारी रह चुके हैं। इनके कार्यकाल में एनसीसी गतिविधियों को बहुत बढ़ावा मिला है। साथ हीं उन्होंने कहा कि प्राचार्य को नेपाल में पिछले सप्ताह इंटरनेशनल अवार्ड मिला है। फिर जमशेदपुर में शनिवार को परमहंस लक्ष्मी नाथ गोस्वामी सम्मान मिला। इस सम्मान से हम लोगों में काफी खुशी है। सभी कैडेटों ने मिलकर प्राचार्य को अंग वस्त्र, फूल माला और गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया तथा लड्डू खिलाया। इस मौके पर प्राचार्य ने कॉलेज के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों के प्रति आभार जताया। प्राचार्य ने बताया कि मुझे जो इंटरनेशनल अवार्ड एवं सम्मान मिला है यह कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस वॉलिंटियर्स, खिलाड़ियों एवं छात्र प्रतिनिधियों के अपार सहयोग के कारण संभव हो पाया है

# कार्यादेश के 6 माह बाद भी शुरू नहीं हुआ नाली निर्माण

**कार्यादेश के बाद योजना की कोई सुधि लेने वाला नहीं**

आफताब अंजुम

**गुमला।** नगर परिषद की उदासीनता के कारण कई निविदा के कार्य निविदा स्वीकृति और कार्य आदेश के बवाजूद अभी तक धरातल पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण कई बार तो फंड की वापसी और कभी उस स्वीकृत राशि को दुसरी योजना में खर्च करना पड़ता है। जिससे प्राथमिकता के आधार पर होने वाले कार्य अधर में लटक जाते हैं। साथ ही जरूरतमंदों को सुविधा पाने से वंचित होना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार गुमला नगर परिषद के द्वारा निकाले गये टेंडर पर 6 महीने बीत जाने के बावजूद अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ। जबकि अप्रैल में नगर परिषद द्वारा नाली और नाली के ऊपर ढक्कन डालने के लिए एक टेंडर निकाला गया था। जिस पर निविदा के बाद यह कार्य एक ठेकेदार को आवंटित किया गया। ठेकेदार को यह टेंडर 27 जून 2024 को नगर परिषद द्वारा स्वीकृत। इस निविदा के बाद जीयूएम/एनपी/04/2023-24 के ग्रुप 2 के तहत संवेदक को कार्य आदेश दिया गया था। इस नाली निर्माण कार्य को नगर परिषद के वार्ड नं 14 के अंतर्गत नसीम खान के घर से स्व. शौकत अली के घर तक होना है। जिसकी प्राक्कलित राशि 1478738 है। लेकिन देखने वाली बात तो यह है कि टेंडर दिये जाने के 6 महीने बीत जाने के बाद नाली निर्माण तो दूर नाली के नाम पर एक ईंट भी अभी तक नहीं रखी गयी है। इस पर कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हैरत की बात यह है कि नगर परिषद के पदाधिकारी भी इस मामले में कोई पूछताछ नहीं कर रहे हैं। इस मामले पर सभी मौन है। जबकि इस गली में नाली की सख्त जरूरत है। देखना यह है कि नाली निर्माण को कब तक पूर्ण किया जाता है।

## उपायुक्त ने दुंदरिया के ग्रामीणों से की मुलाकात

# समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर प्रखंड के असनी पंचायत स्थित दुंदरिया ग्राम का उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने दौरा किया। ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में विकास योजनाओं के कार्यान्वयन के उद्देश्य से ग्रामीणों से मुलाकात की। ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। ग्रामीणों ने विकास की मांगे, उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त से मुलाकात करते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, सरना स्थल बनवाने, घर, नहर से सिंचाई कराने हेतु सुविधा, स्कूल में बच्चों के खेलने हेतु मैदान, तालाब एवं कुआं की मरम्मती, अखाड़ा की मरम्मती, धुमकुड़िया भवन बनाने, बिजली, पानी, शिक्षा और जल मीनारों के मरम्मत एवं अन्य समस्या को लेकर आवेदन भी सौंपे। उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए कार्रवाई का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जाये और उनकी समस्याओं का समाधान शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाये और विभिन्न पेंशन योजनाओं, वृद्धा पेंशन योजना, मईया सम्मान योजना सहित अन्य पेंशन योजनाओं से छूटे हुए व्यक्ति को लाभ दिलाने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने ग्रामीणों के महिला मंडल को विशेष रूप से लाभ लेने तथा कार्य कर अपने पर निर्भर होने को कहा। जिससे महिला अपने घर चला सके तथा ग्रामीणों के बच्चों के पॉलिटेक्निक कॉलेज जैसे में नामांकन हेतु अच्छे तैयारी करने को कहा गया।

ग्रामीणों में विश्वास और आशा का संचार किया है। प्रशासन और समुदाय के बीच सीधा संवाद स्थापित होने से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि ग्राम के विकास में सबसे अधिक ग्रामीणों के सहयोग की आवश्यकता होती है, उन्होंने कहा कि चंदाली ग्राम कलेक्टर ऑफिस के सबसे नजदीक में हैं, यह के ग्रामीणों के सहयोग के ग्राम विकास के लिए जिला प्रशासन पूर्ण रूप से तैयार है, किसी भी समस्या के लिए आप तुरंत समाहरणालय भी आ सकते हैं। इसके साथ ही उपायुक्त ने ग्रामीणों से अपने बच्चों को पढ़ाने के प्रति प्रेरित किया।

इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी गुमला, अंचल अधिकारी गुमला, मुखिया, वार्ड सदस्य सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## अवैध पटरा लदा पिकअप जब्त



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** गुमला जिले के टोटो थाना क्षेत्र के पतगच्छा निवासी आदतन अपराधी पवन गिरी की गाड़ी को चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी के नेतृत्व में पुलिस और कुरूमगढ़ वन टीम फोरेस्टर चंद्रदेव उरांव ने संयुक्त कार्यवाही कर चिरान लकड़ी के साथ जब्त कर लिया है। पवन गिरी पर कई मामले दर्ज है और वह कुरूमगढ़ वन प्रक्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध परिवहन का पर्याय बन चुका था। पिछले एक सप्ताह से करूमगढ़ वन टीम और गुमला वन टीम संयुक्त रूप से उसकी घर पकड़ के लिए कार्रवाई कर रही थी। चैनपुर थाना द्वारा सूचना मिलने पर कुरूमगढ़ टीम ने पवन गिरी की गाड़ी को चिरान लकड़ी के साथ जब्त कर लिया और सुरक्षित चैनपुर आवासीय परिसर में लाकर रखा गया है। हालांकि, अपराधी पवन गिरी पुलिस को देख अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ नामजद केस की कार्रवाई की जा रही है। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## बालक-बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग प्रतियोगिता में रायडीह का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में संकुल स्तरीय बालक बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग प्रतियोगिता में रायडीह का उत्कृष्ट प्रदर्शन। बिलासासशिविमं भलमंडा रायडीह के भैया बहनों ने भी भाग लिया था। जिसमें 100 मी दौड़ में प्रथम स्थान बहन रितिका कुमारी (बाल वर्ग), वंदना प्रश्नमंच प्रथम स्थान बहन कांति, अंचल, रितिका (बाल वर्ग), गणित रेस तृतीय स्थान भैया सौरभ गिरी (बाल वर्ग), हिंदी अंग्रेजी सुलेख तृतीया स्थान भैया बलराम लोहर (शिशु वर्ग), वंदना तृतीय स्थान ललिता, पूजा शिवांशु (शिशु वर्ग), मासिक गीत तृतीय स्थान ललिता, पूजा, विमला (शिशु वर्ग) और किशोर वर्ग से मासिक गीत में भैया रोहित सिंह, दिलीप नागेसिया और भैया अमित उरांव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस वैक्तित्व विकास वर्ग में रायडीह के प्रति भागी भैया बहनों का उत्कृष्ट प्रर्दशन रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद सिंह ने भैया बहनों आने वाले प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने में प्रोत्साहित करते हुए सभी प्रति भागियों एवं आचार्य दीदी को हार्दिक शुभकामनाएं दिये।

# कांग्रेसियों ने मरीजों को फल देकर मनाया सोनिया गांधी का जन्मदिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमिटी गुमला के तत्वावधान में गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम की अध्यक्षता में सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर संत जोसेफ हॉस्पिटल उर्मी गुमला में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। महिला मेंटल हॉस्टल शांति सदन गुमला, उर्मी हॉस्टल की मानसिक मानक बौद्धिक बच्चीयो के द्वारा सोनिया गांधी का ढोल बाजा के साथ जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। फिरोज आलमने कहा कि न्याय की मूर्ति सोनिया गांधी उनका जन्म 9 दिसंबर 1946 ई में हुआ। उन्हें पद्म भूषण अवार्ड 2008 से सम्मानित किया गया था। प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि सोनिया गांधी की कार्य कुशलता को देखते हुए 1998 में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया था और 2004 से 2014 तक संयुक्त गतिशील यूपीए की अध्यक्ष बनी रही। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता लोकसभा सांसद 2004 से 2019 तक बखूबी बनी रही। मौके पर जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद, सेवादल अध्यक्ष कलाम आलम, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, जिला उपाध्यक्ष विष्णु राम, सेवादल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति कुजूर, क्रिस्टीना, मीरा हमीर, इकराम उल हक, टोप्पो जी, ललिता देवी, इब्राहिम रब्बानी, रहमान अंसारी, अमर कुजूर, बैजनाथ भगत, समीर अंसारी आदि उपस्थित थे।

## घर से जेवरात और 50 हजार रुपये की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के दुंदुरिया स्थित देवी मंदिर के समीप जलेश्वर सिंह के मकान में रहने वाले किरायेदार वीरेंद्र सिंह का उस समय होश उड़ गया, जब गांव से घूमकर लौटते ही उनके कमरे से लाखों के जेवरात व नगद राशि अज्ञात चोर ले उड़े। चोरी के इस घटना को लेकर वीरेंद्र सिंह ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिये आवेदन में वीरेंद्र सिंह में कहा है कि वे मूल रूप से भरनो प्रखंड के दतिया के रहने वाले है। मगर वर्तमान में वे दुंदुरिया स्थित देवी मंदिर के समीप जलेश्वर सिंह के मकान में किरायेदार के रूप में रह रहे है। साथ ही नगर परिषद में टैक्स कलेक्टर का काम करते है। वीरेंद्र ने कहा है कि 8 दिसंबर को वे सुबह करीब 9 बजे गांव गये हुए थे। इसके बाद 9 दिसंबर को सुबह करीब साढ़े 9 बजे वापस लौटे तो किराये के घर का ताला टूटा हुआ था।

# दसवीं और बारहवीं की प्रीबोर्ड परीक्षा में 22613 विद्यार्थियों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक, स्थापना अनुमति प्राप्त एवं प्रसवीकृति प्राप्त माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा इंटर महाविद्यालय में झारखंड अधिविद्य परिषद के मैट्रिक एवं इंटर की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 2025 के पूर्वाभ्यास हेतु प्री बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आरंभ हुई। झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा सिकछा कर भेंट गतिविधि अंतर्गत उपायुक्त के नेतृत्व में प्री बोर्ड आयोजित किए जा रहे हैं जिसका विद्यालयों के साथ संबद्ध पदाधिकारियों द्वारा अनुश्रवण किया जा रहा है।

पूरे जिले के सभी 12 प्रखंड में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के कुल 22613 विद्यार्थियों में 18765 ने प्रीबोर्ड में भाग लिया जो 83% है।

मैट्रिक हेतु 164 विद्यालय में प्रीबोर्ड संपन्न हुआ जिसके अंग्रेजी विषय की परीक्षा हुई जिसके अंतर्गत कुल नामांकित 14188 बच्चों में 12210 बच्चे प्रीबोर्ड में सम्मिलित हुए जो कुल 86.6% है। इसी तरह कुल 47 विद्यालय/ इंटर महाविद्यालय में इंटर प्रीबोर्ड संपन्न हुआ। जिसके अंतर्गत भौतिकी, भूगोल तथा लोकशास्त्र की परीक्षा हुई जिसमें कुल नामांकित 8425 बच्चों में 6555 बच्चे शामिल हुए जो कुल 77.80% है।

## स्कूल बस दुर्घटनाग्रस्त होने से बची



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हिंडालको कंपनी द्वारा खनन क्षेत्र से घाघरा सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय तक बच्चों के लाने वाले बस रुकी घाट में दुर्घटना होते हुए बच गया। जर्जर सड़क से गाड़ी नीचे उतर गयी। हालांकि इस हादसे में बच्चों को कोई चोट नहीं आयी। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि सभी बच्चे बस पर सवार होकर बीमरला से घाघरा स्कूलों में पढ़ाई के लिए बस से आ रहे थे। इसी बीच रुकी घाटी के समीप जर्जर सड़क होने के कारण बस सड़क से नीचे जा उतरा। हालांकि किसी को कोई चोट नहीं लगी अगर पीछे पेड़ ना होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि बस का पिछला हिस्सा पेड़ के कारण नीचे जाने से रुक गया। क्योंकि उक्त पेड़ के पीछे गहरी खाई थी। वही ग्रामीणों ने कहा कि कई बार सड़क बनाने को लेकर ग्रामीणों द्वारा विधायक मंत्री सांसद उपयुक्त सभी को आवेदन दिया गया। कुछ दिन पूर्व उपायुक्त द्वारा आस्वस्त किया गया है कि उक्त सड़क का निर्माण जल्द होगा। लेकिन यह बड़ी हादसा टल गयी और हमारे बच्चे सुरक्षित है। वही बस को निकालने का प्रयास ट्रक ड्राइवर और ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है।

# गौरव बड़ाइक ने अंतरराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर से सटे फसिया पंचायत के पूर्व मुखिया सह समाज सेवी राजन बड़ाइक के पुत्र गौरव बड़ाइक ने मुंबई के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 7 दिसंबर को संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए राज्य और जिले नाम गौरान्वित किया है। गौरव का फाइनल मैच में मॉरीशस के प्रतिभागी से 4 अंकों से पराजय झेलनी पड़ी।ऐसे गौरव ने पूरे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया।गौरव ने महाराष्ट्र के दो प्रतिभागी को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी। गौरव के द्वितीय स्थान में रहने पर एम एम ए फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया।

वर्तमान में गौरव करौंदी स्थित जेबीआर पब्लिक स्कूल में दसवीं का छात्र है। उसके इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार समेत समाज भी गौरवान्वित है। गौरव के पिता राजन बड़ाइक के भाजपा का सक्रिय सदस्य होने के नाते जिला भाजपा के नेताओ ने भी बधाई दी है। इधर सोमवार को गौरव के गुमला लौटने पर जिले के खेलप्रेमियों और स्थानीय भाजपा के नेताओ ने टॉवर चौक पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। साथ ही उन्हें बधाई दी। इस मौके पर गौरव के पिता राजन बड़ाइक ने कहा कि किसी भी खेल में हार जीत लगा रहता है। हारने वाला ही जीतने का गुर सीखता है।हारने वालो में और आगे बढ़ने की जज्बा पैदा होती है। उन्होंने कहा कि बेटे ने मुंबई जैसे बड़े शहर में आयोजित प्रतियोगिता में बड़े-बड़े शहर के प्रतिभागियों को पराजित किया। यही इस जिले के लिए शान का विषय है। आगे उसके द्वारा और भी बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया जायेगा। बधाई देने वालो में जशवंत सिंह, सिकंदर कुमार सिंह, नरेश उरांव, विकास सिंह, दिनेश चौधरी, शंम्भू साहू, दीपू ठाकुर, लछमी बड़ाइक, मालती बड़ाइक आदि शामिल है।

# रमेश बने संविधान रक्षक अभियान के रांची महानगर पर्यवेक्षक, मिली बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान में रमेश कुमार चीनी को रांची महानगर के पर्यवेक्षक बनाए जाने का लोगों ने स्वागत किया। साथ ही स्थानीय टावर चौक पर उन्हे बुके व माला पहनकर उन्हें बधाई दी। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश कुमार चीनी को राष्ट्रव्यापी संविधान रक्षक अभियान के प्रदेश में और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए रांची महानगर के पर्यवेक्षक बनाया गया है। रमेश कुमार चीनी ने कहा के जिस तरह उन्हें रांची महानगर का पर्यवेक्षक बनाया गया है वे पूरी ईमानदारी निष्ठा एवं कुशलता के साथ संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। जिला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि रमेश कुमार चीनी को रांची महानगर का पर्यवेक्षक बनाया जाना गुमला जिला के लिए गर्व की बात है। बधाई देने वाले में से जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, जिला महासचिव फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद, जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष कलम आलम, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, एजाज अहमद, इकरामुल उल हक, क्रिस्टीना टोप्पो, ललिता देवी, अमर कुजूर, समेत अन्य उपस्थित थे।

### सदर प्रखंड के कांग्रेसियों ने दी बधाई

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा गुमला के वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश कुमार चीनी को रांची महानगर का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर सदर प्रखंड कांग्रेस कमेटी गुमला के अध्यक्ष गुलाम सरवर ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिस पथ पर एक कर्मठ और जुझारू व्यक्तित्व की जरूरत थी रमेश कुमार के रूप में प्रदेश का यह चयन बिलकुल दुरुस्त है। गुलाम सरवर की टीम ने रांची से गुमला पहुंचने पर रमेश कुमार को गुलदस्ता एवं माला पहनकर बधाई दी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी राधेश्याम पाल सिंह, बैजनाथ उरांव, प्रखंड महासचिव रहमान अंसारी, पंचायत अध्यक्ष समीर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष रामकिशन, पंचायत अध्यक्ष नारायण एक्का एवं अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

## घाघरा थाना गेट के पास हुई वाहन जांच



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार घाघरा थाना के मुख्य गेट के समीप वाहन जांच किया गया। इस क्रम में लगभग 50 से 60 दो चक्के वाहन को पकड़ा गया। वाहन से संबंधित कागज जात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस की जांच की गयी। वाहन से संबंधित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं होने पर कई मोटरसाइकिल चालक से जुर्माना के तौर पर चालान बनाकर गुमला कोर्ट या जिला परिवहन विभाग को भेजा गया। जिससे वाहन चालक अपना जुमार्ना भरकर थाना से गाड़ी छुड़वा सकते हैं। साथ ही पुलिस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। आये दिन सड़क दुर्घटना होने पर कई लोगों की जान बिना हेलमेट के कारण चली जा रही है। जिसे लेकर यह प्रयास और कार्रवाई की जा रही है। ताकि लोग सुरक्षित रहे।

## बाल अधिकार मुद्दे पर नृत्य और नाट्य कार्यशाला का समापन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सोमवार को सिनी संस्था द्वारा आयोजित चार दिवसीय जलवायु परिवर्तन और बाल अधिकार मुद्दे पर नृत्य एवं नाट्य कार्यशाला का समापन होटल सभेकर में किया गया। इस नृत्य व नाट्य कार्यशाला में रायडीह प्रखंड के पांच पंचायत कुडोछतरपुर, उपरखटंगा, कांसीर, जरजट्टा व सुरसांग के 25 बच्चों ने भाग लिया व जलवायु परिवर्तन व बाल अधिकार के मुद्दे पर समुदाय के लोगों को जागरूक करने के लिए नृत्य व नाटक सिखा। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षक हिमांशु कुमार व शिवांश चौबें ने बच्चों को चार दिनों में जलवायु परिवर्तन व बाल अधिकारों के मुद्दे पर नृत्य व नाटक सिखाया साथ ही नुक्कड़ नाटक के लिए स्क्रिप्ट तैयार करने, स्लोगन तैयार करने, प्रापर्टी बनाने, ड्रेस तैयार करने, नुक्कड़ नाटक अभ्यास करने व लोगों व समुदाय के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने का गुर सिखाया। साथ ही समापन के दौरान कार्यशाला में भाग लिए बच्चों को प्रमाण पत्र व मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जितेन्द्र कुमार सतपति, बैजन्ती देवी, सत्यभामा दास, संतोषी तिर्की, खुर्शीद आलम, अंकिता मिंज, खुशी कुमारी, किशोरी लकड़ा, अरुण कुमार सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# झायुमो के जिला उपाध्यक्ष ने मंत्री हफीजुल हसन से की शिष्टाचार भेंट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद उमर फारूक अंसारी ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर उमर फारूक अंसारी ने गुमला जिले में अल्पसंख्यक की स्थिति और उनके कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित चर्चा की। उमर फारूक अंसारी ने मंत्री को बताया कि गुमला अत्यंत पिछड़ा जिला है और यहां के अल्पसंख्यकों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। अल्पसंख्यक कल्याण के लिए आने वाला फंड का अभी तक काफी दुरुपयोग हो चुका है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण के लिए आने वाला फंड अच्छी योजनाओं पर आधारित हो जिससे अल्पसंख्यक समुदाय लाभहान्वित हो सके। ताकि योजना का उद्देश्य भी सफल हो। इस पर मंत्री हाफिजुर हसन ने उन्हें आश्वासन दिया कि अल्पसंख्यक मामलों से जुड़ी कल्याणकारी योजनाएं बिल्कुल सोच समझकर बनाई और पारित की जाएंगी। जिसका अल्पसंख्यक समुदाय को सीधा लाभ पहुंचेगा। मंत्री ने आश्वासन दिया कि वह जल्द ही गुमला जिले का दौरा भी करेंगे और वहां के अल्पसंख्यकों की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल करेंगे। ताकि सरकार द्वारा उनकी उन्नति और उनके विकास के लिए उपयुक्त योजनाएं तैयार की जा सके। मौके पर अतीक अहमद, मोहम्मद शाहबाज उर्फ राजा, मोहम्मद काशिफ अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## नियमित और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अभी तक नहीं मिला तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता, जताया रोष

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक समाज के अध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केंद्र सरकार की घोषणा के बाद भी अभी तक राज्य सरकार की ओर से नियमित एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए बढ़ोत्तरी की गयी तीन प्रतिशत मंहगाई भत्ता का भुगतान आदेश निर्गत नहीं किये जाने पर रोष व्यक्त किया गया। समाज के सचिव महावीर प्रसाद मिश्र ने कहा कि बढ़ी हुई मंहगाई भत्ता की राशि जुलाई माह से देय है।जिसका अभी तक भुगतान नहीं किया जाना खेदजनक है।

बैठक में गुमला से शंभु नाथ साहु, अमरनाथ साहु,अजय कुमार सिन्हा, सुभाष चन्द्र राय, काजल मजुमदार, रामप्रताप साहु, मो. जैनुल आबेदीन, हेमावती देवी एवं सुहावनी बाड़ा द्वारा पेंशनर समाज का सदस्यता ग्रहण किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा नवागंतुक सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में आगामी 17 दिसंबर को मनाये जाने वाले पेंशनर दिवस की चर्चा की गयी। बताया गया कि इस दिन बैंकों के द्वारा पेंशनरों के हित में कार्यक्रम आयोजित किया जाना अपेक्षित है।

बैठक में हिलारियुस तिर्की, महेश प्रसाद गुप्ता,रंथु साहु, जगतपाल भगत, लिटंगु उरांव, कोरोलिना एक्का, हीरालाल सिंह, सुरेन्द्र खड़िया, दीपक लकड़ा, चन्द्रनाथ प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# चाचा ने की मासूम की गला दबाकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता


प्रेम कुमार की फाइल फोटो।

**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ पंचायत के बहेरा गांव निवासी अखिलेश सिंह के 8 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। मृतक के पिता अखिलेश सिंह ने बताया कि मेरा बेटा सोमवार से ही खेलने के क्रम में गायब था। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल चैनपुर पुलिस को दी थी और गांव के ही एक महिला सुनीता देवी पति जमुना सिंह पर अपहरण करने का आशंका जताया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महिला को पूछताछ के लिए थाने लायी पूछताछ करने के बाद महिला ने अपना जुर्म कबूल किया। महिला ने बताया कि कुछ दिन पहले मृतक प्रेम कुमार के दादी ने मेरे 5 महीने के बच्चे को भूत प्रेत लगाकर मार दिया था। इसी बदला को पूरा करने के लिए वह प्रेम कुमार को अगवा कर गला दबाकर हत्या कर दी एवं शव को बगल के अरहर के खेत में फेंक दिया था। महिला के निशानदेही पर पुलिस शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर महिला को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस मामले में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर चैनपुर पुलिस ने टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए शव एवं हत्या करने वालें को गिरफ्तार किया। छापेमारी दल में पुअनि अनिल विद्यार्थी, बाबूलाल दुबे, सअनि रामचंद्र चंद्रवंशी, शहंशाह आलम सिद्दीकी एवं थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।

### भवन निर्माण और राजस्व विभाग की लापरवाही उजागर

# नदी के बीच में बना है उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन

प्रसिद्ध कुमार


बतरे नदी में पानी से घिरा उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्मित भवन ।

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत जहाना में बतरे नदी के बिचोबीच उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण करने का मामला उजागर हुआ है। सड़क से करीब पांच सौ मीटर दूरी पर बतरे नदी में लाखों रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है। नदी में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाना सरकारी रुपयों का दुर्पयोग है। जहां रोगियों और स्वास्थ्य कमीयों को जाने के लिए सड़क की व्यवस्था तक नहीं है। इसमें राजस्व और भवन निर्माण विभाग की लापरवाही बतायी जा रही है। राजस्व और भवन निर्माण विभाग के कुछ अधिकारियों की कमीशनखोरी के चलते नदी में ही भवन निर्माण की बात कही जा रही है। राजस्व विभाग के द्वारा भूमि चयनित कर भवन निर्माण विभाग को मुहैया कराया गया है। वहीं भवन निर्माण विभाग ने निःसंकोच नदी में ही उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण करा दिया। भवन निर्माण विभाग द्वारा यह भी नहीं देखा गया की मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सड़क है भी या नहीं। वर्तमान में नव निर्मित भवन का हाल बेहाल है।

रोगी तो दूर स्वास्थ्य कर्मी भी नहीं जाते हैं। बीते बरसात में उप स्वास्थ्य केंद्र करीब पांच फीट पानी से भरा हुआ था। जिसकी निशानी आज भी बयां कर रही है। भवन परिसर का भरावट बरसात के दौरान पानी से मिट्टी बह गया। जिस कारण चारदीवारी के अंदर तक बने गड्ढे को कभी भी देखा जा सकता है। वहीं ऐसा प्रतीत होता है कि भवन निर्माण के बाद कोई भी अधिकारियों ने सोध भी नहीं लि है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नव निर्मित भवन को महीनों पहले स्वास्थ्य विभाग को सौंप दी गई है। बता दें कि झारखंड सरकार बेहतर स्वास्थ सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अग्रसर है। किंतु ऐसे भवन का क्या औचित्य है कि वहां तक जाने के लिए रास्ता तक नहीं है। यह गंभीर सवाल खड़ा करता है।

इस पर सबंधित विभाग और अधिकारियों की चुप्पी मामले पर पर्दा डालने के समान है। उधर उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण कार्य के संवेदक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा जिस भूमि का चयन कर दिया गया है निर्माण कार्य उसी स्थल पर कराया गया है।

### झारनेट का सर्वर डाउन

# अंचल में म्यूटेशन के 597 मामले पेंडिंग




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** झारनेट सर्वर डाउन होने से हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज संबंधित करीब 597 मामले लंबित हैं। अभी म्यूटेशन व अन्य जमीन सम्बंधित सभी कार्य नही हो पा रहा है।इससे रैयतों को काफी परेशानी हो रही है।इस मामले में राजस्व कर्मी भी कुछ जबाब देने की स्थिति में नही हैं। हालांकि उन्होंने पूरे मामले से राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को अवगत करा दिया है। विदित हो कि आचार संहिता लगने के पहले 29 सितंबर से पूरे राज्य में झारनेट का सर्वर बैठ गया था। चुनाव परिणाम आने के बाद सर्वर तो ठीक हुआ, पर सर्वर डाउन रहने से मामलों का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इसकी मुख्य वजह सर्वर स्लो होना बताया जा रहा है। अधिकारी व कम्प्यूटर ऑपरेटर घंटों लैपटॉप पर बैठकर समय दे रहे हैं, पर काम नहीं हो रहा है। इस वजह अंचल कार्यालय में काम का बोझ दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बता दें कि दाखिल खारिज, जमीन सीमांकन आदि का काम झारनेट के माध्यम से ही होता है। काम नहीं हो पाने के कारण प्रतिदिन सैकड़ों लोग अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने को विवश हैं।इस संबंध में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि सर्वर डाउन रहने की सूचना वरीय पदाधिकारी को लिखित रूप में दिया गया है।

# केएन त्रिपाठी ने अबुआ आवास योजना में रिश्वत लेने के मामला को संज्ञान में लिया

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को पत्र लिखकर रिश्वतखोरी पर कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ पलामू।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के बलहिया निवासी रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने अबुआ आवास के प्रथम किस्त में ब्लॉक कार्यालय में कार्यरत बीएफटी संजय रवि पर 10 हजार रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाई थीं साथ ही दूसरे किस्त में उच्च अधिकारी के नाम पर पुनः 10 हजार का मांग कर रहा था। जिसका मामला दैनिक अखबार में प्रकाशित हुई थीं जिसको संज्ञान में लेते हुए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने राज्य के ग्रामीण विकास सह पंचायती राज के मंत्री दीपिका पांडे सिंह को पत्र लिखकर आग्रह किया हैं कि उप विकास आयुक्त ने रिश्वतखोरी पर मामला दर्ज.कराने का आदेश देकर पुनः चैनपुर थाने से प्रखंड समन्वयक बीरबल कुमार को मामला दर्ज कराने से रोका जिसपर दैनिक अखबार में पुनः दुबारा प्रकाशित हुई जिसे उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए रिश्वतखोरी पर प्राथमिकी दर्ज कराया। इस संदर्भ में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा कि चलाई हुई महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी अधिकारियों के कंधे पर हैं लेकिन अधिकारी रिश्वतखोरी पर प्राथमिकी दर्ज कराने के वजाय बचाने में लगें थें।

# छतरपुर में किसानों के बीच चना बीज और कृषि किट का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर।** किसानों की उत्पादकता और आय में वृद्धि के साथ बीज प्रत्यक्षन के उद्देश्य से कृषि तकनीकी सूचना केंद्र छतरपुर द्वरा आत्मा पलामू की ओर से एक विशेष बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 40 किसानों को चना बीज के साथ नैनो यूरिया राईजोवियम ,पीएसईबी और निमवाईल ,पीपीएम किट वितरित किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान जन सेवक संतोष कुमार बीटीएम सजय कुमार ने किसानों को बेहतर खेती के लिए तकनीकी जानकारी दी। किसान मित्र और एग्रीकल्चर विभाग के प्रतिनिधियों ने भी किसानों को फसल उत्पादन में नई तकनीकों और संसाधनों के प्रभावी उपयोग के बारे में बताया

बीज वितरण का उद्देश्य किसानों को उनकी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करना था। साथ ही, आधुनिक कृषि उपकरण और तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना था। इस पहल से किसानों की आय में वृद्धि की उम्मीद की जा रही है।

किसानों ने सही समय पर बीज उपलब्ध करवाने पर बीटीएम संजय कुमार का आभार व्यक्त किया ।

# ब्रुसली के 84वें जन्मदिन पर मार्शल आर्ट्स महोत्सव का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आर्ट्स के महागुरू ब्रुसली के 84वां जन्मदिन के अवसर पर द मिक़्सड मार्शल-आर्ट्स काउंसिल (युके) के तत्वावधान में प्रथम पलामू जिला मार्शल आर्ट्स ब्रुसली महोत्सव का आयोजन संत मरियम विद्यालय कजरी के प्रागंण में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव उपस्थित थे। पलामू के विभिन्न क्षेत्रों के मुख्य प्रशिक्षकों को पलामू रतन अवार्ड से रंजन प्रसाद (स्केटिंग), अशुतोष कुमार (मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन), सकेंदर प्रजापति (कराटे), नटवर पांडेय (एमएमए), प्रितम चैधरी (ताईकान्डो), अनुपम तिवारी (बॉक्सिंग), श्याम किशोर पाण्डेय (संगीत), सनतन सोनी (नृत्य) नवाजा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश देव ने कहा कि पलामू में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस समय पर प्रशिक्षकों को मान-सम्मान मिलते रहनी चाहिए क्योंकि प्रशिक्षक है जो बच्चों को बेहतर प्रशिक्षण देकर उंचाइ तक पहुंचा सकते है। इसलिए बच्चों को प्रशिक्षको का हमेशा आदर करना चाहिए। यह कार्यक्रम मुख्य प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सैंकड़ों कराटेकार उपस्थित थे।

## स्पोर्ट्स



पूर्वी सिंहभूम की चुमकी मुर्मू ने कैडेट कैटेगरी के अंडर 30 किलो भार वर्ग में और सिमडेगा की एलिन डांग ने सब-जूनियर कैटेगरी के अंडर 37 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

# झारखंड स्कॉय टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर बनायी पहचान



दो महिला खिलाड़ियों ने जीते कांस्य पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्कॉय टीम ने 07 से 09 दिसंबर 2024 तक आयोजित 25वीं कैडेट, सब-जूनियर एवं जूनियर स्कॉय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 02 कांस्य पदक अपने नाम किये। विदित हो कि झारखंड के पदक विजेता खिलाड़ी पहली बार राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लिए थे।

पूर्वी सिंहभूम की चुमकी मुर्मू ने कैडेट कैटेगरी के अंडर 30 किलो भार वर्ग में और सिमडेगा की एलिन डांग ने सब-जूनियर कैटेगरी के अंडर 37 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर झारखंड को गौरवान्वित किया। ये दोनों खिलाड़ी झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहीं।

झारखंड स्कॉय टीम की इस सफलता पर स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के डॉ. राजेश गुप्ता, वेदांत कौस्तव, नीतीश सिंह, लाल मनीष नाथ शाहदेव, परवाज खान, मो. आमिर, रफिया नाज, रोहित यादव, नीरज वर्मा, ज्योत्सना केर-केट्टा, कीर्ति कुमार, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, प्रशांत पाठक, और अभिषेक शुक्ला समेत कई पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

वेदांत कौस्तव ने कहा, चुमकी और एलिन की इस उपलब्धि से राज्य के अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। यह झारखंड की प्रतिभाओं का प्रमाण है, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम और लगन से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। झारखंड स्कॉय टीम के सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने इस सफलता को टीम वर्क और लगातार प्रयास का परिणाम बताया। स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड ने भविष्य में राज्य के खिलाड़ियों को और बेहतर मंच देने का संकल्प लिया है।

# साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 109 रनों से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए। डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाये। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

# वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में लिरेन की वापसी, गुकेश को हराया

एजेंसी

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारत के डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा रहा है।

सिंगापुर में भारत के डी गुकेश और चीन के डिंग लिरेन के बीच वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा रहा है।

भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 12वें गेम में हार का सामना करना पड़ा है। डिफेंडिंग चैंपियन लिरेन को 11वें गेम में हार मिली थी। उन्होंने अब सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। 12वें गेम के बाद वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में स्कोर 6-6 से बराबरी पर पहुंच गया।

रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। 14 गेम के फाइनल में अब 2 ही गेम बाकी रह गए हैं। चैंपियन बनने के लिए खिलाड़ी 7.5 पॉइंट्स तक पहुंचना होगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार।

प्रेस विज्ञप्ति

मेसर्स शिव सागर कन्स्ट्रक्शन, ग्राम – पीपरडीह, पो0 – लमरीकला, थाना – कांडी, जिला – गढ़वा, संवेदक को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का पत्रांक 389 दिनांक 10.05.2018, पत्रांक 641 (अनु0) दिनांक 11.07.2018, पत्रांक 1237 दिनांक 26.11.2018, पत्रांक 450 दिनांक 01.04.2019, पत्रांक 542 दिनांक 22.04.2019, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 583 (अनु0) दिनांक 03.05.2019, इस कार्यालय का पत्रांक 1621 दिनांक 24.12.2019, पत्रांक 386 दिनांक 27.06.2020, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 845 (अनु0) दिनांक 24.11.2020, पत्रांक 350 दिनांक 27.04.2022, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 572 (अनु0) दिनांक 15.07.22 पत्रांक 674 दिनांक 05.08.2022, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 147 (अनु0) दिनांक 16.02.2023, प्रेस विज्ञप्ति का पत्रांक 746 (अनु0) दिनांक 19.06.2023 के द्वारा बार–बार सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नही किया गया है। जिला योजना अनाबद्ध निधि योजनान्तर्गत किये गये कार्य का एकरारनामा के शर्तो के तहत एकरारनामा के विखण्डन एवं निबंधन को कालीसूची में डालने की कार्रवाई करने के पूर्व आपके द्वारा किये गये कार्यो का अद्यतन अंतिम मापी निम्न सूची के अनुसार दर्ज तिथि को संबंधित कनीय अभियंता द्वारा ली जायेगी। उक्त तिथि को आप या आपके द्वारा प्रतिनियुक्त प्राधिकृत प्रतिनिधि स्थल पर उपस्थित रहेंगें। अगर उपस्थित नही रहते हैं तो भी अंतिम मापी ले ली जायेगी जो आपको मान्य होगा एवं भविष्य में आपके द्वारा किया गया किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

| क्र0 | योजना का नाम | संवेदक का नाम | कार्यपूर्ण करने की तिथि | अंतिम मापी की तिथि | मापी करने वाले अभियंताओं का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखंड महुआडांड के ग्राम परही नावाटोली में पी0डब्लू0डी0 रोड से नावाटोली तक पथ निर्माण। | मेसर्स षिव सागर कन्स्ट्रक्षन | 14.05.18 | 12.12.2024 | श्री बिनकोष खेस्स, कनीय अभियंता। श्री अवधेष कुमार, सहायक अभियंता |

एकरारनामा के समय दिये गये पते पर भी इसकी एक प्रति भेजी जा रही है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 341536 (REO) 24-25 (D)

कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 19/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :– डी0एम0एफ0टी0 (501/विकास, दिनांक 08.10.24)

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | चतरा | सिमा | लखन सिंह (प्रभु राम) के घर से शिव मंदिर होते हुए सती स्थान तक पीसीसी पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 5993700 | 10000 | 120000 | 06 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14/12/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 16.12.2024 से 23.12.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 26.12.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.341571 District(24-25):D

# बारिश में सड़क निर्माण



## - पेटरवार-गोमिया सड़क पर निर्माण ठेकेदार की मनमानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पेटरवार।** बोकारो पथ प्रमंडल अंतर्गत पेटरवार से गोमिया तक (26.20 किमी) के राइडिंग क्वालिटी को सुधार करने के लिए सड़क का कालीकरण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें भारी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। सोमवार को मूसलाधार बारिश के बीच सड़क निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से कराया जा रहा था। इस दौरान ठेकेदार को ना ही किसी अधिकारी और ना ही जनप्रतिनिधि का खौफ था। बेधड़क सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश में सड़क निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे कालीकरण की गुणवत्ता प्रभावित होती है। भारी बारिश के बावजूद ठेकेदार ने ग्रामीणों की आपत्तियों को नजरअंदाज कर मनमाने तरीके से काम जारी रखा। ग्रामीण ने कहा बारिश के दौरान निर्माण कार्य करना अनियमितताओं की ओर संकेत करता है। ठेकेदार जैसे-तैसे काम पूरा कर पैसे की बंदरबांट करने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मूसलाधार बारिश के बीच इस तरह के काम से सड़क की उम्र कम हो जाएगी और जल्द ही यह क्षतिग्रस्त हो सकती है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मामले की जांच कर ठेकेदार पर उचित कार्रवाई की जाए। लोगों ने कहा कि सरकार और प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क निर्माण के लिए निर्धारित गुणवत्ता मानकों का सख्ती से पालन हो। वहीं, सड़क निर्माण के विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के दौरान कालीकरण करना तकनीकी दृष्टिकोण से अनुचित है। ऐसा करने से डामर और सामग्री सही ढंग से नहीं बैठ पाती, जिससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर असर पड़ता है।

दूसरी ओर, मामले पर विभाग के एसडीओ रत्नेश्वर दास ने कहा कि सड़क के कार्य को बंद कर दिया गया है और बारिश के बीच जो भी कार्य किया गया है उसकी जांच की जाएगी। अगर सड़क खराब होगी तो सड़क को पुनः बनाया जाएगा।

## आइआइटी आइएसएम के 99 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

# माइनिंग के क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आयें: राज्यपाल

### कहा- प्रधानमंत्री के विकसित भारत लक्ष्य में आइआइटी आइएसएम का रहेगा महत्वपूर्ण योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता



आइआइटी-आइएसएम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल राज्यपाल व अन्य।

**धनबाद।** जिले के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आइआइटी आइएसएम सोमवार को 99 साल का हो गया। संस्थान ने इस दिन अपना 99वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल संतोष गंगवार भी शामिल हुए। इनके अलावा कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद एवं दुगार्पुर-बर्नपुर सेल के निदेशक विजिंदर प्रताप सिंह भी उपस्थित हुए। आइआइटी आइएसएम पहुंचने पर जिला प्रशासन ने राज्यपाल को गॉड ऑफ ऑनर दिया। आइआइटी आइएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर प्रो धीरज कुमार, डीसी माधवी मिश्रा और एसपी (ग्रामीण) कपिल चौधरी ने राज्यपाल का स्वागत किया। वहीं, राज्यपाल ने पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। जबकि संस्थान ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि देश की आजादी के पहले से ऐसे संस्थान देश की विकास के लिये कार्य कर रहे हैं। उन्होंने माइनिंग के क्षेत्र में महिलाओं को भी आगे आने को कहा। राज्यपाल ने कहा कि आइआइटी आइएसएम के 99 वां स्थापना दिवस में आकर अच्छा लगा है। बताया कि उनके पुत्र आइआइटी रूढ़की में पढ़ रहे है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में आइआइटी आइएसएम का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। माइनिंग में संस्थान अपना योगदान दे रही है। सभी अच्छे से अपनी पढ़ाई करें।

# झारखंड पुलिस के हवलदार की गोली लगने से हुई मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** टुंडी थाना अंतर्गत सीआरपीएफ कैंप में तैनात झारखंड पुलिस के हवलदार की गोली लगने से मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी अजीत कुमार, सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी समेत पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी अस्पताल पहुंच गये। मृतक की पहचान नंदकिशोर सिंह के रूप में हुई। वह पलामू जिले का रहने वाला था। उनकी पोस्टिंग टुंडी थाना में हवलदार के पद पर हुई थी। सीटी एसपी अजीत कुमार ने बताया कि टुंडी थाना के सेट में हवलदार नंदकिशोर सिंह तैनात था। जहां गोली लगने से उसकी मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं, टुंडी थाना में तैनात हवलदार सुखेंद्र प्रसाद ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सीआरपीएफ कैंप सैट में हवलदार नंदकिशोर की तैनाती थी। सोमवार की सुबह उठने के बाद वह राइफल साफ कर रहा था। तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। सभी लोग भागे-भागे पहुंचे तो नंदकिशोर जमीन पर पड़ा था और उसे गोली थी। उसे तुरंत सीएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं, पुलिस मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस घटना पर दुख जताया है। साथ ही घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है।

## वेस्ट मोदीडीह में डीजल चोरों का उत्पात, डंपर ऑपरेटर व मजदूर को जमकर पीटा

**तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्र के वेस्ट मोदीडीह में इन दिनों लोहा, कोयला और डीजल चोरों का आतंक चरम पर है। ताजा मामला रविवार की रात वेस्टमुडीडीह हाजिरी घर के बाहर व पार्किंग स्थल के समीप देखने को मिला। यहां डीजल चोरी करने आये दर्जनों बदमाशों ने कार्य में बाधा पहुंचाने पर डंफर चालक रामप्यारे भुइंया और जेनरल मजदूर मो वारिस की बुरी तरह पिटाई कर दी। इस घटना के बाद सहयोगियों ने तत्काल उसे उठाकर इलाज के लिए कतरास स्थित क्षेत्रीय अस्पताल तिलाटांड ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद केंद्रीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर, मारपीट की घटना के बाद कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर कुछ देर के लिए कार्य बहिष्कार कर दिया, लेकिन अधिकारी के समझाने के बाद वे लोग पुनः कार्य पर वापस लौट गये। वहीं, थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव ने लिखित शिकायत नहीं किये जाने की जानकारी दी है।

## गोमिया बीडीओ ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पकियाटांड़ स्थित नव प्राथमिक विद्यालय का सोमवार को बीडीओ महादेव कुमार औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के उपस्थिति पंजी, छात्र-छात्राओं की संख्या एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही विद्यालय में विद्यार्थियों को मिलने वाले मध्याह्न भोजन का भी निरीक्षण कर बेहतर भोजन देने का निर्देश दिया। उन्होंने यहां कार्यरत शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता बरकरार रखने का निर्देश दिया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ इस्कॉन में विशेष प्रार्थना सभा




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेशी में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध सोमवार को इस्कॉन कुसुम विहार में विशेष प्रार्थना आयोजित की गयी। जिसमें सभी ने हरि नाम जाप एवं कीर्तन कर भगवान से बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा के लिए प्राथना की गयी। साथ ही सभी देशवासियों को एक होने का निवेदन किया। इस्कॉन कुसुम विहार प्रबंधक सुंदर गोविंद प्रभु ने सभी भक्तों से आग्रह किया कि वो धर्म को समझे, अपने ग्रंथों का अध्ययन करें और एक रहे। अगर सभी सनातनी विभिन्न जात या समाज में ना बंटकर एक रहें तो एक सकारात्मक विचार का माहौल बनेगा और सभी अपने धर्म की रक्षा कर सकेंगे।

## आरोपित को बेल मिलने के विरोध में जिला जज एव एलएडीसीएस चीफ से मिले अधिवक्ता



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नेहा वर्मा की चीता की आग अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि बार एसोसिएशन प्रेसिडेंट के रेजोल्यूशन निकालने के बाद भी एलएडीसीएस के अजय भट्ट द्वारा आरोपित का जमानत कराये जाने के विरोध में सोमवार को अधिवक्ता गजेंद्र की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने सबसे पहले एलएडीसीएस चीफ से मिलकर विरोध दर्ज कराया। उनकी ओर से अपने अधीनस्थ सभी को निर्देशित करते हुए आगे से अधिवक्ता के मामले में इस प्रकार की गलती नहीं करने का निर्देश दिया। इसके बाद अजय भट्ट ने गलती स्वीकारते हुए माफी मांगी और भविष्य में इसकी पुनर्रावृत्ति नहीं करने का वचन दिया। उसके बाद सभी अधिवक्ता डालसा सचिव से मिले और जल्द जमानत होने का विरोध दर्ज किया। उसके बाद प्रधान सत्र एवं जिला न्यायाधीश के पास गजेंद्र सहित सभी अधिवक्ता गए और मुखर होकर कहा कि उत्तम आनंद के मामले में सभी अधिवक्ता ने अपना नैतिक समर्थन देते हुए जज हत्याकांड में कोई ॉभी केस लड़ने के लिए खड़ा नहीं हुआ। जबकि डालसा ने मात्र तीन दिन में अधिवक्ता नियुक्त कर दिया, जिस कारण अपराधी को जमानत मिल गई। मांग की गयी कि मुआवजे की रकम बहुत कम मिली हैं जिसके लिए अन्य ठोश कदम उठाया जाय, ताकि नेहा वर्मा के तीन छोटे-छोटे बच्चों का भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। मौके पर अधिवक्ता सूरज सिंहा, आइए खान, चिरंजीत, अनिल त्रिवेदी, ललन गुप्ता, बिजेंद्र कुमार, किशोर यादव और संजय दे थे।

## बाघमारा अंचल कार्यालय में लूट-भ्रष्टाचार के खिलाफ आज से रैयतों का धरना

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा अंचल कार्यालय में लूट और भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। विशेष कर जमीन संबंधित मामलों में जमकर पैसों का खेल होता है। फरियादी रैयत जमीन संबंधित मामलों को लेकर अंचल कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं। ग्राम स्वराज अभियान के जगत महतो ने बताया कि अंचल कार्यालय में जमीन संबंधी शिकायत का निवारण हल्का कर्मचारी/अधिकारी द्वारा सामान्यत नहीं किया जाता। दलाल के माध्यम से रिश्वत देने के बाद ही रैयत का काम होता है। कुछ महीने से रैयत मुसीब अख्तर खान, सुमित्रा देवी, अरविंद सिन्हा, विशाल कुमार महतो, तीता कुमारी उर्फ लक्ष्मी देवी, कैलाश रजवार, कमल महतो, दिलीप महतो आदि परेशान हैं। इसी के विरोध में आज से धरना शुरू होगा।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

69वीं औपबंधिक सूची
जिला–पलामू (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रामरतन कुमार मेहता एवं शंखनाथ सिंह द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा झामुमो की वर्ष 1995 की बैठक पार्टी में नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–498/24 2. आवेदक–अखिलेश्वर महतो , पिता–सुर्यनाथ महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–81 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–499/24 2. आवेदक–जनेश्वर महतो, पिता–स्व0 हरीहर महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–सत्येन्द्र महतो, पिता–रामदास महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–महेन्द्र महतो, पिता–स्व0 रामनारायण महतो<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–502/24 2. आवेदक–शशिकांत विश्वकर्मा पिता–बचन विष्वकर्मा<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–503/24 2. आवेदक–अशोक पासवान, पिता–रामधारी राम<br>3. ग्राम–बाबू दुम्बी , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के उंगली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–504/24 2. आवेदक–प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, पिता–रामरतन मिस्त्री<br>3. ग्राम–ठकुराई, दिदरी , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–505/24 2. आवेदक–कलिंदा देवी, पति–प्रभाष महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में गहरा निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–506/24 2. आवेदक–ललिता देवी, पति–सत्येन्द्र महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर मासा। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–507/24 2. आवेदक–मीना देवी, पति–शंभु कुमार महतो<br>3. ग्राम–बनुआँ , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–जांघ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–508/24 2. आवेदक–प्रमिला देवी, पति–अशोक पासवान<br>3. ग्राम–बाबू दुम्बी , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ के उंगली में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–509/24 2. आवेदक–रामनेती देवी, पति–सच्चिदानंद गिरि<br>3. ग्राम–पचमो , पोस्ट–सांगबार , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–510/24 2. आवेदक–रामस्वरूप महतो, पिता–शिवनाथ महतो<br>3. ग्राम–नौडीहा , पोस्ट–धनगांव , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–511/24 2. आवेदक–उदय कुमार महतो, पिता–गणेश महतो<br>3. ग्राम–नौडीहा , पोस्ट–धनगांव , थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–घुटने में पैर में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–512/24 2. आवेदक–रविन्द्र कुमार मेहता, पिता–रूपधारी महतो<br>3. ग्राम–पिपरा , पोस्ट–रांकीकलां , थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–513/24 2. आवेदक–चिंता देवी, पति–बिरेन्द्र कुमार मेहता<br>3. ग्राम–सलगस , पोस्ट–सगालीम , थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–महिला, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें ललाट पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–127/24 2. आवेदक–कपिलदेव महतो, पिता–गणेश महतो<br>3. ग्राम–मदगड़ी , पोस्ट–कंजीया , थाना–भण्डरिया , प्रखण्ड–भण्डरिया<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–514/24 2. आवेदक–किषोर कुमार महतो, पिता–दिपन महतो<br>3. ग्राम–सोले , पोस्ट–गहरपथरा , थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–515/24 2. आवेदक–कामेष्वर महतो, पिता–उदय महतो<br>3. ग्राम–कोल्हुआ , पोस्ट–रोल , थाना–नावा जयपुर , प्रखण्ड–नावा जयपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर के पास तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री अरूण कुमार दुबे, अजय बक्स राय, श्यामलाल सिंह एवं लक्ष्मण ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेष्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–मोहम्मद मुस्तफा अंसारी , पिता–स्व0 रमजान अली<br>3. ग्राम–साहद , पोस्ट–गुरूआ, थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में सफेद दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–फुलपति देवी , पति–दिपनारायण प्रसाद<br>3. ग्राम–काचन टोला, गुरियाही , पोस्ट–रामगढ़ , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–मोहम्मद शमीम , पिता–मो0 शेखावत हुसैन<br>3. ग्राम–षाहपुर मंसुरी महल्ला , पोस्ट–चैनपुर, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां तरफ गर्दन पर तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–500/24 2. आवेदक–रामअवतार सिंह , पिता–स्व0 रामवृक्ष सिंह<br>3. ग्राम–सोहरी , पोस्ट–घुटवा, थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अशोक कुमार सिंह एवं रहमतुल्ला अंसारी द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–516/24 2. आवेदक–बेनी माधव सिंह , पिता–स्व0 मुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–पाल्हेकलां , पोस्ट–पाल्हेकलां, थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें आंख के नीचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–517/24 2. आवेदक–सनमत सिंह , पिता–स्व0 मुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–पाल्हेकलां , पोस्ट–पाल्हेकलां, थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–518/24 2. आवेदक–उदयनाथ महतो , पिता–गणेशी महतो<br>3. ग्राम–गाड़ीखास , पोस्ट–गाड़ीखास, थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–519/24 2. आवेदक–अशोक प्रसाद , पिता–राजकुमार साव<br>3. ग्राम–मझिगांव , पोस्ट–लामीपतरा, थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–520/24 2. आवेदक–वषिष्ठ नारायण उराँव उर्फ बलराम उराँव ,<br>पिता–रामनाथ उराँव<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौं के बीच तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–521/24 2. आवेदक–रेहाना बीबी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 खुर्षीद अहमद (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–522/24 2. आवेदक–षांति देवी (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 अषोक मांझी (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–पिण्डरहे , पोस्ट–चांदो, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाढ़ी में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–523/24 2. आवेदक–आलम अंसारी , पिता–स्व0 मोईनुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–524/24 2. आवेदक–प्रवेज अख्तर , पिता–स्व0 खलिल हुसैन<br>3. ग्राम–चियांकी , पोस्ट–चियांकी, थाना–सदर मेदिनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बालकिशुन उराँव एवं दाउद केरकेट्टा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–525/24 2. आवेदक–अनवर मियां , पिता–स्व0 अजमत मियां<br>3. ग्राम–दीनाबार पोस्ट– रामगढ, थाना–रामगढ, प्रखण्ड–रामगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने घुटना पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–526/24 2. आवेदक–मो0 मंजीद अंसारी , पिता–स्व0 अब्दुल गफूर अंसारी<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ, प्रखण्ड–रामगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–527/24 2. आवेदक–शंकर प्रजापति , पिता–विश्वनाथ प्रजापति<br>3. ग्राम–मुसुरमु , पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ, प्रखण्ड–रामगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–528/24 2. आवेदक–सुर्यदेव मांझी , पिता–शुकेश्वर मांझी<br>3. ग्राम–सेमरा, पोस्ट–सेमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल पर काला निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–529/24 2. आवेदक–सुशील डोडराय , पिता–जोसेफ डोडराय<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–नावाडीह, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–530/24 2. आवेदक–निजामुद्दीन अंसारी , पिता–ओहिद अंसारी<br>3. ग्राम–लिधकी पश्चिमी , पोस्ट–कटुवल, थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–531/24 2. आवेदक–मुमताज अंसारी , पिता–सुभान अंसारी<br>3. ग्राम–झाबर , पोस्ट–झाबर , थाना–मेदिनी नगर , प्रखण्ड–मेदिनी नगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–532/24 2. आवेदक–सुशील कुमार शरण , पिता–रघुविर शरण<br>3. ग्राम–चेचन्हा , पोस्ट–राजहरा , थाना–नावाबाजार, प्रखण्ड–नयाबाजार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–533/24 2. आवेदक–धन्नजय कुमार तिवारी, पिता–राम नारायण तिवारी<br>3. ग्राम–उत्तरी रेड़मा , पोस्ट–चियाँकी , थाना–मेदिनीनगर, प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें नाक पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–534/24 2. आवेदक–गिता देवी , पति–दीनानाथ सिंह<br>3. ग्राम–अवशाने, पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–63 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–535/24 2. आवेदक–ललन चौधरी , पिता–स्व0 रामदेव चौधरी<br>3. ग्राम–गांगी , पोस्ट–कटुअल , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आँख के चिने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–536/24 2. आवेदक–लक्ष्मण राम , पिता–रामकेश राम<br>3. ग्राम–कुदागा खुर्द , पोस्ट–सोमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–छाती के दाहिने तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–537/24 2. आवेदक–कमला देवी , पति–महेन्द्र राम<br>3. ग्राम–शाहपुर, पोस्ट–शाहपुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें आंख पर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–538/24 2. आवेदक–सकीना बीबी , पति–ग्यासुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–काचन , पोस्ट–रामगढ़, थाना–रामगढ़, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–539/24 2. आवेदक–रामजी सिंह , पिता–बद्री सिंह<br>3. ग्राम–बन्दुआ , पोस्ट–शाहपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–540/24 2. आवेदक–विश्वनाथ भारती , पिता–बितन भारती<br>3. ग्राम–नावाडीह , पोस्ट–नावाडीह , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बाये नाक के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–541/24 2. आवेदक–राजकुमार उराँव , पिता–स्व0 तुलसी उराँव<br>3. ग्राम–खुरार्खुद , पोस्ट–सोमरा , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने पैर के घुटने पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–542/24 2. आवेदक–कमला देवी , पति–कामेश्वर पासवार<br>3. ग्राम–रजहारा , पोस्ट–चान्दो, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–543/24 2. आवेदक–प्रभावती देवी , पति–उदय यादव<br>3. ग्राम–कुदागा खुर्द , पोस्ट–सोमरा, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–544/24 2. आवेदक–पन्ना देवी , पति–शिवकेश्वर प्रजापति<br>3. ग्राम–कुदागा कला , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें आंख के बगल मे मस्सा। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–545/24 2. आवेदक–मो0 रेयासत अंसारी , पिता–मोसकत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–546/24 2. आवेदक–फजायल अहमद , पिता–अब्दुल सत्तार<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–नाभी के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–547/24 2. आवेदक–मो0 कलिम अंसारी , पिता–मो0 मोस्कत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने बांह के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–548/24 2. आवेदक–श्रीपति देवी , पति–जगेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–पतरिया खुर्द, पोस्ट–कटुवल , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–549/24 2. आवेदक–सुमति देवी , पति–सीताराम सिंह<br>3. ग्राम–बसरिया , पोस्ट–चान्दो , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन के बायें मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–550/24 2. आवेदक–अब्दुल मोतालिब अंसारी , पिता–मो0 मोस्कत मियाँ<br>3. ग्राम–नेउरा , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें कंधे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–551/24 2. आवेदक–सुमित्रा देवी , पति–बाल मुकुन्द सिंह<br>3. ग्राम–पतरिया काला , पोस्ट–कटुबल , थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–महिला, आयु–56 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–552/24 2. आवेदक–अफजल हुसैन, पिता–अब्दुल सत्तार<br>3. ग्राम–लादी , पोस्ट–चैनपुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नही है। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच षिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

PR 341547 Home(24-25).D

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य
(नरसिंह मुर्मू) सदस्य
(दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

# पीएम मोदी ने 'बीमा सखी योजना' को किया लांच

## महिला सशक्तिकरण में होगा अहम योगदान



आजाद सिपाही संवाददाता

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यहां भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) की बीमा सखी योजना की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार दोगुनी रफ्तार से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन और भी वजहों से विशेष है। आज नौ तारीख है, शास्त्रों में नौ अंक को बहुत शुभ माना जाता है। नौ अंक नवदुर्गा की नव शक्तियों से जुड़ा है। नौ दिसंबर के दिन ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। आज जब देश संविधान के 75 वर्ष का महोत्सव मना रहा है, नौ दिसंबर की यह तारीख हमें समानता और विकास को सर्वस्पर्शी बनाने की प्रेरणा देती है।

पीएम मोदी ने कहा कि अभी यहां देश की बहनों-बेटियों को रोजगार देने वाली 'बीमा सखी योजना' का शुभारंभ किया गया है। मैं देश की सभी बहनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कुछ वर्ष पहले मुझे पानीपत से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था। इसका सकारात्मक प्रभाव हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में हुआ। अब 10 वर्ष बाद इसी पानीपत की धरती से बहनों-बेटियों के लिए 'बीमा सखी योजना' का प्रारंभ हुआ है। हमारा पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। जब नारी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वो देश के सामने अवसरों के नये द्वार खोल देती हैं। लंबे समय तक हमारे देश में ऐसे अनेक काम थे, जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की हमारी सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे, यानी महिलाएं बैंकिंग सुविधाओं से कटी हुई थीं। इसलिए हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाये। आज मुझे गर्व है कि जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू हो रहा है, यानी जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है। आज देश भर की 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उनसे जुड़ कर महिलाओं की कमाई हो रही है। बीते 10 वर्ष में हमने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आठ लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी है।

# भद्रक रेलवे स्टेशन के मुख्य यार्ड में पुनर्निर्माण कार्य शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** देश के प्रमुख स्टेशनों के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण की भारतीय रेलवे की बड़ी योजना के हिस्से के रूप में भद्रकर रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यार्ड पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। पूर्व तट रेलवे रेल नेटवर्क का एक प्रमुख केंद्र इस परियोजना का लक्ष्य इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर परिचालन दक्षता बढ़ाना और ट्रेन प्रबंधन में सुधार करना है।

भद्रक रेलवे स्टेशन क्षेत्रीय रसद और यात्री परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो पूर्व तट रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्टेशनों में से एक है। इस आधुनिकीकरण परियोजना से न केवल स्टेशन की संचालन क्षमता में वृद्धि होगी बल्कि यात्रियों और माल यातायात के लिए अधिक सुव्यवस्थित, कुशल रेल सेवा भी सुनिश्चित होगी। एक बार पूरा हो जाने पर, यात्री सुचारू ट्रेन संचालन, प्रतीक्षा समय कम होने और समग्र सेवा गुणवत्ता में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं।

भद्रक-रानीताल रेलवे खंड में तीसरी लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। भद्रक रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के सुचारू रूप से गुजरने के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जायेगा। इसके अलावा, व्यापक यार्ड पुनर्निर्माण जैसे अन्य चल रहे कार्यों में बे लाइन, लोको रिवर्सल लाइन और निरीक्षण कैरिज साइडिंग को स्थानांतरित करना शामिल होगा। इस आधुनिकीकरण कार्य के हिस्से के रूप में बे लाइन को एक पूर्ण लंबाई वाले प्लेटफॉर्म तक भी विस्तारित किया जायेगा। परियोजना में अधिक समय लगने के कारण ट्रेन सेवाओं को केवल 10 दिनों के लिए आंशिक रूप से प्रभावित करने की योजना है। भारतीय रेलवे बढ़ती यात्री मांग, क्षेत्रीय विकास और राष्ट्रीय रसद आवश्यकताओं के अनुरूप बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सतर्क रेल कर्मचारी सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** अमूल्य ज्योति राउतराय, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/ सी एंड डब्लू/ कंट्रोल/ संबलपुर, सदासिब प्रधान, स्टेशन मास्टर, नुआपाड़ा रोड और रंजीत कुमार, प्वॉइंट्स मैन-बी, नुआपाड़ा रोड को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, तुषार कांत पांडे ने आनंद सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, संबलपुर, अखिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, दीपक परशरामपुरिया, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# एससीबी में नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख ठगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। कटक एससीबी में विभिन्न एजेंसियों में नौकरी दिलाने का वादा करके 20 से 25 अभ्यर्थियों से 10 लाख 50 रुपये की ठगी की गई। फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने वाली फर्जी कंसल्टेंसी कंपनी के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी दो भाई हरप्रीत महांति और अरिजीत महांति हैं। पुलिस ने इनके पास से 10 हजार रुपये, हार्ड डिस्क, कार, स्कूटी और नौकरी के कुछ फर्जी कागजात बरामद किये हैं। पुलिस जांच कर रही है कि इस घटना में और कौन कौन शामिल है।**

# महिला के घर से ब्राउन शुगर के साथ 20 लाख रुपये से अधिक नोट बरामद



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** भद्रक टाउन पुलिस ने सोमवार को ब्राउन शुगर बेचने वाली एक महिला के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने भद्रक नगर पालिका के अंतर्गत एलखा नयानगर में एक किराये के घर पर अचानक छापा मारा और ब्राउन शुगर जब्त की। इस संपर्क में एसपी से शिकायत की गयी थी कि पिछले कुछ दिनों से किराए के मकान में बहुत सारी अवैध गतिविधियां चल रही हैं। शिकायत के मुताबिक, भद्रक एसपी के निर्देश पर एडिशनल एसपी अंशुमान द्विवेदी के नेतृत्व में भद्रक टाउन पुलिस और पुरानी बाजार पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस मामले में शामिल एक महिला को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हालांकि, छापेमारी में जब्त पैसों की गिनती की जा रही है। सूचना मिला है कि करीब 20 लाख से अधिक कैश मिला है।

# ब्लैकबोर्ड के स्कॉलरशिप टेस्ट में उमड़ी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के बच्चों के लिए उत्तम शिक्षा का पर्याय बन चुका रांची का सबसे प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान द ब्लैकबोर्ड ने रविवार को कक्षा 11वीं से 12वीं में जा रहे बच्चों के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन संत अलोइस हाइस्कूल, मिडिल स्कूल एंड इंटर कॉलेज में किया। इस अवसर पर सीबीएसइ, आइसीएसइ और जेपीएससी बोर्ड के 3093 बच्चों ने टेस्ट में भाग लिया। यह टेस्ट 1:30 घंटे का था। इसमें बच्चों को फिजिक्स, कैमेस्ट्री, मैथ और बॉयोलॉजी के 25-25-25 बहुविकल्पी सवाल पूछे गये थे।

संस्थान के निदेशक बिनय सर ने बताया कि द ब्लैकबोर्ड हर साल यह परीक्षा गरीब पृष्ठभूमि से आनेवाले प्रतिभाशाली बच्चों को पढ़ाई में प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित करता है। द ब्लैकबोर्ड हर साल 70-80 गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है और सैकड़ों गरीब बच्चों को फीस में रियायत भी देता है।

इस अवसर पर संस्थान के बच्चों में गजब का ऊर्जा और जोश देखा गया। बच्चों ने बताया कि परीक्षा के सवाल थोड़ा उलझाने वाले थे, लेकिन थोड़ा सोचने पर सारे सवाल बन गये।

# सोआ में अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन 14 से



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित आयुर्विज्ञान संस्थान और सम अस्पताल फिजियोथेरेपी विभाग, इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपी (आइएपी) उत्कल शाखा और आइएपी की महिला शाखा द्वारा 14 और 15 दिसंबर को सोआ परिसर में एक अंतरराष्ट्रीय फिजियोथेरेपी सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइएसएस एंड सम अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार ने जानकारी दी। इस अवसर पर सम अस्पताल के फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख और सम्मेलन के आयोजक अध्यक्ष और आइएपी ओड़िशा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष, डॉक्टर स्थितिप्रज्ञा दल बेहरा ने कहा कि इस सम्मेलन का विषय एडवैंसमेट इन फिजियोथेरेपी इन न्यूरोमस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर। डॉ दलबेहेरा ने कहा कि सम्मेलन में न्यूरोलॉजिकल रोगों और दुर्घटनाओं से पीड़ित रोगियों के फिजियोथेरेपी उपचार, महिलाओं के स्वास्थ्य, कई शारीरिक कष्ट जिन्हें मनुष्य चुपचाप सहता है और बच्चों में फिजियोथेरेपी के महत्व पर विस्तार से चर्चा की जायेगी।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**